12 अगस्त 2024 सोमवार

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



श्रावण मास की शुभकामनाएं



आरा में बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक साथ तीन दोस्तों की मौत

2



## बम धमाके में पूर्व विधायक की पत्नी की मौत

### मणिपुर के कांगपोकपी का मामला



**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक बम विस्फोट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बम विस्फोट शनिवार शाम सैकुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के निकट स्थित एक घर में किया गया। उनकी पत्नी का नाम सपम चारुबाला बताया जा रहा है। बता दें कि सपम चारुबाला पूर्व विधायक की दूसरी पत्नी थी। अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी देते हुए आगे बताया कि हादसे में सपम चारुबाला विस्फोट में घायल हो गईं और उन्हें सैकुल में एक स्वास्थ्य सुविधा में ले जाया गया, इसके बाद उनकी मौत हो गई। जब विस्फोट हुआ तो हाओकिप भी अपने घर में थे लेकिन इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई।

59 साल की चारुबाला हाओकिप मैतेई समुदाय से थीं। कुकी-जोमी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले के एकौ मुलम में रहती थीं। वहीं उनके पति 64 वर्षीय यमथोंग हाओकिप ने पहले 2012 फिर 2017 में दो बार कांग्रेस के टिकट पर सैकुल सीट जीती थी। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो गए थे। बम किसने लगाया, इस बात का अभी तक पता नहीं चला है। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## रेप और हत्या से गुस्से में डॉक्टर, आज देशव्यापी हड़ताल का ऐलान



**एजेंसी/कोलकाता**

कोलकाता में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में सोमवार 12 अगस्त को पूरे देश में डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। सभी अस्पतालों में वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थगित रहेंगी। इससे सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकती है। हालांकि, हड़ताल से आपातकालीन सेवाओं को बाहर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन इंडिया ने रविवार को देश के स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक पत्र जारी कर कहा कि रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ इतिहास में पहली बार इतनी जघन्य वारदात हुई है। इसे किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन के अनुसार, यह मामला केवल कोलकाता के डॉक्टरों तक सीमित नहीं है। पूरे देश के डॉक्टर उनके साथ खड़े हैं। संगठन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने के साथ दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

### लेडी डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को एक ट्रेनी डॉक्टर से दरिंदगी और फिर उसकी हत्या ने राज्य को हिलाकर रख दिया है। मिली खबर के मुताबिक लेडी डॉक्टर से पहले रेप किया गया, फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। बता दें कि लेडी डॉक्टर सेमिनार हॉल में बिहोश मिली थी, उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाने का निर्देश दिया गया है। अगर जरुरत पड़ी तो आरोपियों को फांसी दी जाएगी। इधर, कोलकाता में मेडिकल छात्रों का गुस्सा फूट निकला है। उन्होंने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लेडी डॉक्टर के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इससे साफ जाहिर है कि उसकी हत्या हुई है। छात्रों का आक्रोश लगभग पूरे राज्य में देखा जा रहा है। ममता बनर्जी ने कहा है कि ये मेरी व्यक्तिगत क्षति है। कोलकाता पुलिस अधिकारी के मुताबिक, घटना शुक्रवार सुबह 3 बजे से 6 बजे के बीच की है। पीड़िता का शव अर्धनग्न हालत में मिला था। इधर, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने बलात्कार के मुकदमों को सात दिनों के भीतर पूरा करने के लिए एक अध्यादेश या विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने इस मुद्दे के राजनीतिकरण की आलोचना की और त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया।

### फसलों पर कम होगा जलवायु परिवर्तन का असर, होगी ज्यादा उपज

## पीएम मोदी का किसानों को तोहफा, 61 फसलों की 109 उन्नत किस्में जारी की

- दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पीएम मोदी ने किसानों और कृषि वैज्ञानिकों से किया संवाद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को किसानों को बड़ा तोहफा दिया। पीएम मोदी ने 61 फसलों की 109 उन्नत किस्में जारी कीं। इन फसलों पर जलवायु परिवर्तन का असर कम होगा। ज्यादा उपज होने पर किसानों की आय बढ़ेगी। राजधानी दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पीएम मोदी ने किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के संवाद भी किया। 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी की फसलें शामिल हैं। इस उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त फसलों की इन किस्मों से किसानों की जिंदगी में बदलाव आएगा। किसानों का मुनाफा बढ़ेगा, इससे निर्यात भी बढ़ेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। फसलों की इन किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया।



### बोले पीएम मोदी... किसानों की आय बढ़ाना सरकार का संकल्प

इस मौके पर किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी क्योंकि ये उनके खर्च को कम करने में मदद करेंगी और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेंगी। किसानों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने बाजरा के महत्व पर चर्चा की और कहा कि लोग कैसे पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों के बढ़ते विश्वास के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करने लगे हैं। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उठाए गए इन कदमों से किसानों की अच्छी आय सुनिश्चित होगी और उनके लिए उद्यमिता के नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की सराहना भी की। पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को कुछ सुझाव भी दिए। किसानों की आय बढ़ाना सरकार का संकल्प है। ये एक सतत प्रक्रिया है, जो बीज आज जारी किए गए हैं, तो प्रजनक से लेकर फाउंडेशन बीज तक एक साल का समय लगेगा।

### मैं इन किस्मों के बीजों के उत्पादन के लिए वैज्ञानिकों को बधाई देता हूं: कृषि मंत्री

प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 क्षेत्रीय फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। क्षेत्रीय फसलों में बाजरा, चारा, तिलहन, दालें, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य शामिल हैं। वहीं, बागवानी फसलों में, विभिन्न प्रकार के फल, सब्जी, कंद, मसाले, फूल और औषधीय फसलों की बीज शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रयुक्त फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं। 61 फसलों के बीज जारी होने पर कृषि मंत्री ने कहा कि मैं इन किस्मों के बीजों के उत्पादन के लिए वैज्ञानिकों को बधाई देता हूं। 109 किस्म के बीज किसानों का जीवन भी बदलेंगे, मुनाफा भी बढ़ाएंगे, जनता के पोषण के लिए उपयोगी होंगे और निर्यात को बढ़ाएंगे। आज किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष फोकस है। पीएम मोदी ने कहा कि लैब से लेकर जमीन तक सीधे जानकारी जानी चाहिए। तीन अलग-अलग जगहों पर पीएम मोदी ने 109 किस्म के बीज राष्ट्र को समर्पित किए।

## रेलवे भर्ती पेपर लीक केस के तार उप्र, मप्र बिहार, राजस्थान, हरियाणा से जुड़े

**प्रयागराज।** रेलवे भर्ती बोर्ड प्रयागराज की ओर से कराई गई विभागीय जनरल डिपार्टमेंट कंपटीटिव एक्जाम का पेपर लीक होने के मामले के तार यूपी समेत कई अन्य राज्यों से जुड़ रहे हैं। सीबीआई की जांच में राजस्थान के साथ बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश और पंजाब में भी पेपर लीक करने वाले गिरोह के सक्रिय होने के सुराग मिले हैं। गिरोह के सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है। दरअसल, रेलवे की विजिलेंस और सीबीआई की शुरूआती जांच में गिरोह के कुछ सदस्यों के नाम तो सामने आए, लेकिन बाकी जानकारियां अभी तक रहस्य बनी हैं। जिस तरह बेहद सुनियोजित तरीके से पेपर को लीक किया गया, उससे रेलवे के अफसरों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। वहीं दूसरी ओर सीबीआई परीक्षा कराने वाली मुंबई की एपटेक कंसल्टेंसी लिमिटेड के उन कर्मचारियों को भी चिह्नित कर रही है जिन्होंने पेपर को खोलकर देखा था। सीबीआई जल्द ही आरोपियों के साथ एपटेक के कर्मचारियों को भी पूछताछ के लिए तलब करेगी। बता दें, एपटेक ने अपने कर्मचारियों को पेपर देखने की अनुमति दी थी जिससे आशंका जताई जा रही है कि कर्मचारियों ने ही गिरोह को पेपर लीक किया है।

## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन, शोक की लहर



जन्म: 16 मई 1929

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह का शनिवार देर रात गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। 95 वर्षीय नटवर सिंह बीते दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। नटवर सिंह ने मई 2004 से दिसंबर 2005 तक डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया था। कांग्रेस नेताओं ने नटवर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। नटवर सिंह का जन्म 16 मई 1929 में राजस्थान के भरतपुर जिले में हुआ था। कांग्रेस के पूर्व सांसद नटवर सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार के दौरान 2004-05 में भारत के विदेश मंत्री थे। उन्होंने पाकिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में भी काम किया। वे 1966 से 1971 तक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यालय से जुड़े रहे थे।

### राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने व्यक्त की संवेदना

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पूर्व विदेश मंत्री के साथ एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा, 'नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ बेहतरीन लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के. नटवर सिंह के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने लंबे करियर में, उन्होंने एक प्रतिष्ठित राजनयिक से लेकर एक उत्कृष्ट सांसद तक कई उपलब्धियां हासिल कीं। पद्म भूषण से सम्मानित सिंह लिखने के लिए जाने जाते थे।

## पंजाब मेल में आग की अफवाह से भगदड़, 20 यात्री घायल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मीरानपुर कटरा और बिलपुर स्टेशन के बीच उस वक्त हड़कंप मच गया जब पंजाब मेल के यात्रियों में ट्रेन के अंदर आग की अफवाह फैल गई। जिसके बाद यात्रियों में भगदड़ मच गई। कई यात्रियों ने ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि अग्निशमन यंत्र का वॉल्व लीक होने के कारण लोग उसको आग का धुआं समझे।

मामला रविवार सुबह करीब नौ बजे का है, 13006 पंजाब मेल ट्रेन बिलपुर और मीरानपुर करटा के पास पहुंची तो जनरल कोच से धुआं निकलता देख यात्री हड़बड़ा गए और चेनपुलिंग कर ट्रेन से कूदने लगे। जिसमें करीब 20 यात्रियों के घायल होने की बात कही जा रही है। गंभीर रूप से घायल मां-बेटी समेत छह यात्रियों को



शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बरेली जिले के बिलपुर के आगे बहगुल नदी पर पंजाब मेल की पीछे से तीसरी बोगी (जनरल) में आग लगने की अफवाह पर यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन को रोक दिया। गाड़ी की आधी बोगी नदी के पुल पर और आधी बाहर थी। गाड़ी के रुकते ही यात्रियों ने नीचे कूदना शुरू कर दिया। आग की दहशत से भगदड़ में कुछ देर में जनरल समेत अन्य बोगियां खाली हो गईं। यात्री दहशत में आ गए।

चालक और गार्ड ने बोगी को चेक किया। जांच में ठीक मिलने पर घायलों को महिला व गार्ड की बोगी में सवार कराकर 20 मिनट के बाद ट्रेन को रवाना किया। सुबह 10:10 बजे ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ी को रोका गया। रेलवे के अधिकारियों, आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने घायलों को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। हादसे में चंदौली के सैयद रजा निवासी खलील अंसारी की पत्नी अख्तरी 50, उनकी बेटी अनवरी 26, अमेठी के अहरावल के शिव सहाय 42, गाजीपुर के जंगीपुर के रजईपुर बिन्नी निवासी चंद्रपाल 32, झारखंड के मजदा के रन्नी लाल 50, उन्नाव जिले के बागरमऊ तलैया निवासी कुलदीप को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## केजरीवाल का बंगला रेनोवेट करनेवाले तीन इंजीनियर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट ने तीन इंजीनियरों को सस्पेंड कर किया है। इन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के रेनोवेशन में हुई कथित अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप है। इन इंजीनियर्स ने चार और लोगों के साथ मिलकर केजरीवाल के कहने पर मॉडिफिकेशन के नाम पर कई नियमों का उल्लंघन किया और सामान की लागत भी बढ़ा-चढ़ाकर बताई। इनमें प्रदीप कुमार परमार, अभिषेक राज और अशोक कुमार राजदेव शामिल हैं।




### पर्यटन स्थलों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही ब्रांडिंग और प्रमोशन पर जोर

## यूपी में पर्यटन सेक्टर को पांच गुना बढ़ाएगी योगी सरकार

- गेस्ट हाउस और राही बंगलों का कायाकल्प करने की तैयारी
- कमरों की संख्या में बढ़ाने, होम स्टे की संख्या में वृद्धि करने की तैयारी में सरकार

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार का पूरा जोर प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर है। पर्यटन स्थलों का कायाकल्प करके कनेक्टिविटी के लिए ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को बीते साढ़े सात साल में सुदृढ़ किया गया है। यही वजह है कि बीते वर्ष प्रदेश में 31 करोड़ से अधिक पर्यटक यूपी को एक्सप्लोर करने आए। योगी सरकार अब प्रदेश में पर्यटन सेक्टर को पांच



गुना बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। पर्यटन सेक्टर का ग्रॉस वैल्यू ऐडेड (जीवीए) जहां 2017 में 11 हजार करोड़ रुपए का था, वहीं इसे 2028 तक 70 हजार करोड़ रुपए करने का लक्ष्य सरकार लेकर चल रही है। इसके अलावा सरकार का लक्ष्य 2028 तक यूपी में 80 करोड़ से अधिक पर्यटकों को लाने पर भी है।

### सात साल में अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं पर्यटन गतिविधियां

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ ही राज्य में पर्यटन गतिविधियों को और अधिक बढ़ाया जाए। धार्मिक दृष्टि से प्रदेश में कई महत्वपूर्ण स्थल हैं, जहां प्रतिदिन लाखों यात्रियों का आगमन हो रहा है। काशी, अयोध्या, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर जैसे धार्मिक महत्व वाले शहरों में विगत साढ़े सात साल में पर्यटन गतिविधियां अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं। इन शहरों में विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास के साथ ही सरकार का ध्यान यहां आने वाले पर्यटकों को एक से अधिक डेस्टिनेशन्स तक ले जाने की है। प्रदेश में पर्यटकों के ठहरने के लिए नये होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे की संख्या बढ़ाने पर भी सरकार का पूरा जोर है। इसके साथ ही सरकारी टूरिस्ट बंग्लो और राही बंग्लो के कायाकल्प का भी प्लान है।

**80 करोड़ से अधिक पर्यटकों को लाने का लक्ष्य:** योगी सरकार में पर्यटन सेक्टर में हुई बढ़ोतरी की बात की जाए तो 2017 में इसकी ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) 11 हजार करोड़ रुपए थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 14 हजार करोड़ रुपए हो चुकी है। सरकार का लक्ष्य 2028 तक इसे 70 हजार करोड़ रुपए तक ले जाने का है। वहीं टूरिस्ट फुटफॉल में भी बड़ा इजाफा हुआ है। 2017 तक प्रदेश में 23 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष आते थे तो वहीं 2023 में ये आंकड़ा 31 करोड़ से अधिक पहुंच गया। 2024 में सरकार का अनुमान है कि 48 करोड़ पर्यटक यूपी आएंगे, जबकि सरकार का ध्यान 2028 तक इसे 80 करोड़ से अधिक पर्यटकों को यूपी लाने का है।

# कई आईएएस अफसरों का तबादला, मयंक वरवड़े बने पटना के कमिश्नर

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार सरकार ने रविवार को फिर एक साथ कई आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी किया है, जिसके तहत मयंक वरवड़े को पटना का नया कमिश्नर बनाया गया है। जरी अधिसूचना के अनुसार मगध प्रमंडल के कमिश्नर रहे मयंक वरवड़े को अब पटना के कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। मयंक के पास कमिश्नर पद के साथ-साथ विपार्ड और गया के अपर महानिदेशक का भी उन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मयंक वरवड़े के ट्रांसफर के बाद गया के डीएम त्याग राजन एमएस फिलहाल मगध प्रमंडल के कमिश्नर के साथ-साथ विपार्ड गया के अपर महानिदेशक की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा 2002 बैच के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल अब ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पंकज कुमार पाल को ऊर्जा विभाग का सचिव बनाया गया है। साथ ही वह अब बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

2002 बैच की आईएएस और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी को उद्योग विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही वह आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार के प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसी प्रकार भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि को मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव बनाया गया है। कुमार रवि अगले आदेश तक सचिव भवन निर्माण विभाग और बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

1993 बैच के संदीप पौंड्रिक को इस्पात मंत्रालय में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वह अब तक उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। राज्य सरकार के बाद अब वह भारत सरकार के साथ इस्पात मंत्रालय में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। आईएएस अधिकारी संदीप पौंड्रिक बिहार कैडर के अफसर हैं। आईएएस 1993 बैच के अधिकारी हैं। वह राजस्थान से आते हैं। फिलहाल बिहार सरकार के कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात हैं। 2022 से उद्योग विभाग में तैनात हैं। इसके अलावा वह आइडा की जिम्मेदारी निभा रहें हैं। वह 31 अक्टूबर 2028 को सेवानिवृत होंगे।

# दो पक्षों के बीच विवाद के बाद हुई गोलीबारी में मासूम को लगी गोली

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के दीदारगंज थानाक्षेत्र में दो पक्षों के विवाद के बाद हुई गोलीबारी में एक डेढ़ साल के बच्चे को गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, गोलीबारी की सूचना पर दीदारगंज पुलिस थानाक्षेत्र के महमदपुर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, डेढ़ वर्षीय घायल बच्चे के दादा सतेंद्र सिंह ने बताया कि पोता दक्ष राज को महमदपुर शिव मंदिर के पास एक दुकान से कुछ सामान दिलाने गया था। तभी गांव में ही दो पक्ष किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे। उसी दौरान एक पक्ष ने ताबड़तोड़ गोलीबारी करनी शुरू कर दी।

## नगर थाना क्षेत्र के मझौआ हवाई अड्डे के पास की घटना, अस्पताल में हंगामा

# आरा में बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक साथ तीन दोस्तों की मौत, मचा कोहराम





**केटी न्यूज/आरा**

बिहार के आरा में बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन युवकों की एक साथ मौत हो गई। मृत तीनों युवक आपस में दोस्त थे। घटना नगर थाना क्षेत्र के मझौआ हवाई अड्डे के पास की है। मृतकों में नगर थाना क्षेत्र के देवनगर मुहल्ला निवासी बासुकीनाथ पांडे का पुत्र अनीकेश कुमार पांडेय (20), समरेंद्र सिंह का पुत्र शुभम कुमार (15) और अरबिंद शुक्ला का पुत्र अतुल कुमार शुक्ला (17) था। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तीनों मित्र अपने निमार्णाधीन मकान को देखने के लिए मझौआ हवाई अड्डा के पास गए हुए थे। उक्त मकान के ठीक सटे मिट्टी कटाव से गड्ढा हो गया था और उसमें बाढ़ का पानी भरा हुआ था। वहां घुमने के दौरान इनमें एक युवक का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगा। अपने दोस्त को डूबते देख उसे बचाने के लिए अन्य दोनों युवक पानी में कूद गये और इसी दौरान बारी-बारी से तीनों दोस्त गहरे पानी में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की डायल 112 की टीम को घटना की जानकारी दी लेकिन पुलिस टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस बात से परिजन और स्थानीय लोग भड़क गये और सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और गुस्साए लोगों को किसी तरह शांत कराया।

मृतक के पड़ोसी अशोक कुमार मिश्रा ने घटना के संबंध में बताया कि तीनों युवक बाढ़ के पानी में नहाने के लिए गए हुए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे आरा सदर के प्रभारी एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि तीनों बच्चे निर्माणधीन मकान को देखने के लिए गए थे,तभी मकान के बाउंड्री से सटा एक गड्ढा है और उस गड्ढे में बाढ़ का पानी लबालब भरा हुआ था.जिसमें से एक बच्चे का पैर फिसल गया और वह पानी भरे गड्ढे में गिर गया। उसे बचाने के क्रम में तीनों पानी में डूब गए और उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकार के द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि को परिजनों को देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिजनों के द्वारा पुलिस के डायल 112 की टीम के लेट से आने की वजह से हुए हंगामा को लेकर सदर एसडीपीओ परिचय कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम को जो सूचना दी गई थी वह गलत लोकेशन की दी गई थी। इस वजह से पुलिस थोड़ा देर से पहुंची। इस बात को लेकर परिजन थोड़ा आक्रोशित हो गए थे, हम लोगों के समझाने के बाद सभी लोग शांत है, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गड्ढे के पानी में डूबकर तीन युवकों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# नदी तैरकर मां को खाना देने जा रहे युवक की डूबने से मौत, गोताखोरों ने निकाला शव

**केटी न्यूज/पटना**

मधेपुरा में शनिवार को नदी तैरकर मां को खाना देने जा रहे एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक का शव रविवार को नदी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान साहूगढ़-2 पंचायत के भातु टोला वार्ड-6 निवासी प्रकाश राम के बेटे पवन कुमार (26) के रूप में हुई है। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई छेदन राम ने बताया कि शनिवार को उनकी मां साहुगढ़ नदी को पार कर धान रोपाई के लिए गईं थी। उनका छोटा भाई पवन राम दिन के लगभग 1.30 बजे मां को खाना देने नदी तैरकर जा रहा था। नदी में पानी का अधिक प्रवाह होने कारण वह डूब गया।

शनिवार को स्थानीय लोगों की मदद से उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। रविवार को दोबारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। इस बीच लगभग साढ़े 11 बजे घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर उसकी लाश मिली। फिर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। साहूगढ़-2 पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार ने कहा कि पवन कुमार काफी गरीब परिवार से था। उनके परिवार के लोग मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मृतक के आश्रितों को मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। मुखिया मुकेश और स्थानीय लोगों ने कहा कि भातु टोला के अधिकांश लोगों का खेत नदी के दूसरी तरफ है। यहां नजदीक में पुल नहीं है, जिसके कारण लोग तैरकर नदी पार करते हैं। इस वजह से हमेशा डूबने की आशंका बनी रहती है।

उचित मूल्य
9800197310
उत्तम व्यवहार
गीता प्रेस
पुस्तक की दुकान
सभी प्रकार की धार्मिक पुस्तकों के एकमात्र विक्रेता
सहयोगी प्रतिष्ठान
डॉ. रामप्रवेश राय (मुन्ना राय)
: 6299941536
लक्ष्मी पैलेस मेन रोड, बक्सर (नहर के पास)

# भारत के लोकतंत्र और संविधान पर मंडरा रहा है खतरा: भाकपा

**केटी न्यूज/पटना**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। झा ने पंडासराय स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 341 की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय के जरिए इस प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। संवैधानिक आरक्षण पर खतरा है। धीरेंद्र झा ने कहा कि भारत सरकार के हलफनामा पर सुप्रीम कोर्ट के 7 जजेज के फैसला ने जो एस सी / एस टी आरक्षण पर फैसला दिया है इसको लेकर पूरे देश में काफी आक्रोश है। हमारी पार्टी एससी-एसटी समाज के इस आक्रोश के साथ है। एस सी-एस टी आरक्षण का एक सामाजिक, छुआछूत, सामाजिक भेदभाव उसका आधार रहा है। भाजपा-आर एस एस के लोग इस आरक्षण को छीन लेना चाहते है। इस लिए समाज के प्रगतिशील लोगों तथा सम्पूर्ण वंचित तबके के लोगो को एकताबद्ध होकर के आंदोलन को तेज करना होगा।

### बजट में बिहार के लिए कुछ नहीं

झा ने कहा की भारत सरकार की ओर से जो बजट पेश हुआ है, उस बजट में बिहार के लिए कुछ नहीं है। बिहार में करीब एक लाख के आसपास आशा कार्यकर्ता हैं, ढ़ाई लाख रसोईया हैं, ढ़ाई लाख के आसपास आंगनबाड़ी सेविका सहायिका हैं और इसके साथ-साथ हेल्थ और एजुकेशन में काम करने वाले बहुत सारे वरकर्स भी हैं। ये सभी भारत सरकार की योजनाएं है लेकिन भारत सरकार न्यूनतम मजदूरी आधारित मासिक मानदेय भी नहीं दे रही है। तमाम योजनाओं में कई महीने से नर्स का भुगतान नहीं हुआ है और एक जबरदस्ती हाजरी का प्रणाली थोपा जा रहा है और इसको लेकर पूरे बिहार में कार्य बहिष्कार आंदोलन चल रहा है, जिसे लेकर केंद्र सरकार की चुप्पी बनी हुई है।

# माता-पिता के कुकर्मों के लिए तेजस्वी मांगी मांगें: जायसवाल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद संजय जयसवाल आज भागलपुर पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को आप सभी अपने-अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराएं।

इस दौरान उन्होंने बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को घेरते नजर आए। संजय जायसवाल ने कहा कि तेजस्वी यादव को बिल्कुल यात्रा निकालनी चाहिए, उन्हें अपने माता-पिता के कुकर्मों की माफी लोगों से मांगनी चाहिए। इसकी माफी मांगे कि अब मुख्यमंत्री आवास से किसी की भी अपहरण नहीं होगी या रंगदारी नहीं मांगी जाएगी। उनके कार्यकाल में ईंट के शोलिंग से हाईवे बना दिया जाता था। उनको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने गाय का दूध दुहने वाले शख्स से 5 करोड़ की जमीन नहीं खरीदेंगे।



### ख्याली पुलाव पका रहे हैं तेजस्वी: ललन सिंह


**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बड़े दावे के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पलटवार किया है। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ख्याली पुलाव पका रहे हैं। ऐसे कुछ होने वाला नहीं है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पूरी मजबूती के साथ केंद्र में और बिहार में सरकार चल रही है। तेजस्वी यादव जो सपना देख रहे हैं वह सिर्फ सपना ही रहेगा। वह कभी सच नहीं होने वाला है। लोकसभा चुनाव से पहले भी वह कई बड़े बड़े दावे कर रहे थे। लेकिन, सच जनता के सामने है।




## बोले जदयू के निवर्तमान उपाध्यक्ष... जिनकी कोई पहचान नहीं, उन्हें दी गई जगह

# जहानाबाद में 20 सूत्री समिति में जगह नहीं मिलने से जदयू नेताओं में आक्रोश, भेदभाव का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/पटना**



जहानाबाद जिले में 20 सूत्री समिति की घोषणा के साथ ही विरोध भी शुरू हो गया है। विरोध के स्वर सतारूढ़ दल में उठ रहे हैं। जिला बीस सूत्री कमिटी में जगह न मिलने से जदयू नेताओं में आक्रोश है। जदयू के निवर्तमान उपाध्यक्ष सह संगठन प्रभारी सह संस्थापक वीर कुंवर सिंह विकास मंच के महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जिला 20 सूत्री समिति में वैसे कुछ लोगों को स्थान दिया गया है, जिनकी पार्टी में ही कोई पहचान नहीं है। साथ ही जातीय समीकरण का भी ख्याल नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि राजपूत, ब्राह्मण, कायस्थ, वैश्य आदि जातियों को 20 सूत्री समिति में शामिल नहीं करना एक साजिश है। उन्होंने कहा कि जिला नेतृत्व ने जदयू प्रदेश नेतृत्व को अंधेरे में रखकर सूची पर मोहर लगवाई है। इसमें कुछ लोगों को यह पद सिर्फ और सिर्फ गणेश परिक्रमा करने के कारण मिला है।

महेंद्र कुमार सिंह ने प्रदेश नेतृत्व पर आरोप लगाते हुए कहा कि जाति विशेष को लगातार लक्ष्य कर उपेक्षित करना कुछ लोगों के प्रभाव में आकर समिति का निर्माण करना निंदनीय है। जो वर्ग लगातार एनडीए गठबंधन का सबसे बड़ा सहयोगी रहा है, उसको नजरअंदाज करने से आने वाले चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस तरह का भेद भावपूर्ण रवैया कतई सही नहीं है। वहीं, उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से आग्रह किया कि वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करें और समिति के चयन पर पुनर्विचार करें। वह जल्द ही अपने कार्यकताओं और खासकर वैसे समीकरण के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे। इस निर्णय के खिलाफ आरझपार की लड़ाई लड़ेंगे। विरोध करने वाले अन्य लोगों में जदयू के निवर्तमान उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष केशरी कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष (व्यवसायी प्रकोष्ठ) नित्यानंद कुमार गुप्ता, निवर्तमान महासचिव क्रमशः राजीव नयन, संजीव कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय गुप्ता, रमेश केशरी और दुखन स्वर्णकार आदि शामिल हैं।

# एमवी कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने का कर रहा हूं प्रयास : प्रो. अखिलेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- शिक्षा का स्तर सुधारना व युवाओं को रोजगार दिलाना मेरी प्राथमिकता
- अक्टूबर से शुरू होगा प्रतियोगी छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग सेंटर



बक्सर मेरी जन्म भूमि व शिक्षा स्थली है। यहां महर्षि विश्वामित्र के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने प्रभु श्रीराम आए थे। महर्षि विश्वामित्र के नाम से संचालित हो रहे एमवी कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए मैं प्रयासरत हूं। उक्त बातें अनुमंडल के सिमरी अंचल के दुबौली गांव निवासी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के प्रोफेसर अखिलेश कुमार दूबे ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही।

अपने बक्सर प्रवास के पहले दिन डुमरांव में मीडिया से मुखातिब प्रो. दूबे ने कहा कि बक्सर के विकास के प्रति उन्होंने जो सपना देखा है तथा चुनाव के पूर्व मीडिया के समक्ष जो वायदा किया था उसे पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। इसी कड़ी में महर्षि विश्वामित्र कॉलेज बक्सर को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए प्रयासरत हूं। इसके लिए जल्दी ही मैं बिहार के राज्यपाल तथा अन्य संबंधित लोगों से मिलूंगा तथा तथ्यों से अवगत कराउंगा कि क्यों एमवी कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाना चाहिए। प्रो. दूबे ने कहा कि अक्टूबर में बक्सर रामरेखा घाट से उनकी मुफ्त कोचिंग योजना शुरू हो रही है। इसमें देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर तथा अलग-अलग विषयों के स्कॉलर प्रतियोगी छात्रों को मुफ्त शिक्षा देंगे। प्रो. दूबे ने कहा कि पहले यह कोचिंग ऑनलाइन शुरू किया जाएगा फिर बाद में जरूरत तथा छात्रों की रूचि के अनुसार इसे ऑफ लाइन भी संचालित कराया जाएगा। इसके अलावे बक्सर के युवाओं को मार्गदर्शन दे उन्हें रोजगार से जोड़ने का प्रयास करूंगा।

### मूल्य एवं रोजगार परक शिक्षा पर रहेगा फोकस

प्रो दूबे ने कहा कि उनका प्रयास बक्सर के छात्रों को मूल्य तथा रोजगार परक शिक्षा देना होगा। ताकी उसके बाद छात्र बेरोजगार नहीं रह सकें। बक्सर में बक्सर में वैल्यू एडीशन कॉलेज, आईटी कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के अलावे डिजीटल व रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास बहुत जल्दी धरातल पर दिखने लगेगा। बता दें कि वे हाल ही में भारत के हाई कमीशन के साथ यूरोप के साइप्रस विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने गए थे। साइप्रस से लौटने के बाद वे पहली बार बक्सर आए है। इस दौरान उन्होंने चुनाव पूर्व जनसंपर्क अभियान के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई और कहा कि यदि उन्हें मौका मिला तो बक्सर ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के शिक्षा स्तर को बदल कर दिखा दूंगा। बता दें कि प्रो. दूबे दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के साथ ही इतिहास संकलन योजना के दिल्ली प्रांत के उपाध्यक्ष भी है। प्रेस वार्ता से पूर्व उन्होंने ब्रह्मपुर व डुमरांव विधानसभा क्षेत्रों के करीब आधा दर्जन गांवों का भ्रमण किया तथा लोगों से रूबरू हो उनकी समस्याओं को सुना। खासकर युवाओं को शिक्षा तथा रोजगार विषय पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। जबकि ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के आशा पड़री में भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। उनके साथ रामलाल दूबे समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### ह्यूम पाइप लगा बनाया जा रहा सुगम रास्ता



**डुमरांव।** नगर परिषद के क्षेत्र के भीतर ऐसे बहुत से मोहल्ले हैं, जो मुख्य रोड स्टेशन रोड से जुड़े हुए हैं। इन मोहल्लों में जाने के लिए सुगम रास्ता भी नहीं बन पाया है। इतना ही नहीं नाले का निर्माण भी नहीं हो पाया है। वर्षों पहले जो रोड कटिंग था, पहले उसमें बरसात का पानी भर जाता था, जिससे जलजमाव की नौबत नहीं आती थी। वर्तमान में सारे रोड कटिंग के गड्ढे भर चुके हैं। लिहाजा रोड और फुटपाथ पर पानी जमा होकर आने-जाने में परेशानी खड़ा करता है। नगर परिषद ऐसे मोहल्लों को चिन्हित करते हुए नाले का निर्माण करते हुए आने-जाने के लिए ह्यूम पाइप बिछा रास्ता बनवा रहा है। नगर के प्रखंड कार्यालय के सामने खिरौली मध्य विद्यालय से नाला की खुदाई कर ह्यूम पाइप बिछाने का काम शुरू कर दिया है। मालूम हो कि जहां नाला बनाकर ह्यूम पाइप बिछाया जा रहा है, वहां कभी नाला था ही नहीं। रोड कटिंग भी पूरी तरह से भर कर समतल जमीन हो गया था। लिहाजा लालगंज कड़वी मोहल्ले में जाने के लिए जो रास्ता है, वहां बरसात का पानी भर गया है जिससे आने-जाने में लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। नगर परिषद ने सबसे पहले वहां नाला की खुदाई करवाया है, फिर ह्यूम पाइप बिछाने की तैयारी शुरू कर दिया है। मोहल्ले के लोगों में नाला बनने और उसमें ह्यूम पाइप लगाए जाने से काफी खुशी है। मोहल्लों के लोगों का कहना था कि कड़वी मोहल्ले में जाने के लिए लोगों को पानी होकर गुजरना पड़ता था। बच्चों को स्कूल में जाने में भी परेशानी होती थी। नाले का निर्माण कर उसमें ह्यूम पाइप डाल समतल जमीन बन जाने से लोगों को आने-जाने में परेशानी कम हो जाएगी। इस संबंध में नप उप चेयरमैन विकास ठाकुर ने बताया की अक्सर जलजमाव की शिकायत खिरौली गांव, लालगंज कड़वी मोहल्ला, स्टेशन रोड के दुकानदारों एवं मध्य विद्यालय खिरौली द्वारा मिल रही थी। लोगों को परेशानी नहीं हो, इसलिए काम नाला काटकर उसमें ह्यूम पाइप बिछाया जा रहा है।

### प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आज

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक होगी। बैठक में प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारी शामिल होंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि प्रखंड समन्वय समिति की बैठक में प्रखंड में चल रहे विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा विस्तार से की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य बिजली, पानी, पीएम आवास समेत दर्जनों योजनाएं के विकास एवं कार्य की स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसको लेकर बीडीओ ने सभी अधिकारियों को अपने अपने योजनाओं का प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने को लेकर अपील की है।

### कुर्की जब्ती करने आई यूपी पुलिस बैरंग लौटी

कृष्णाब्रह्म। स्थानीय थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज गांव निवासी व यूपी के चंदौली जिले के धानापुर थाना की नजरों में फरार चले रहे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सुजीत कुमार सिंह के घर रविवार को यूपी पुलिस कुर्की जब्ती करने आई थी। लेकिन अभियुक्त के संपति की जानकारी नहीं मिलने के बाद यूपी पुलिस बैरंग लौट गई। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद थी।

## खबरें फटाफट

### शराब तस्करी में तीन महिलाएं गिरफ्तार

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब की खेप के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके पास से साढ़े दस लीटर देशी शराब बरामद की गई। चारों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस शराब की खेप को महिलाओं ने बोरी में छिपा रखा था। ट्रेन से उतर पैदल ही शराब से भरी बोरी लेकर ठिकाने लगाने जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली, जहा पुलिस के साथ पुलिस कनकनारायणपुर पहुंच छापामारी की वहीं जांच की तो तीनों महिलाओं के पास से शराब बरामद की गई। पकड़ी गई महिला सहोदरी देवी पति स्व. लक्ष्मण मुसहर, इंद्रावती देवी पति अनिल मुसहर खिलाफतपुर की रहने वाली थी।

### केंद्रीय ऊर्जा सचिव पॉवर प्लांट का करेंगे निरीक्षण

**चौसा।** चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट के थर्मल पॉवर प्लांट का निरीक्षण करने केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल जिला मुख्यालय आएंगे। वे थर्मल पॉवर प्लांट का निरीक्षण करने के साथ ही निर्माण में हो रहे विलंब के अलावे कई बिंदुओं पर जांच करेंगे। इसके बाद वे थर्मल पॉवर प्लांट के अधिकारियों के साथ अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर इस बात का पात लगाएंगे कि प्लांट निर्माण में क्यों विलंब हो रहा है। उसके बाद डीएम व एसपी के साथ बैठक करेंगे।

## कसिया पंचायत के सिकठा गांव की आवेदिका ने डीएम को बताई सच्चाई

# कागज में हटा अतिक्रमण, सीओ ने डीएम को सौंपी गलत रिपोर्ट

- डीएम ने मामले में दिया जांच का आदेश
- लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के निर्देश पर हटाना था सरकारी आहर से अतिक्रमण
- महिला को झांसे में ले सीओ ने करा लिया था सादे कागज पर दस्तखत



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जल जीवन हरियाली योजना के शुरू होने के बाद पूरे बिहार में प्राथमिकता के तौर पर सरकारी अहरा तथा जलाशयों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया है। लेकिन, डुमरांव अंचल में स्थिति इसके उलट है। आज भी सार्वजनिक जलाशयों पर अंचल प्रशासन की मनमानी तथा मिलीभगत से अतिक्रमण कायम है।

अलबत्ता लोक शिकायत निवारण तथा डीएम के आदेश पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। कागजों में अतिक्रमण हटाने का एक चौंकाने वाला मामला अंचल के कसिया पंचायत के सिकठा गांव में सामने आया है। जहा आहर की सार्वजनिक जमीन पर लोक शिकायत निवारण के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने गए सीओ ने आवेदिका को बरसात का हवाला दे कहा कि इस मौसम में झोपड़ी हटाने पर दूसरे पक्ष को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सीओ ने आवेदिका तारा देवी से दो महीने का समय ले तथा उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर कराने के बाद डीएम को अतिक्रमण हटाने की रिपोर्ट सौंप दी। संयोग से इस दौरान आवेदिका भी वहां मौजूद थी। उन्होंने डीएम को पूरी कहानी बताई और कहा कि सीओ साहब 31 जुलाई को अतिक्रमण हटाने गए थे। इस दौरान वहां झोपड़ी थी, उन्होंने कहा कि बरसात में झोपड़ी हटाने पर उनलोगों को रहने में काफी दिक्कत होगी। तारा ने डीएम को बताया कि सीओ ने उनसे दो महीने का समय लिया है। यह सुनते ही डीएम सीओ पर नाराज हो गए। उन्होंने तत्काल इस मामले की जांच के आदेश दिए है। अब देखना है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई कर रहा है। वही, दाखिल खारिज व जमाबंदी में मनमानी तथा सेटिंग के किस्से के लिए चर्चित डुमरांव अंचल में कागजों पर अतिक्रमण हटाने की बात सुर्खियों में आ गई है।

### न्यायाल का दरवाजा खटखटाएगी पीड़िता

अंचल प्रशासन के रवैये से क्षुब्ध पीड़िता तारा देवी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा यदि उसे न्याय नहीं दिलवाया गया तो मजबूर हो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी। उन्होंने कहा कि वे चुप बैठने वाली नहीं है, बल्कि न्याय पाने के लिए जरूरत पड़ी तो हाई कोर्ट भी जाने को तैयार है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली से विधवा को काफी निराशा हुई है। पीड़िता ने कहा कि उन्हें सीओ से ऐसी उम्मीद नहीं थी।

### यह है मामला

सिकठा के स्व. कृष्ण चौबे की विधवा तारा देवी ने लोक शिकायत में आवेदन देकर आनावाद बिहार सरकार की जमीन आहर पर दबंग लोगों के द्वारा कब्जा करने की शिकायत की गई थी। द्वितीय अपीलीय प्राधिकार में डीएम ने अतिक्रमण वाद की सुनवाई करते हुए सीओ डुमरांव को लोकसभा चुनाव से पहले ही अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन, अंचल प्रशासन ने इस मामले को आचार संहिता लागू होने का हवाला दे ठंडे बस्ते में डाल दिया था। विधवा तारा देवी के काफी दौड़ लगाने के बाद सीओ शमन प्रकाश 31 जुलाई 2024 को स्थल पर गए तथा बरसात का हवाला दे आवेदिका से दो महीने का समय ले लिए तथा अगले दिन ही डीएम को गलत रिपोर्ट दे दिए। लेकिन आवेदिका ने डीएम को सच्चाई से अवगत करा दिया है। अब देखना है कि डीएम इस मामले में क्या कार्रवाई करते है। वैसे इस खेल में मैनेज की बातें भी सामने आ रहीं हैं।

“ आवेदिका की शिकायत की जांच कराई जाएगी। लोक शिकायत की सुनवाई में लिए गए फैसले पर अमल होगा। आवेदिका का कथन सत्य है तो न्याय मिलेगा।

– अंशुल अग्रवाल, डीएम, बक्सर।

### अनुमंडलीय अस्पताल की हर दिन जांच करेंगे प्रशासनिक अधिकारी

**डुमरांव।** अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था को स्वास्थ्य विभाग के आला अफसर काफी गंभीर हैं। डीमए अंशुल अग्रवाल ने अस्पताल की जांच करने के लिए अधिकारियों का रोस्टर बनाकर इसे अमल करने के लिए आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल के डाक्टरों से लेकर स्टाफों तक में हड़कंप मच गया है।

रोस्टर के अनुसार कम चिकित्सकों के उपस्थित होने, कंप्यूटर ऑपरेटर की कम नियुक्ति होने, मरीजों की अत्यधिक भीड़ होने होने सहित आवश्यक सुविधाओं में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और अन्य तकनीकि बंद होने की अक्सर शिकायत मिलती रही है। लिहाजा आवश्यक है कि प्रतिदिन जांच और निरीक्षण का जिम्मा प्रशासनिक अधिकारियों को दे दिया जाए। इसको लेकर सबसे पहले डीएम ने अस्पताल की लचर व्यवस्था पर नकेल कसने के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने का आदेश जारी किया था। विभागीय आदेश के आलोक में डीएम ने अस्पताल की जांच और निरीक्षण का जिम्मा प्रशासनिक पदाधिकारियों को दे दिया है। सभी अधिकारी जांच करते हुए उसका प्रतिवेदन विभाग के वरीय पदाधिकारी और लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समहर्ता को देने का आदेश दिया है। डीएम द्वारा अस्पताल की जांच के लिए जारी सूची में एसडीओ डुमरांव को सोमवार व गुरूवार को जांच करने का आदेश दिया है। वहीं डीसीएलआर डुमरांव को मंगलवार व शुक्रवार को जांच करने, एसपीजीआरओ बुधवार और शनिवार को जिम्मा दिया है। डीएम ने प्रतिवेदित किया है कि अपर समहर्ता भी स्वयं औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विधि व्यवस्था को लेने के लिए आदेशित किया है।




# लोजपा जिले के दो विधानसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**केटी न्यूज/बक्सर**



युवा लोजपा रामविलास का जिला स्तरीय सम्मेलन बक्सर में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता युवा लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष ओमजी मिश्रा ने व संचालन बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह डुमरांव के पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथी के तौर पर युवा लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय मौजूद थे। जिनका कार्यकताओं ने टोपी, तलवार, अंगवस्त्र व 51 किलो के फूल के माला से भव्य स्वागत किया।

अपने संबोधन में वेद प्रकाश पांडेय ने कहा कि बक्सर जिला में लोजपा का संगठन पूर्व से व आज भी काफी मजबूत है। संगठन को और धारदार व गांव गांव व घर घर तक पहुंचे उस पर अपना सुझाव साझा किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी बक्सर जिला में दो विधान सभा सीटों पर चुनाव लडेगी। उम्मीदवार हमारा स्थानीय व पार्टी का पुराना समर्पित कार्यकर्ता होगा। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह व युवा के प्रधान महासचिव प्रकाश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की लोकप्रियता बिहार के गांव गांव व हर जाति मे काफी बढ़ी है। मौके पर मनीष बुचाली, संजय कुमार पासवान, विवेक कुमार पांडेय, नौशाद आलम, ठाकुर भानुशंकर सिंह, राहुल चौबे, अन्नु राय, कन्हैया सिंह, सचिन पांडेय, बिट्टू पासवान, शिव जी यादव, रिशु पासवान, किशन कुमार, मोनु कुमार, छोटु ओझा, दीपक खरवार, गुंजन कुमार, पपु तिवारी, सावन कुमार, शुभम कुमार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच में तीन की अनुज्ञप्ति निलंबित, पांच से स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/बक्सर**

शिकायतों के मद्देनजर डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर रविवार को कृषि पदाधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिसमें तीन प्रतिष्ठानों की जांच में अनियमितता पाए जाने पर अनुज्ञप्ति रद्द कर उर्वरक वितरण पर रोक लगा दी गई। वहीं, पांच अनुज्ञप्ति धारकों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

मामले में जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश शंकर ने बताया जिन तीन अनुज्ञप्ति धारक उर्वरक दुकान को निलंबित किया गया है। वे ब्रह्मपुर प्रखंड के बगेन स्थित मेसर्स जय माता दी इंटरप्राइजेज बगेन, प्रोपराइटर कमलेश कुमार, चौगाई के मेसर्स बिहार खाद भंडार चौगाई, प्रोपराइटर अखिलेश कुमार, जबकि, सिमरी के नगवा गांव स्थित मेसर्स रोहन किसान केंद्र, प्रोपराइटर ज्योति कुमारी है। वहीं, दूसरी ओर सिमरी प्रखंड आशा पड़री भकुरा के मेसर्स पाण्डेय खाद भंडार प्रोपराइटर राजू कुमार पाण्डेय, ब्रह्मपुर प्रखंड के बगेन स्थित मेसर्स प्रेम फर्टिलाइजर प्रोपराइटर प्रेम चंद्र प्रसाद, मेसर्स शिवम खाद भंडार बगेन, प्रोपराइटर बद्री विशाल मिश्रा, राजपुर प्रखंड के भलुआ के मेसर्स किसान सेवा केंद्र प्रोपराइटर संजीव कुमार, व इसी प्रखंड के स्थानीय गांव राजपुर के मेसर्स किसान इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर विश्वनाथ सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।




## डुमरांव के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेंद्र राम ने लोगों को स्वस्थ रहने के सुझाए उपाय, बोले...

# उचित आहार व श्रम की कमी से बढ़ रही जोड़ों के दर्द की समस्या

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- शारीरिक श्रम नहीं होने से मांसपेशियां शिथिल हो रही हैं कई अन्य समस्याएं आ रही है
- नियमित व्यायाम ही है इससे निपटने का उपाय



शरीर के जोड़ो तथा कमर दर्द की समस्या अब सामान्य हो गई है। न सिर्फ बुजुर्ग बल्कि युवावस्था में भी लोग इसके शिकार हो रहे है। इसका मुख्य वजह हमारा आहार व व्यवहार है। उक्त बातें चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बिरेन्द्र राम ने कही। अनुमंडलीय अस्तपताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में पद स्थापित डॉ. बिरेन्द्र ने केशव टाइम्स से बातचीत के दौरान जोड़ो के दर्द व कमर दर्द पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में हमारा खान पान व दिनचर्या बिगड़ गई है। भोजन में पर्याप्त मात्रा में विटामिन, मिनिरल्स, कैल्सियम तथा अन्य जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण जोड़ो की दर्द तथा कमर दर्द अब सामान्य बीमारी हो गई है। हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कहा कि संतुलित भोजन नहीं लेने के कारण ही जोड़ो तथा कमर दर्द की समस्या अब सामान्य हो गई है। इसके अलावे हमारी दिनचर्या भी इसकी मुख्य वजह है।

डॉ. बिरेन्द्र ने कहा कि पहले के लोगों की दिनचर्या ऐसी थी कि शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ता था। खासकर वाहन के अभाव में लोग पैदल अधिक चलते थे। लेकिन अब शारीरिक श्रम भी कम हो गया है। जिसका असर हमारे शरीर पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक श्रम नहीं होने से मांसपेशियों का शिथिल होना तथा कई अन्य समस्याएं आती है। जिससे निपटने का उपाय नियमित व्यायाम है। उन्होंने कहा कि हमे स्वस्थ्य रहने तथा हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए संतुलित आहार के साथ ही नियमित व्यायाम की आदत डालनी चाहिए।

### पेन किलर खाने की आदत नुकसानदेह

उन्होंने कहा कि सिर्फ व्यायाम कर हम हड्डी की कई बीमारियों से निजात पा सकते है। उन्होंने जोड़ो के दर्द में पेन किलर खाने की आदत को नुकसानदेह बताया और कहा कि दर्द नाशक दवाओं का शरीर पर खराब इफेक्ट पड़ता है। हमे ऐसी दवाओं के सेवन से परहेज करना चाहिए तथा व्यायाम करना चाहिए। बता दें कि डॉ. बिरेन्द्र राम की गिनती अच्छे अर्थोपैडिक में होती है। मरीज उनके अच्छे इलाज के साथ ही कुशल व्यवहार के कायल रहते है। वे अपने मरीजों को दवाओं से अधिक खान पान सुधारने तथा नियमित एक्सरसाइज के लिए प्रेरित करते है। यही कारण है कि अनुमंडल इलाके में उनके मरीजों की तादात काफी अधिक है।



## नगर पंचित मां काली आश्रम का वार्षिक पूजनोत्सव धूमधाम से संपन्न, देर रात तक चलता रहा दर्शन-पूजन

# मां काली के दरबार में हाजिरी लगाने उमड़ी भीड़



**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को पूरा शहर मां काली के जयकारे से गूंजता रहा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अलावे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जयकारे से शहर का माहौल देर रात तक भक्तिमय बना रहा। अवसर था नगर पंचित मां काली आश्रम के वार्षिकोत्सव का। धूम धाम से संपन्न हुए वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसकी शुरूआत अहले सुबह से हुई। श्रद्धालु भक्त परंपरा के अनुसार अपने घरों से बाल्टी तथा अन्य पात्रों में पानी लेकर मां के दरबार में पहुंचे तथा उन्हें जल अर्पण किया। इसके बाद मंदिर के पुजारी पंडित ललन मिश्र तथा मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष भगवानजी वर्मा के नेतृत्व में वार्षिक पूजा की शुरूआत वैदिक विधान से की गई। इसके पहले मां के मंदिर की विशेष सफाई की गई थी तथा सभी मूर्तियों के साथ ही मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वैदिक विधान से पूजा तथा हवनादि के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के दर्शन व पूजन के लिए खोल दिया गया। इसके बाद मां के दरबार में हाजिरी लगाने का जो दौर शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा। वार्षिक पूजा में मानों पूरा शहर ही उमड़ पड़ा था। क्या बच्चें, क्या बूढ़े और महिलाएं सभी कतारबद्ध हो मां काली के दर्शन को उतावले दिख रहे थे।



**डुमरांव।** रविवार को पूरा शहर मां काली के जयकारे से गूंजता रहा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अलावे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जयकारे से शहर का माहौल देर रात तक भक्तिमय बना रहा। अवसर था नगर पंचित मां काली आश्रम के वार्षिकोत्सव का। धूम धाम से संपन्न हुए वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसकी शुरूआत अहले सुबह से हुई। श्रद्धालु भक्त परंपरा के अनुसार अपने घरों से बाल्टी तथा अन्य पात्रों में पानी लेकर मां के दरबार में पहुंचे तथा उन्हें जल अर्पण किया। इसके बाद मंदिर के पुजारी पंडित ललन मिश्र तथा मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष भगवानजी वर्मा के नेतृत्व में वार्षिक पूजा की शुरूआत वैदिक विधान से की गई। इसके पहले मां के मंदिर की विशेष सफाई की गई थी तथा सभी मूर्तियों के साथ ही मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वैदिक विधान से पूजा तथा हवनादि के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के दर्शन व पूजन के लिए खोल दिया गया। इसके बाद मां के दरबार में हाजिरी लगाने का जो दौर शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा। वार्षिक पूजा में मानों पूरा शहर ही उमड़ पड़ा था। क्या बच्चें, क्या बूढ़े और महिलाएं सभी कतारबद्ध हो मां काली के दर्शन को उतावले दिख रहे थे। एक अनुमान के मुताबिक एक लाख से अधिक लोगों ने वार्षिक पूजनोत्सव पर मां काली के दरबार में मत्था टेका। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शक्ति द्वार रोड से लेकर काली मंदिर तक श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा।

वहीं, दूसरी ओर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुरूष व महिला पुलिस के जवान मौजूद थे। इसके अलावे मंदिर समिति के स्वयंसेवी तथा अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी भीड़ नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग कर रहे थे। रात में मां काली की भव्य आरती की गई। इस दौरान भी हजारों श्रद्धालु मंदिर में मौजूद थे। वार्षिकोत्सव पर पूरे शहर में माइक लगाया गया था। जिस पर पूरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार तथा मां काली के जयकारे की आवाज सुनाई पड़ रही थी। जिससे शहर में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही थी। वार्षिक पूजनोत्सव के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी काबिले तारीफ थी।

### देर रात तक मेले का लोगों ने उठाया आनंद

मंदिरों की अधिकता व मेले के आयोजन को ले डुमरांव की पहचान लहुरी काशी के रूप में होती है। यहां कई बड़े मेले का आयोजन सदियों से हो रहा है। जिसमें न सिर्फ शहर के लोग बल्कि पूरा जिला उमड़ता है। राजकालीन समय से ही यहां के मेला दूर दूर तक अपनी ख्याति बनाए हुए है। इन मेलों की शुरूआत भी मां काली के पूजन के साथ ही होती है। इस बार भी मां काली के वार्षिकोत्सव पर काफी भव्य मेले का आयोजन किया गया था। मेले में चरखी व झूला के अलावे बच्चों के मनोरंजन के लिए कई अन्य सामान मौजूद थे। जबकि चाट पकौड़ी, खिलौना, कास्मेटिक समेत सैकड़ो तरह की दुकानें सजी थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही थी।

**नगर परिषद के प्रबंधन से श्रद्धालुओं को हुई सहूलियत :** इस बार वार्षिक पूजा से ऐन पहले नगर परिषद ने मंदिर तक नया रोड बनाया है। जिस कारण श्रद्धालुओं को कीचड़ या सड़क पर गड्ढें का सामना नहीं करना पड़ा। नगर परिषद प्रशासन ने शहीद मर्द रोड में मतहिया नीम से मंदिर तक नया पीसीसी सड़क बनाने के अलावे कई अन्य संपर्क पथों का भी सीसीकरण कराया है। जिस कारण मंदिर आने जाने में श्रद्धालुओं को विशेष परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। नगर परिषद के इस पहल पर श्रद्धालुओं ने चेयरमैन सुनीता गुप्ता तथा उनके प्रतिनिधि सुमित गुप्ता को धन्यवाद भी दिया।

### भानु सप्तमी के कारण बढ़ा श्रद्धालुओं का उत्साह

बता दें कि मां काली की वार्षिक पूजा हर साल श्रावण शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को आयोजित की जाती है। इस बार भानु सप्तमी (रविवार को पड़ने वाली सप्तमी) के कारण श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया था। बता दें कि शास्त्रों में रविवार के दिन पड़ने वाली सप्तमी को भानु सप्तमी कहा जाता है तथा भानु सप्तमी का महत्व काफी अधिक होता है। यही कारण है कि भानु सप्तमी पर मां काली के दर्शन व पूजन के लिए हर कोई लालायित नजर आया।

### एक नजर में मां काली का वार्षिक पूजनोत्सव...



मां काली की पूजा करते पुजारी व अन्य।



मां काली की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़।



मां काली के पूजा के लिए पूजन सामग्री बेचते दुकानदार।



काली मंदिर में पूजन करते डुमरांव राजपरिवार के मानविजय सिंह व अन्य।

## सांप काटने से एक बच्ची की हुई मौत

**नासरीगंज।** जिले के कछवां थाना क्षेत्र के खिरियाव गांव में सांप काटने से एक बच्ची की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नरेश चौधरी के तीन वर्षीय बच्ची सृष्टि कुमारी उर्फ साक्षी कुमारी शनिवार की रात अपने परिजनों के साथ आंगन में सोई हुई थी। अचानक जोर से चिल्लाई। परिजन उसकी आवाज सुनकर जग गए और चिल्लाने के कारण जानने का प्रयास करने लगे तभी लोगों ने देखा कि एक सांप भाग रहा है। बच्ची को सांप दो स्थानों पर काट लिया था। लोगों ने सांप को किसी तरह पकड़ घड़ा में कैद कर लिया। बच्ची को झाड़ फूंक के लिए कई स्थानों पर ले गए। लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई। घटना कि सूचना मिलने पर कछवां पुलिस वहां पहुंच पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा दिया है।

## शराब बेचने के आरोप में पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने किया थाना का घेराव

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में एक व्यक्ति को शराब बेचने के आरोप में पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने विरोध किया। गांव के सैकड़ों लोग थाना पहुंच आरोप को लगत बताते हुए गिरफ्तार व्यक्ति को छोड़ने की मांग की।

गौरतलब हो कि रविवार सुबह काराकाट पुलिस की महिला एसआई अंजली कुमारी गुप्त सूचना पर गांव के पूल के पास ब्रेड-पकौड़े-चाय बेचने वाले गुमटी के पीछे कुछ दूरी पर आधा लीटर बरामद किया। इस पर पड़रिया निवासी ही स्व. रूपचंद सिंह के पुत्र रमेश कुमार को गिरफ्तार कर ली। इसकी सूचना मिलते हीं गांव के सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए और गिरफ्तार व्यक्ति को निर्दोष बताते हुए



छोड़ने की मांग करने लगे। गांव के संतोष कुमार, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, भरत राम वार्ड पार्षद, कदीर अंसारी, मुरलीधर सिंह, प्रवीण कुमार पासवान, मनोज कुमार, लड्डू कुमार, राजेश कुमार, मयूरी अंसारी, मिथुन कुमार, नीरज कुमार व सहित अन्य सैकड़ों लोगों ने बताया कि रमेश कुमार एक स्वच्छ छवि वाला व्यक्ति है। जिसका शराब से दूर दूर तक कोई रिस्ता नहीं है। किसी ने साजिश कर रमेश को फंसाने की कोशिश की है। पुलिस द्वारा बरामद किया गया शराब रमेश की गुमटी से नहीं बल्कि गुमटी के पीछे कुछ दूरी से मिला है। लोगों ने कहा कि जब तक रमेश को पुलिस नहीं छोड़ती है, हम सभी इसी थाना परिसर में जमे रहेंगे। अंततः पुलिस रमेश कुमार के छोड़ दिया।

### सहज वसुधा केंद्र के माध्यम से श्रमिकों को लाभ दिए जाने हेतु किया गया पंजीकृत

## श्रमिकों के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु श्रम संसाधन विभाग तत्पर

**केटी न्यूज/काराकाट**

रविवार को रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्रखंड क्षेत्र के बुढ़वल पंचायत में श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह के विशेष निर्देश पर श्रमिकों का बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन एवं बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में 159 श्रमिकों की उपस्थिति रही।

जबकि ऑनलाइन निबंधन हेतु 103 आवेदन प्राप्त हुए। स्थल पर आए श्रमिकों में से नवीकरण हेतु 20 जबकि योजना से संबंधित कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए। बिहार शताब्दी स्वाभाविक मृत्यु योजना का 4 आवेदन प्राप्त हुआ। कैंप में प्राप्त



आवेदनों को जिसे सीएससी के माध्यम से तत्काल ऑनलाइन करवाया गया। इसके साथ ही कुछ श्रमिकों के बीच का ऑनलाइन कार्ड बनाया गया। इस दौरान बुढ़वल पंचायत की मुखिया कुसुम देवी, उपमुखिया पूनम देवी, पंचायत समिति सदस्य जीतेन्द्र पाल, वार्ड सं 1 के वार्ड सदस्य भरत राम, वार्ड सं 02 के वार्ड सदस्य सोनिया देवी, वार्ड सं 04 की वार्ड सदस्य पिंटू देवी, वार्ड 5 सदस्य सुनैना देवी, वार्ड 6 सदस्य अशोक प्रसाद, वार्ड 7 सदस्य शांति देवी, वार्ड 8 सदस्य इंदु देवी, वार्ड 9 सदस्य चंचल कुमारी उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रमिकों से उनके हितार्थ बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ और पंजीकरण संबंधित जानकारी प्राप्त की और श्रमिकों का निबंधन भी करवाया।

इसके उपरांत उन्होंने आम जन और श्रमिक बंधुओं से योजनाओं के लाभ हेतु पंजीकरण कराने का आग्रह किया। देवाशीष कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी काराकाट, बब्लू कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दिनारा ने उनके दैनिक आय, कठिनाईयों और समस्याओं को भी सुना। साथ ही उन्हें सम्मानजनक जीविकोपार्जन हेतु सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के लिए विभाग के बोर्ड के तहत निबंधित कामगारों को लाभ दिए जाने हेतु अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि विभाग आपके हितार्थ सभी स्तरों पर कार्य करा रही है, जिसमें आपकी प्रमुख भागीदारी भी नितांत आवश्यक है।



## खबरें फटाफट

### लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाला गिरफतार

**जहानाबाद।** जिले के कड़ौना थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिन्होंने बेतिया जिला के मदनपुर में छिप के रह रहा दक्षिणी दौलतपुर निवासी राम सहाय को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि जिले के दक्षिणी दौलतपुर निवासी राम सहाय पूर्व में जमीन खरीद बिक्री का कारोबार किया करता था। जिसके नाम पर करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गया था। जिसके बाद उसने बेतिया जिला के मदनपुर में खैनी की दुकान खोल ली। एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों से दक्षिणी दौलतपुर निवासी राम सहाय जमीन राम सहाय ने जमीन दिलाने के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपए लेकर तथा अपना सम्पत्ति बेचकर फरार हो गया। उसके खिलाफ कड़ौना थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसको लेकर ने वारंट जारी किया था। अनुसंधान के क्रम में उसका लोकेशन मदनपुर मिला जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। राम सहाय पर कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### चाकू मारकर बुजुर्ग महिला की हत्या

**जहानाबाद।** काको बाजार में चाकू मार कर एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई है। मृतका 70 वर्षीया मालो देवी बतायी जा रही है, जो सब्जी बेचा करती थी। उनके बेटे कुणाल ने बताया कि उसकी मां घर में अकेली रहती थी। शनिवार की रात उसकी मां खाना खाकर सो गई। अगली सुबह जब वो घर पर आया तो देखा के दरवाजे का ताला टूटा पाया और अंदर उसकी मां की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। उनके शरीर पर कई जगह चाकू से वार किया हुआ है। उसका कहना है कि मुझे किसी से भी दुश्मनी नहीं था हत्या का कारण पता नहीं चल रहा है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। साथ ही, बेटे के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## जिले की 5850 महिलाओं को अंतरा की सुई लगाकर सारण को मिला राज्य में पहला स्थान

# सभी अस्पतालों में परिवार नियोजन के सभी साधन रहेंगे उपलब्ध: डीएम

♦ बोले सिविल सर्जन... एकमा ने 224 प्रतिशत के साथ जिले में पाया सर्वोच्च स्थान

**केटी न्यूज/छपरा**




जनसंख्या वृद्धि दर को कम करने के लिए ग्रामीण इलाकों में परिवार नियोजन से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी देने के बाद ही इस पर काबू पाया जा सकता है। हालांकि इसके लिए जिले के इच्छुक दंपत्तियों को सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत 11 से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। इस दौरान लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न सुविधाओं के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक सुविधा लाभ उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि जिले के लाभार्थियों को परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना अनवरत जारी रहेगा। क्योंकि पखवाड़े के बाद भी जिले के सभी अस्पतालों में परिवार नियोजन की सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। जिसका किसी भी लाभार्थी द्वारा स्वास्थ्य कर्मी या चिकित्सकों के सहयोग से लाभ उठाया जा सकता है। जिलेवासियों को ज्यादा से ज्यादा परिवार नियोजन सुविधाओं का लाभ उठा कर अपने परिवार को स्वस्थ और सुरक्षित रखना चाहिए। हालांकि सारण जिला हमेशा से राज्य में अव्वल आता रहा है। जिसको इस बार भी टॉप फाइव में अपना स्थान हासिल किया है

**परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति लोगों का बढ़ा विश्वास :** सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन से संबंधित सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती हैं। जिस कारण हाल के दिनों में परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास काफी बढ़ा है। हालांकि स्थाई साधनों के साथ गर्भ निरोध के अस्थाई साधन भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। परिवार नियोजन स्वस्थ व समृद्ध परिवार का आधार है। क्योंकि यह परिवार का आकार छोटा रखने और दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर रखने का सुलभ व आसान तरीका है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अमन समीर के दिशा निर्देश में अंतरा सुई (5850) लगाने में सारण जिला राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य से अधिक 143 प्रतिशत और 31355 ईसीपी देकर 87 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, वही कंडोम 856695 वितरण में 476 प्रतिशत के साथ दूसरा तो 57858 माला एन की गोली वितरण कर 80 प्रतिशत पूरा करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 2508 पीपीआईयूसीडी लगाकर 67 प्रतिशत और 54319 छाया गोली वितरण कर 75 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इसी तरह 39 पुरुष बंध्याकरण कर 33 प्रतिशत जबकि 635 महिला बंध्याकरण कर 40 प्रतिशत के साथ 24 वां स्थान प्राप्त कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाया गया है।

### परिवार नियोजन कार्यक्रम से संबंधित उपाय अपनाने वाले परिवारों में लगातार हो हुआ इजाफा

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक जिले में पांच साल के दौरान नियोजन संबंधी उपाय अपनाने वाले परिवार की संख्या में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिले में 15 से 49 साल के बीच मां बनने वाली 40 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी नियोजन उपायों को अपनाती हैं। इसमें से लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं परिवार नियोजन के लिए आधुनिक तरीकों पर विश्वास करती हैं। वहीं स्थायी रूप से परिवार नियोजन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ कर 30 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हालांकि वर्तमान में एक प्रतिशत महिलाएं आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी का इस्तेमाल करती हैं। वहीं 0.9 प्रतिशत महिलाएं गर्भ निरोधक गोलियों का इस्तेमाल करती हैं। आंकड़ों के अनुसार नियोजन के लिए लगभग 05 प्रतिशत कंडोम या गर्भ निरोधक सुई का इस्तेमाल होता है।

## बदमाशों ने घर के बाहर पत्नी के साथ सो रहे अधेड़ को मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव में शनिवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने पत्नी के साथ घर के बाहर सो रहे एक अधेड़ को गोली मार दी। जख्मी अधेड़ को गोली दाहिने साइड सिर में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश फरार हो गए हैं। उसके बाद पर परिजन द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी सुनील साव है। जो पेशे से किसान हैं। इधर जख्मी अधेड़ की पत्नी मालती देवी ने बताया कि शनिवार की मध्य रात्री उनके पति घर के बाहर मच्छरदानी में सोए हुए थे और वह उनके पैर के पास वह भी सोई हुई थी। तभी दो हथियारबंद बदमाश आए और उनके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही जब खून का फुआरा उनके शरीर पर पड़ा तो वह जगी और चिल्लाते हुए बोली की जा रे नातिया गोली मार देलांसो। इसके बाद वह दोनों बदमाश वहां से भाग गए। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर घर में सो रहे अन्य सदस्य फौरन बाहर आए तो उन्होंने देखा कि वह खून से लतपथ होकर जख्मी हालत में बिस्तर पर पड़े हैं। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि अभी उनकी हालत नाजूक बजाई जा रही है।

## जेपी स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चला हर घर तिरंगा कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**केटी न्यूज/आरा**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महिला मोर्चा के तत्वावधान मे कार्यक्रम की शुरूआत आरा जेपी स्मारक स्थित लोकनायक जय प्रकाश नारायण की मूर्ति की सफाई और माल्यार्पण से हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता सिंह के साथ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सुबह जेपी स्मारक परिसर में इकट्ठा होकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान स्मारक परिसर सहित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की मूर्ती की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के बाद जयप्रकाश नारायण की मूर्ति पर उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया और भारत माता की जय,जय प्रकाश नारायण अमर रहे आदि नारे लगाए गए।

मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, लव पांडेय, महामंत्री पुनम कुशवाहा, अशोक शर्मा,संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, ज्योति कुशवाहा, निशांत सिंह सेंगर,वरूण सिंह,मणी कुमार आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि 12 अगस्त को किसान मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान और महापुरुषों का माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम मे किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होंगे।

## एक नजर

### बच्चों को दी जा रही बाढ़ से बचाव की जानकारी




**छपरा।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में बाढ़ एवं नाव दुर्घटना से बचाव करने का तरीका सिखाया गया। इस क्रम में इस दौरान बाढ़, चोट लगने पर रक्तस्त्राव को रोकने तथा सर्पदंश से बचाने के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया गया।दिघवारा प्रखण्ड के मध्य विद्यालय निजामचक और अमनौर प्रखण्ड के हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज अमनौर में बच्चों को बाढ़ के दौरान को पानी के बोतल, केले के तना का इस्तेमाल कर बाढ़ के पानी से बाहर कैसे निकला जा सकता है, इसके बारे में भी बताया गया। शिक्षक विश्वनेक समदर्शी ने बाढ़ के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बाढ़ के समय राहत व बचाव कार्य के साथ ही प्राकृतिक आपदा के समय बचाव करने का बच्चों को प्रशिक्षण दिया। शिक्षक अनीश कुमार सिंह ने कहा कि बाढ़ से गांवों का संपर्क टूट जाता है, सड़क के रास्ते गांवों एवं बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में इस आपदा से अच्छी प्रकार से निपटने के तरीके बताए। साथ ही बाढ़ में फंसे लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती है और दुर्घटना के दौरान पानी में डूब जाने के बाद किस प्रकार से व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कर जान बचाई जाती है इसकी जानकारी दी। मौके पर प्राचार्य योगेंद्र राम, पराग त्रिपाठी, धृति कना प्रसाद, विभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, पशुपति कुमार, अरविंद राम, गजेंद्र सिंह, पूजा कुमारी, संजना कुमारी आदि उपस्थित थे।

### जलजमाव की समस्या से निदान की मांग




**छपरा।** शहर में जलजमाव की समस्या आम हो गयी है,शायद ही ऐसा कोई वार्ड होगा जहां जलजमाव की समस्या नहीं हो।अमूमन यह देखा गया है कि साफ-सफाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जाती है। नतीजा यह होता है कि स्थिति जस की तस रह जाती है। वार्ड सदस्य सुमित कुमार सिंह ने कहा कि प्रभुनाथ नगर रोड पर हल्की बारिश से ही जलजमाव की स्थिति रहती है। जिस कारण इस रास्ते से गुजरने वालों की फजीहत हो जाती है,लेकिन मजबूरी है कि लोगों को इधर से आवागमन करना ही पड़ता है। यहां नाले का स्तर सड़क से ऊंचा है,ऊपर से सफाई नहीं होने के कारण वह जाम पड़ा है। नतीजतन नाले का पानी सड़क पर ही बहता है। बरसात के पानी की निकासी भी नाले के माध्यम से नहीं हो पाती। नतीजतन वर्ष के अधिकांश महीने जलजमाव की स्थिति रहती है। यह गंदा पानी दुर्गंध तो देता ही है, इसमें कीड़े-मकोड़े भी पनप रहे हैं। कीड़े मकोड़े नाले के रास्ते घर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं। मोहल्ले में बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। अगर यह समस्या आगे तक बनी रही क्षेत्र में महामारी भी फैल सकती है। मोहल्ले के बच्चों को इस रास्ते से विद्यालय जाने में भी कठिनाई होती है। लोग नाले के स्लैब पर चढ़कर आते-जाते हैं। सड़क पर जलजमाव के कारण विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतें आती है। कई बार साइकिल समेत बच्चे इसमें गिरते पड़ते हैं। इस कारण दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। वार्ड सदस्य ने कहा कि स्थानीय प्रशासन से हमारी मांग है कि शीघ्र इस समस्या का निदान किया जाए।




# विद्युत विभाग का चेकिंग अभियान : 65 बड़े बकाएदारों के काटे गए कनेक्शन

♦ 85 उपभोक्ताओं से आठ लाख तीस हजार की बकाया वसूली

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के अधिशासी अभियंता गोपीचंद भास्कर के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक गावों में नेवर पेड उपभोक्ताओं के खिलाफ सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके चलते उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी मच गई। इस अभियान के तहत 65 बड़े बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। जबकि 85 उपभोक्ताओं से आठ लाख तीस हजार ( आठ लाख 30 हजार) के बकाए बिल के राजस्व की वसूली विद्युत विभाग की टीम के द्वारा किया गया। इसके अलावा विद्युत विभाग के द्वारा कई नये कनेक्शन देने के साथ ही, नये मीटर भी लगाए गये। इस अभियान के दौरान अधिशासी अभियंता गोपीचंद भास्कर ढढनी विद्युत उपकेंद्र पर अचानक धमक पडे.। जिससे कि कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने परिसर स्थित स्वीच यार्ड, कंट्रोल रूम, पैनल रूम सहित अभिलेखों का गहनता से अवलोकन किया।



उन्होंने निर्देश दिया कि बकाए विद्युत बिलों की वसूली में ढिलाई न बरती जाए।साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि इलाके में चोरी के विद्युत उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा और जुर्मना दोनों लगाया जाए। इसमें किसी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर विद्युत कर्मियों के खिलाफ भी कार्यवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में यह चेकिंग अभियान रेवतीपुर, सुहवल, ढढनी, सब्बलपुर, गोंहदा, अंवती, दिलदारनगर, सायर, भदौरा आदि गावों में यह सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान इलाके के सभी विद्युत उपकेंद्र के तहत चलाया गया है।अधिशासी अभियंता गोपीचंद भास्कर ने बताया कि आज नेवर पेड़ उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 65 ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिनके उपर 27 लाख का भारी भरकम बकाया था। जबकि 85 उपभोक्ताओं से आठ लाख 30 हजार के बकाए राजस्व की वसूली की गई। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने चेताया कि चोरी से विद्युत का उपयोग न करें अन्यथा पकडे जाने पर मुकदमा और जुमार्ना दोनों लगेगा।

इस अवसर पर एसडीओ आलोक कुमार, अवर अभियंता दीपक दूबे, प्रिंस कुमार सिंह, सुरेश कुमार, तारा शंकर, इन्द्रजीत पटेल, आशीष यादव, राम प्रदेश, कमलेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान की मौत से गांव में पसरा सन्नाटा



**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक के हसनपुरा ग्राम पंचायत के वर्तमान प्रधान उपेंद्र यादव उर्फ कल्लू यादव- 26 का रविवार को लंबी बीमारी के चलते गाजीपुर स्थित जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी परिजनों सहित गांव के लोगों को होते ही उनमें शोक की लहर दौड गई। जबकि गांव में घटना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा है। उधर इसकी सूचना ब्लाक मुख्यालय पर अधिकारियों को होते ही उनमें भी शोक की लहर दौड गई। मृत ग्राम प्रधान के पैतृक आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों पंचायत विभाग के कर्मियों आदि का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। उधर ग्रामीण मृत ग्राम प्रधान के परिजनों को सांत्वना देने में जुटे हैं। मालूम हो कि बीते 2021 में हसनपुरा ग्राम प्रधान का चुनाव हुआ था। जिसमें सामान्य सीट थी, इस दौरान चुनाव में उपेंद्र यादव उर्फ कल्लू यादव ने गाँव के ही ऋषिकेश राय को 110 मतों से पराजित कर ग्राम प्रधान का चुनाव जीत लिया था। मृत ग्राम प्रधान के माझिल भाई सतेंद्र यादव ने बताया कि वह तीन भाई थे।, जिसमें मृत ग्राम प्रधान उपेन्द्र यादव उर्फ कल्लू यादव उसका सबसे छोटा भाई था। बताया कि उसके सबसे बडे भाई विनोद यादव जो अरूणाचल पुलिस में थे,कुछ माह पहले उनक निधन हो गया। बताया मृत उसका भाई व प्रधान की अभी शादी नहीं हुई थी। भाई ने बताया कि मृतक उसका सबसे छोटा भाई शुरू से ही राजनीति में आने की इच्छा पाले हुए था। वह काफी मिलनसार होने के साथ ही गांव के हर तरह के सामाजिक कार्यो में चढ़बढ़ कर निःस्वार्थ भाव से भाग लेता था। मृतक जे भाई ने बताया उसका छोटा भाईव वर्तमान ग्राम प्रधान पीलिया से काफी दिनों से ग्रसित था। इस घटना के बाद बीडीओ कौस्तूभ मणि पाठक ने मृत ग्राम प्रधान की सूचना जिले के डीएम,जिला पंचायत राज अधिकारी, सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों को पत्र के जरिए सूचना प्रेषित कर दी है।डीपीआरओ अंशुल मौर्या ने बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान के मौत की सूचना मिली हैं, पंचायत का विकास कार्य रुकने नहीं दिया जाएगा, बताया कि इसके लिए जल्द ही गाँव के निर्वाचित सभी वार्ड सदस्यों की सूची डीएम को भेंजी जाएगी।

### डुहियां ग्राम प्रधान पति समेत दो लोगों को पुलिस ने दबोचा, सात साल पहले के मामले में थे आरोपी

**गाजीपुर।** सुहवल थाने की पुलिस ने रविवार को कोर्ट के द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर डुहियां ग्राम प्रधान पति सहित दो लोगों को



सात साल पहले एक सरकारी निशानदेही के पीलर को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में दबोच लिया। पुलिस ने थाने लाकर दोनों से पूछताछ के बाद उनका मेडिकल मुआयना कराने के बाद संबंधित धाराओं में चालान कर सक्षम न्यायालय में पेश किया, जहां आरोपों की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रेट ने उन्हें चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 2016 में उक्त डुहियां ग्राम पंचायत में जमीन के नापी के बाद उसकी निशानदेही करते हुए एक सरकारी पीलर को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगा था। इसके बाद उक्त दोनों के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस दौरान कोर्ट से जमानत मिलने के बाद से ही वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। बताया कि कोर्ट के द्वारा बार बार नोटिस दिए जाने व उसके बाद भी न्यायालय में हाजिर होता न देख कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गैर जमानतिय वारंट जारी कर पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस ने आज उपनिरीक्षक सन्तराम यादव आरक्षी क्रमशः जुनैद अहमद और जितेन्द्र प्रसाद ने सूचना पर उनके घर दबिश देकर प्रधान पति विनीत राय और एक अन्य संजय राय निवासी डुहिया को उनके घर से दबोच लिया गया,जो कही,भागने की फिराक में थे।प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि? सीजेएम कोर्ट में चल रहे मुकदमें के ट्रायल के दौरान हाजिर न होने पर प्रधान पति और एक अन्य के खिलाफ एलबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था,जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों के घर दबिश देकर दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इसके बाद दोनों को उनके घर से दबोच कर उनका चालान कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जिला जेल भेंज दिया गया।

## खबरें फटाफट

### सरयु के छाड़न में डूबने वृद्ध की मौत

**बलिया।** बांसडीह क्षेत्र के सरयू नदी किनारे भोजपुरवा गांव में शनिवार की शाम नदी की छाड़न में डूबने वृद्ध की मौत हो गयी। कोतवाली क्षेत्र के गोसाईपुर गांव निवासी सैदनाथ यादव 61 वर्ष अपने दामाद बलिराम यादव के घर भोजपुरवा गांव गए हुए थे। वहां से वापस पैदल लौटते समय गांव से दूर सरयु के छाड़न में कम पानी समझ कम दूरी तय करने के प्रयास में सैदनाथ गहरे पानी में चले गये। चीखने, चिल्लाने पर कुछ दूर पर मौजूद लोगों ने उन्हें डूबते देखा और शोर मचाते हुए पास आये। लेकिन सैदनाथ पानी में डूब चुके थे। ग्रामीणों ने पानी मे घुसकर सैदनाथ को बाहर निकाला, लेकिन उनकी मौत हो गयी थी।

### डायल 112 नंबर के वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**बलिया।** फेफना पुलिस पिकेट से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित बाल सुधार गृह के ठीक सामने रविवार की दोपहर डायल 112 नंबर की गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची फेफना थाने की पुलिस ने बाइक व डायल 112 नंबर की गाड़ी को कब्जे में लेकर थाने ले गई। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मोहान के मठिया निवासी सरोज गिरी व रविशंकर गिरी एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से बलिया किसी काम से आ रहे थे। अभी फेफना पुलिस पिकेट से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित बाल सुधार गृह के ठीक सामने पहुंचे ही थे कि डायल 112 नंबर की गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची फेफना थाने की पुलिस ने बाइक व डायल 112 नंबर की गाड़ी को कब्जे में लेकर थाने ले गई।

## मऊ जनपद में मानव तस्करी के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

# फर्जी मां बाप बन नाबालिग लड़की को राजस्थान में बेचा, मचा हड़कंप

♦ फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर नाबालिग की 35 वर्षीय एक युवक से कर दी शादी



**केटी न्यूज / मऊ**

जनपद में मानव तस्करी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले की चारों तरफ चर्चा चल रही है। बताया जाता है कि मऊ जनपद की रहने वाली नाबालिग लड़की को दो महिलाओं सोनी पत्नी कर्मवीर और उर्मिला पत्नी पवन कुमार ने मिलकर के राजस्थान में बेच दिया। इसके बाद वहां के धन्नाराम ने नाबालिग लड़की से शादी रचा ली। कुछ दिन पहले जब लड़की ने अपनी मां से मिलने की जिद की तो उसका पति धन्नाराम उसे लेकर मऊ जनपद के मुहम्मदाबाद उसके गांव पहुंचा। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद मऊ पुलिस सक्रिय हुई और मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया। ज्ञातव्य है कि मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की घर से नाराज होकर के मऊ कोतवाली शहर क्षेत्र में पहुंची। जहां पर उसकी मुलाकात सोनी गुप्ता और उर्मिला से हो गई। जो उसे बहला फुसला करके राजस्थान ले गए और वहां पर धन्नाराम को 100000 में बेच दिए।

यूपी के मऊ से ले जाकर राजस्थान में लड़की को 100000 में बेचने के बाद मऊ निवासी पति पत्नी ने अपना फर्जी आधार कार्ड बनवा और साथ ही नाबालिग का भी फर्जी आधार कार्ड बनवा करके 35 वर्षीय धन्नाराम से शादी कर दिए। उसके बाद सभी वापस लौट आए। कुछ महीने बाद जब लड़की ने घर आने की जिद किया तो उसके पति धन्नाराम मां-बाप से मुलाकात कराने राजस्थान से वापस मऊ ले आया। यहां पर लड़की ने सारी आपबीती सुनाई तो मामले का खुलासा हुआ।

### थाने में दर्ज था लड़की के अपहरण का मामला

इसके पहले लड़की के गायब होने पर खोजबीन के बाद घरवालों ने लड़की के अपहरण का मुकदमा गांव के ही दो युवकों के खिलाफ थाने में दर्ज कराया था। मामले की जांच चल रही थी। इस सनसनीखेज मामले में सीओ मुहम्मदाबाद डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने कहा कि लड़की के अपहरण का मामला थाने में दर्ज था। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही थी। मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने राजस्थान जा कर छापेमारी करके लड़की को बरामद किया,और सभी आरोपियों को संगीन धाराओं में जेल भेज दिया। लड़की को वन स्टॉप सेंटर पर रखा गया है। मेडिकल परीक्षण और लड़की के बयान के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

## वर्षों से बदहाल लावा-आरीपुर मार्ग का एमएलसी प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण, सपा पर कसा तंज

♦ जनता के दर्द व समस्या को दूर करने का जो विषय हो उस पर नहीं होनी चाहिए राजनीति



**केटी न्यूज / गाजीपुर**

जनपद के जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के लावा आरीपुर मार्ग का गाजीपुर एमएलसी विशाल सिंह चंचल के प्रतिनिधि प्रदीप पाठक ने निरीक्षण किया। प्रदीप पाठक ने लावा मोड़ से जयंतीदासपुर, बाबूरायपुर, मानपुर, नवादा होते हुए सुभाकरपुर लावा चट्टी तक विभागीय अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। इस मौके पर संबंधित पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अनिल वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क में जो गड्ढे हैं उन्हें गड्ढा मुक्त किया जाए और जहां जलजमाव की स्थिति है उस जल के निकासी की तत्काल व्यवस्था की जाए। इस निर्माण कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कहा कि क्षेत्र के इस सड़क की दशा देखकर शासन ने 25 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। वहीं उन्होंने क्षेत्रीय सपा विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव के द्वारा पूर्व में इस सड़क पर धान की रोपाई करने के सवाल पर कहा कि विधायक का परिवार इस विधानसभा के गठन के बाद से ही काबिज है। लेकिन वह अपना फोटो लगाकर गेट बनाने में ही व्यस्त हैं। जनपद के ये पहले विधायक हैं जिन्हें यह भी नहीं पता है कि धान की रोपाई कहां की जाती है। खैर यह सड़क जनता के दर्द और समस्या को दूर करने का विषय है ना की राजनीति करने का।

विधायक को ज्ञात होना चाहिए कि इसी सड़क के निर्माण के लिए सपा के शासनकाल में प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकरियों पर लाठीचार्ज कराया गया था और उन पर फर्जी तरीके से मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। लेकिन आज धान रोपने की बात याद आई। भारतीय जनता पार्टी के सरकार में जनता को अपनी समस्या को लेकर आवाज उठाने की पूरी आजादी है। प्रतिनिधि को जन समस्याओं को सुनने का काम किया जाना चाहिए ना की राजनीति के तहत लाठी चार्ज किया जाना चाहिए। बिरनो ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, सचिंद्रनाथ सिंह ,लल्लन, योगेश सिंह, विवेकानंद पांडे, अभिमन्यु सिंह, गुड्डू गुप्ता, रणधीर सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, अमित सिंह, संजय सिंह, जीवा भाई, भरत सिंह, श्याम बली मद्धेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एके 47 के जिंदा कारतूस सहित अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** गड़वार थाने की पुलिस ने रविवार की दोपहर हजौली नारापार गांव से दो आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से तीन पिस्टल, एक रिवाल्वर, एक कट्टा, एक रायफल,14 जिंदा कारतूस व एक प्रतिबंधित एके 47 का जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों का नाम डब्लू सिंह उर्फ विनय सिंह निवासी हजौली नारापार व बब्लू सिंह निवासी हजौली नारापार है। गड़वार थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में हजौली नारापार गांव में खड़े हैं। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जमा तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय भेज दिया गया।

### आकाशीय बिजली से अधेड़ की मौत

**पकडीबलिया।** शनिवार को देर शाम आयी बारिश के दौरान चकरा गाँव निवासी बीरबल उर्फ सियाराम चौहान 55 वर्ष की आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।




## जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन में निमार्णाधीन ट्रांजिट हॉस्टल (जी+8) का किया निरीक्षण

# सितंबर माह तक कार्य पूर्ण न होने पर अर्थ दंड की दी चेतावनी

♦ कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को सितंबर के अंत तक हैंड ओवर करने का दिया निर्देश



**केटी न्यूज/ मऊ**

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने पुलिस लाइन में निमार्णाधीन ट्रांजिट हॉस्टल( जी +8 )के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 15.8734 करोड़ रुपए है।यह परियोजना 3 मार्च 2020 को स्वीकृत हुई थी।इस परियोजना को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2023 थी, लेकिन अभी तक परियोजना का 92% ही कार्य पूर्ण हुए हैं।इस परियोजना के ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है।बाहर के प्लास्टर, सैनेट्री एवं वाह्य विकास का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा टाइल्स, कोटा पुट्टी एवं फिनिशिंग का कार्य भी अभी पूर्ण नहीं हुआ है। इस परियोजना की कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड वाराणसी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को सितंबर के अंत तक परियोजना के समस्त कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सितंबर माह तक कार्य पूर्ण न होने पर कार्यदाई संस्था पर अर्थ दंड लगाने की भी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने सारे निर्माण कार्य को पूर्ण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक इलमारन जी,कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कंपोजिट विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



मऊ ।जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने शिक्षा क्षेत्र रानीपुर के इंग्लिश मीडियम कंपोजिट विद्यालय गोकुलपुरा का आकस्मिक परीक्षण किया। जिला अधिकारी के पहुंचने के समय भोजन अवकाश का समय था। उन्होंने स्वयं मध्यान्ह भोजन का स्वाद चखा तथा भोजन की गुणवत्ता ठीक पाए जाने पर संतोष जताया। उन्होंने कक्षाओं का भी निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर शिक्षा के गुणवत्ता की जांच भी की। कंपोजिट विद्यालय पर सारी व्यवस्थाएं ठीक पाए जाने पर उन्होंने प्रधानाध्यापक ब्रह्मानंद सिंह सहित अन्य अध्यापकों/ अध्यापिकाओं को शाबाशी देते हुए और भी बेहतर प्रयास करने को कहा, जिससे जनपद में विद्यालय का नाम सम्मान से लिया जा सके। विद्यालय परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक पाई गई। सारे अध्यापक भी उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने एक शिक्षक के रूप में भी बच्चों की क्लास ली तथा उन्हें बेहतर भविष्य बनाने हेतु नियमित स्कूल आने तथा मेहनत से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया।



# 25 से 29 सितंबर तक उत्तर प्रदेश आयोजित करेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का दूसरा संस्करण

♦ यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया करेगी उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' का साक्षात्कार: मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज / लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' से दुनिया भर के उद्यमियों, विनिमार्ताओं और व्यापारियों को परिचित कराने वाले महत्वपूर्ण आयोजन 'उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी 25 से 29 सितंबर तक होगा। इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का पहला संस्करण 21 से 25 सितंबर 2023 तक आयोजित किया गया था। जिसमें 2,000 एक्जिबिटर और 60 देशों से आए 500 से अधिक तथा देश के विभिन्न प्रान्तों से आए 70 हजार से अधिक खरीददारों सहित 03 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता हुई थी। इस दौरान 01 लाख से अधिक नए व्यापारिक सूत्रों का उद्भव देखने को मिला था। 2023 में पहला प्रयास आशातीत सफलता दिलाने वाला रहा, अब इस वर्ष शो की थीम 'सोर्सिंग का अद्वितीय मंच' रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के माध्यम से पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के अद्भुत 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' से साक्षात्कार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो, उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इसे भव्य स्वरूप देने में कोई कसर न रखी जाए। ट्रेड शो में अब तक 2500 से अधिक एक्जिबिटर्स का पंजीयन पर प्रसन्नता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेड शो के सफल आयोजन में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग प्रोत्साहन एवं आंतरिक व्यापार विभाग और एमएसएमई मंत्रालय की ओर से अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। अधिकाधिक देशों में तैनात भारतीय राजदूतों/उच्चायुक्तों से लगातार संवाद बनाते हुए और अधिक विदेशी खरीदारों, उद्यमियों, कंपनियों को आमंत्रित किया जाए। यह मल्टीसेक्टोरल ट्रेड शो हमारे स्थानीय उद्यमियों, उत्पाद और शिल्प को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने में बड़ा सहायक बनने जा रहा है।

### 05 दिवसीय ट्रेड शो में होगा हर दिन विशेष थीम

ट्रेड शो को भव्य बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 05 दिवसीय इस महत्वपूर्ण ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नॉलेज सेशन भी आयोजित किए जाएं। इरडा के सहयोग से बीमा सेक्टर पर सत्र आयोजित किया जाए, इसी प्रकार, नवाचार और स्टार्टअप को लेकर प्रदेश में हुए प्रयासों पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित हों। विशेष सत्रों में केंद्रीय मंत्रीगणों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। ट्रेड शो में खादी केंद्रित फैशन शो भी आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी 05 दिन उत्तर प्रदेश की कला संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी कराई जाएं, साथ ही सभी के लिए उत्तर प्रदेश के जायकेदार व्यंजनों से परिचय कराते विशेष स्टॉल लगाए जाएं।

## एक नजर

### पुलिसकर्मी का पिस्टल छीनकर भाग रहे गैंग रेप के आरोपी को पैर में लगी गोली



**चंदौली।** नौगढ़ पुलिस और बदमाशों के बीच नौगढ़ थाना क्षेत्र के दिलबरवा पहाड़ी पर मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग के दौरान पुलिस की गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी। आनन फानन में दोनों बदमाशों को नौगढ़ सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आपको बता दें नौगढ़ थाने में 9 अगस्त को गैंगरेप के मामले में दर्ज मुकदमे में इन दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और इनको कोर्ट में रिमांड के लिए पेश करने के लिए पुलिस ले जा रही थी। जानकारी के अनुसार नौगढ़ थाना क्षेत्र के गहिला बाबा क्षेत्र में आठ अगस्त को एक नाबालिक छात्रा से गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया था। सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र की निवासी इंटर की छात्रा अपने दोस्त के साथ नौगढ़ के पिकनिक स्पॉट पर घूमने आई थी। इस दौरान तीन युवकों ने छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। नौ अगस्त को इंटर की छात्रा के परिजन नौगढ़ थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पुलिस आरोपियों में गिरफ्तार करने में जुट गई थी। नौगढ़ पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट ले जा रही थी। नौगढ़ थाना क्षेत्र के दिलबागरा पहाड़ी के पास नौगढ़ चकिया मार्ग पर पुलिस की गाड़ी खराब हो गई। इस दौरान नौगढ़ थाना क्षेत्र के जय मोहनी इलाके के रहने वाले दोनों आरोपी अभिषेक यादव और सुनील यादव ने मौका देखकर पुलिसकर्मी का पिस्टल छीन लिया और जंगल में भागने लगे। इस दौरान पुलिस टीम ने जब दोनों को पीछा किया तो मुठभेड़ हो गई। दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग के दौरान पुलिस की गोली दोनों बदमाशों के पैर में लग गई। दोनों बदमाशों को पुलिस ने नौगढ़ सीएससी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हे ने बताया कि दोनों बदमाशों को रिमांड पर लेने के लिए पुलिस टीम कोर्ट ले जा रही थी। इस दौरान पुलिस गाड़ी खराब होने के दौरान दोनों बदमाश पुलिसकर्मी का पिस्टल छीन कर जंगल की तरफ भागे। इस पर भाग रहे बदमाशों का पुलिस टीम ने पीछा किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लग गयी। दोनों को नौगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। स्वस्थ होने के बाद कोर्ट के समक्ष दोनों को पेश किया जाएगा।

### संविधान में मिले अधिकारों से गरीब तबका वंचित: सांसद वीरेंद्र सिंह

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई की ओर से रविवार को नरसिंहपुर खुर्द स्थित पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस संगोष्ठी कार्यकताओं पदाधिकारियों ने चर्चा किया। इस दौरान गाजीपुर के पूर्व सांसद जगदीश प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सपा कार्यालय पर जो संविधान स्थापित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान की भाजपा सरकार से संविधान को बचाना है। वही समाज के सभी वर्ग के लोगों को उनके हक और अधिकार को दिलाना है। जो संविधान में दिए गए अधिकारों से वंचित हैं। सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक व महिलाओं के लिए जो व्यवस्था दी गई है। इस वर्गों के लोगों को आज भी उनका हक और अधिकार नही मिल पाया है। समाज के सभी वर्गों को हक और अधिकार के दिलाने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए का गठन कर उनकी आवाज बनने का काम किया है। सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में वंचित वर्गों के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था दिए थे, लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार संविधान व आरक्षण को खत्म करना चाहती है। इसके लिए हम सभी को अब संघर्ष करने की जरूरत है तभी हमारे संविधान और सम्मान की रक्षा हो सकती है। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए आज समाजवादी पार्टी संघर्ष कर रही है। सभी कार्यकताओं पदाधिकारी गांव में जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के बताए हुए रास्तों पर चलने के साथ उनको प्रेरित करें।

## खबरें फटाफट

### कमिश्नर ने सड़क का किया निरीक्षण

**चंदौली।** आयुक्त वाराणसी मंडल वाराणसी कौशल राज शर्मा शनिवार को रेमा मोड चकिया बाईपास तिराहा से बबुरी लेवा तक स्वीकृत चौड़ीकरण रोड का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा कि इसमें गुणवत्ता परक कार्य होने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने चौड़ीकरण रोड़ से जुड़े संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी शासन के मंशा है उसके अनुरूपी कार्य करें। प्रस्तावित फोर लेन रोड़ चौड़ीकरण की कुल दूरी 13.765 किलो मीटर तक की है। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने आयुक्त वाराणसी मंडल वाराणसी को स्वीकृत चौड़ीकरण रोड़ की उपयोगिता एवं कार्य की प्रगति से अवगत कराया।इस दौरान उप जिलाधिकारी पीडीडीयू नगर आलोक कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदाई संस्था उपस्थित रहे।

### प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में मऊ टॉप 10 में शामिल

**मऊ ।** सीएम डैशबोर्ड आधारित जुलाई माह की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में जनपद मऊ ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। जुलाई माह की जारी रैंकिंग में प्रथम स्थान पर जनपद महाराजगंज, द्वितीय स्थान पर जालौन तथा तृतीय स्थान पर बरेली है। जुलाई माह की इस रैंकिंग में सबसे खराब प्रदर्शन प्रयागराज का रहा है, जो अंतिम स्थान पर है। रैंकिंग जारी करने हेतु निर्धारित कुल 10 अंको में से जनपद मऊ ने 8.18 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान हासिल किया है। ज्ञातव्य है कि जून माह की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में जनपद मऊ का 59वा स्थान था, परंतु जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र के कुशल मार्गदर्शन एवम् निर्देशन में जनपद ने विकास एवं राजस्व कार्यों की सम्मिलित जारी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाते हुए प्रदेश स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया है जिलाधिकारी ने जनपद मऊ के रैंकिंग में अपेक्षित सुधार होने पर संबंधित अधिकारियों के कार्यों की सराहना की है।

### महिला संबंधी अपराध के मामलों के निस्तारण में सीएम ने जताई नाराजगी, कहा

# खराब प्रदर्शन वाले जिलों के पुलिस अफसरों नहीं सुधरे तो गिरेगी गाज

♦ सीएम ने लापरवाह एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नर को लगाई फटकार
♦ महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण में यूपी अव्वल, पर कुछ जिलों की परफॉर्मेंस खराब
♦ कॉम्प्लाएंस, पेंडेंसी और डिस्पोजल रेट में खराब परफॉर्मेंस वाले अफसरों को सीएम ने दिये कड़े निर्देश

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रूख अख्तियार किया है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी है। साथ ही सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि सीएम योगी के अल्टीमेटम के बाद भी सुधार न होने पर कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। वैसे तो उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश में पहले स्थान पर है। बावजूद इसके प्रदेश के कई जिलों का महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण का रेश्यो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षा के अनुरुप नहीं है। सीएम योगी की मंशा है कि महिला संबंधी अपराधों का निस्तारण शत-प्रतिशत होना चाहिये, जबकि प्रदेश के कुछ जिलों का रेश्यो 80 से 90 प्रतिशत के बीच है। गृह विभाग के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस (आईटीएसएसओ) पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज कमिश्नरेट का कॉम्प्लाएंस रेट क्रमशः 80.48 प्रतिशत है। वहीं प्रतापगढ़ का कॉम्प्लाएंस रेट 84.31 प्रतिशत, कानपुर देहात का 85.37 प्रतिशत और चित्रकूट का 86.27 प्रतिशत है। इस पर सीएम योगी ने बेहद नाराजगी जाहिर की है। सीएम ने इन जिलों के अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधों पर लगाम लगाने के साथ दर्ज मामलों में कम से कम समय में आरोपियों को सजा दिलाने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह बरेली में महिला अपराध संबंधी 2997 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 8 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.27 प्रतिशत है। अलीगढ़ में 1910 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 6 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.31 प्रतिशत है। सुल्तानपुर में 952 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 3 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.32 प्रतिशत है। फतेहगढ़ में 767 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 2 मामलों की फाइनल रिपोर्ट पेंडिंग है, जिसका रेश्यो 0.26 प्रतिशत है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राथमिकता के आधार पर पेंडिंग मामलों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने इसको लेकर वह एक माह बाद भी समीक्षा करेंगे अगर स्थिति संतोषजनक नहीं मिली तो बेपरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।



### अल्टीमेटम के बाद भी नहीं सुधरे तो होगा कड़ा एक्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी के सामने आईटीएसएसओ पोर्टल के आधार पर 1 अपैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश भर के राज्यों में पहले स्थान पर है। प्रदेश का निस्तारण रेश्यो 98.70 प्रतिशत है। वहीं केंद्र शासित राज्यों में लद्दाख पहले और दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव दूसरे स्थान पर है। इस पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए गृह विभाग की पीठ थपथपाई। वहीं अधिकारियों ने रिपोर्ट के आधार पर सीएम को बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों के अधिकारी निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं हैं। रिपोर्ट में उनकी लापरवाही सामने आयी है। इस पर सीएम योगी ने नाराजगी जाहिर करते हुए ऐसे अधिकारियों (एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नर) को एक माह में सुधार लाने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही अधिकारियों को एक माह बाद लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट शासन को उपब्लध कराने के निर्देश दिये हैं। माना जा रहा है कि यदि लापरवाह अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो उन पर गाज गिर सकती है। अधिकारियों के अनुसार इन जिलों में निस्तारण का रेश्यो 80 से 90 प्रतिशत के बीच है जबकि सीएम योगी महिला एवं बच्चियों संबंधी अपराधों के निस्तारण का रेश्या शत-प्रतिशत चाहते हैं।

### अमरोहा का डिस्पोजल रेट 97.81 प्रतिशत तो बाराबंकी का 98.04 प्रतिशत

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अमरोहा में महिला अपराध संबंधी 1142 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 1117 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका डिस्पोजल रेट 97.81 प्रतिशत है। बाराबंकी में 1580 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 1549 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका डिस्पोजल रेट 98.04 प्रतिशत है। लखनऊ कमिश्नरेट में 2686 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 2636 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका डिस्पोजल रेट 98.13 प्रतिशत है। इसी तरह प्रतापगढ़ में 1246 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 1223 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका डिस्पोजल रेट 98.15 प्रतिशत है। बरेली में 2997 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें से 2942 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका डिस्पोजल रेट 98.16 प्रतिशत है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में मौजूद गृह विभाग के अधिकारियों को जांच प्रक्रिया में तेजी लाने तथा लंबित जांच को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जब अगली बैठक हो तो इनमें सुधार होना चाहिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन मामलों में जिन जिलों का प्रदर्शन अच्छा नहीं है इन पर खासा फोकस किया जाए।

## बदमाशों ने युवक को मारी गोली, बाद में चाकू से भी किया हमला

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

सैदपुर थाना क्षेत्र के लूड़ीपुर नहर पर मनबढ़ बदमाशों ने मामूली बात पर एक युवक को लाठी डंडों से पीटने के साथ ही ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें एक गोली युवक के पैर में लगी और फिर बदमाशों ने युवक के सिर पर भी चाकू मार दिया। जिसमें युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घटना की खबर पाकर उसे बचाने गए उसके भाई को भी जमकर पीटा।

घटना में घायल गोलीकांड के शिकार को फौरन सीएचसी लाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। जबकि घटना में घायल उसके भाई का इलाज किया गया। उधर घटना के तत्काल बाद अस्पताल में सीओ शेखर सिंह सेंगर व कोतवाल विजय बहादुर सिंह मय फोर्स पहुंचे और घायल व उसके भाई से पूछताछ करने के बाद घटना स्थल का निरीक्षण किया। लूड़ीपुर निवासी 19 वर्षीय हरिकेश यादव पुत्र राममूरत यादव पुणे में रहकर काम करता है और पिछले माह ही वापस आया था। उसने बताया कि यहां आने के बाद उसे डहरा निवासी मोहम्मद लालू ने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी थी। बताया कि सालभर पहले उसके एक दोस्त सुजीत व लालू में शराब पीकर विवाद हुआ था। जिसमें सुजीत का दोस्त होने के नाते लालू ने गालियां देते हुए हरिकेश को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में बाद में सुलह भी हो गया था। पीड़ित ने बताया कि आज लालू ने खुद फोन करके कहा कि पुराने विवाद को बात करके खत्म करो और सुलह कर लो। इसके लिए उसने अकेले ही लूड़ीपुर नहर पर बुलाया और कहा कि वो भी अकेले ही आयेगा। इस बीच बात के मुताबिक हरिकेश नहर पर पहुंचा लेकिन उसके साथ उसका भाई रामप्रवेश यादव भी मौजूद था। जब वो वहां पहुंचे तो देखा कि लालू अकेला नहीं आया है बल्कि अपने गांव के ही शाकिब, कैफ सहित करीब 15-20 मनबढ़ों को लेकर आया है। मनबढ़ बदमाशों ने हरिकेश को देखते ही उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। उनमें से 3 बदमाशों के पास पिस्टल थी। जिससे उन्होंने उसे लक्ष्य करके 5 राउंड फायर किया। जिसमें से एक गोली हरिकेश के बांयें पैर में लगी। इसके बावजूद वो अपना बचाव करने के लिए असलहा छीनने का प्रयास करता रहा। जिसके चलते बदमाशों ने उसके सिर में चाकू मार दिया। जिससे वो लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इधर साथ गए रामप्रवेश ने भाई को बचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसे भी पीट दिया। इधर फायरिंग की आवाज सुनकर वहां खेतों में काम कर एही महिलाओं ने शोर मचाया तो सभी बदमाश फरार हो गए।




### मिढ्ढा गांव में निकाला गया ऐतिहासिक महावीरी झंडा जुलूस, गूंजते रहे जयकारे

## कुश्ती में जनपद व गैर जनपद के पहलवानों ने खूब दिखाए दांव पेंच

**केटी न्यूज / बलिया**



नगर से सटे मिढ्ढा गांव में ऐतिहासिक महावीरी झंडा जुलूस रविवार को निकाला गया। गाजे बाजे संग जयकारे के बीच निकले इस जुलूस में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। जुलूस में शामिल विभिन्न झांकियों में हनुमान जी की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही। वहीं विभिन्न अखाड़ों की ओर कई पहलवानों दांवपेच आजमाए। जुलूस में रास्ते भर हनुमान जी के जयकारे लगते रहे। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। महावीरी झंडा जुलूस स्व. केदार शाह के दरवाजे से पूजन-अर्चन करने के बाद निकला। जो गांव के मुख्य मार्ग होते हुए बाजार पहुंचा, जहां अखाड़े के नौजवानों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इसके बाद जुलूस गिरवर दास के कुटिया पर पहुंचा, वहां हनुमान जी के पूजन-अर्चन के बाद बाजार स्थित शिवालय के लिए रवाना हुआ। यहां मंदिर में पूजन अर्चन के बाद महावीरी झंडा जुलूस गांव के पश्चिम स्थित गोरथाना पोखरा शिवालय, गांव के पूरब मां काली मंदिर स्थित महावीर चबूतरा पर पहुंचा। वहां हनुमान जी का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। मंदिर के पास स्थित अखाड़े पर जनपद व गैर जनपद से आए पहलवानों ने कई दांव पेंच दिखाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। जुलूस में गाजे-बाजे के साथ ही डीजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर फेफना पुलिस मुस्तैद रही। जबकि अधिकारी भी मौके पर चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इस मौके पर प्रधान पति प्रवीण सिंह उर्फ कांकुड़ी सिंह, ठेकेदार विनोद सिंह, संथन पांडेय, मगरू ठाकुर, चुन्नू सिंह, छोटे, सुनील वर्मा, सोनू सिंह, भोला गोंड, उमाशंकर गोंड, पिंटू साह, दिनेश, भुल्लू, अनिल, सुनील गुप्ता, शशिपाल, ओमप्रकाश, हरेराम चौरसिया, मुकेश के साथ ही अन्य संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

### मेले का लिया लुत्फ

बलिया। मां काली स्थान स्थित अखाड़े के पास मेला जैसा माहौल था। जहां छोटे-बड़े लोगों ने फुचका, छोला, जिलेबी, समोसा, मलाई बर्फ आदि का लुत्फ उठाया। वहीं महिलाओं की भीड़ सौंदर्य प्रसाधनों की दूकानों पर जबकि बच्चों की भीड़ चर्खी झूला पर रही।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 12 अगस्त 2024
website: www.keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## सुभाषितम्

बिना उत्साह के आज तक कोई भी महान उपलब्धि पाई नहीं जा सकी है।

राल्फ वाल्डो एमर्सन

# सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच की विदेशी फंड में हिस्सेदारी?

सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच पर हिडनबर्ग ने तथ्यों के साथ दस्तावेज सहित माधवी बुच और उनके पति धवल बुच के खिलाफ बड़े गंभीर आरोप लगाए हैं। मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी ग्लोबल डायनॉमिक अपॉर्चुनिटी फंड में हिस्सेदारी के दस्तावेज, हिडनबर्ग ने उजागर किए हैं। गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी ऑफशोर कंपनियों के माध्यम से अडानी समूह की कंपनियों में शेयरों के दाम बढ़ाने तथा निवेश करने के आरोप लगाए हैं। हिडनबर्ग का आरोप है कि अडानी समूह पर सेबी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। सेबी ने उस समय भी कोई प्रतिक्रिया दी थी। जब इस मामले में तूल पकड़ा, तो सुप्रीम कोर्ट ने आरोपों की जांच का जिम्मा सेबी को सौंप दिया। सेबी अध्यक्ष के पद पर माधवी पुरी स्वयं आसीन थी। इस गड़बड़ झाले में उनके और उनके पति की सहभागिता थी। जिसके कारण उन्होंने जांच करना तो दूर, स्वयं अपने आप को बचाने के लिए जांच ही नहीं होने दी। 27 जून 2024 को सेबी ने हिंडन वर्ग को एक नोटिस जारी किया था। उसके बाद हिडनबर्ग ने माधवी पुरी और धवल बुच की सच्चाई वाली 10 अगस्त 2024 को नई रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में दस्तावेजों के साथ हिडनबर्ग ने खुलासा किया है। हिडनबर्ग के दस्तावेजों के अनुसार 22 मार्च 2017 को उनके पति धवल बुच ने मॉरीशस फंड प्रशासक ट्राईडेंट ट्रस्ट को ईमेल किया था। उसमें लिखा गया था, कि उनका और उनकी पत्नी माधवी पुरी का ग्लोबल डायनेमिक अपॉर्चुनिटी फंड में निवेश है। धवल ने आग्रह किया था, कि इस फंड का अकेले ऑपरेट करने का अधिकार उनको है। माधवी पुरी ने भी अपने ईमेल से अपने शेयर अपने पति को ट्रांसफर करने की सूचना कंपनी को दी थी। उसके बाद अप्रेल 2017 से डायरेक्टर के रूप में माधवी बुच सेबी में काम कर रही हैं। पूर्व सेबी प्रमुख अजय त्यागी के सेवानिवृत्ति के बाद 28 फरवरी 2022 से पूर्णकालिक सेबी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए की गई है। 2017 के बाद से आफसोर कंपनियों द्वारा शेयर बाजार में बड़ी मात्रा में निवेश किया जा रहा है। शेयर बाजार में ऑफशोर कंपनियों के माध्यम से अडानी समूह के शेयरों में निवेश किया गया। कृत्रिम तेजी का जो खेल शेयर बाजार में खेला जा रहा था। उसे हिडनबर्ग की रिपोर्ट में उजागर किया है। हिडनबर्ग की उस रिपोर्ट के बाद अडानी समूह को 7.20 लाख करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा था। दुनिया के सबसे बड़े तीसरे नंबर के आदमी की सूची में वह पहुंच गए थे। लेकिन जैसे ही हिडनंबर्ग की रिपोर्ट आई। अडानी समूह को लाखों करोड़ का नुकसान हुआ। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट गया। सुप्रीम कोर्ट ने जांच का जिम्मा सेबी को सौंप दिया था। माधवीपुरी और उनके पति खुद इस मामले में संलिप्त थे। अतः उन्होंने हिंडन बर्ग की रिपोर्ट में जिन कंपनियों के नाम दिए गए थे, उन कंपनियों की जांच ही नहीं होने दी। अब हिडेनबर्ग ने जो रिपोर्ट जारी की है, उसमें उसने सेबी प्रमुख का कच्चा चिट्ठा उजागर कर दिया है। शेयर बाजार के सारे घपले घोटाले एक-एक करके सामने आने लगे हैं। अडानी समूह के साथ जुड़े रहने के कारण ही माधवी पुरी को सेबी का पूर्णकालिक डायरेक्टर बनाया गया। इस तरह के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा जो नोटबंदी की गई थी। उसमें कालेधन को खत्म करने की बात कही गई थी। नोटबंदी के बाद रिजर्व बैंक द्वारा जारी नोट के 99 फीसदी से ज्यादा नोट बैंक में वापिस जमा हो गये। देश का पूरा काला धन बैंकों में वापस आकर सफेद हो गया। यही कालाधन बाद में शेयर बाजार में लगा। जिनके पास काला धन था, उन्हें नोटबंदी के बाद शेयर बाजार के माध्यम से भारी कमाई होने लगी। नोटबंदी के बाद शेयर बाजार ने बेलगाम घोड़े की तरह तेज रफ्तार पकड़ ली। विदेशों में जमा काला धन ऑफशोर कंपनियों के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में निवेश होने लगा। शेयर बाजार में मुनाफा वसूली के जरिए कालाधन कमाई का एक नया जरिया बन गया। सेबी प्रमुख की सरपरस्ती में विदेश से काला धन बड़ी मात्रा में आकर शेयर बाजार में लगता रहा। कृत्रिम तेजी और मंदी के खेल में अडानी समूह दुनिया के तीसरे नंबर के रईसों में शामिल हो गया था। शेयर बाजार के नियमों का उल्लंघन करके भारी कमाई अडानी समूह ने की है।

## चिंतन-मनन

### जीवन के चार आधार

सुसंस्कारिता के चार आधार हैं- समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। इन्हें आध्यात्मिक-आंतरिक वरिष्ठता की दृष्टि में उतना ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए जितना शरीर के लिए अन्न, जल, वस्त्र और निवास अनिवार्य समझा जाता है। समझदारी का अर्थ है- दूरदर्शी विवेकशीलता अपनाना। आमतौर से लोग तात्कालिक लाभ को सब कुछ मानते हैं और उसे पाने के लिए कोई गलत कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इससे भविष्य अंधकारमय बन जाता है। अपराधी तत्वों में से अधिसंख्य इसी मनोवृत्ति के होते हैं। दूरदर्शिता, विवेकशीलता उस अनुभवी किसान की गतिविधियों जैसी हैं, जिनके अनुसार खेत जोतने, बीज बोने, खाद पानी देने, रखवाली करने में आरंभिक हानि और कष्ट सहने को शिरोधार्य किया जाता है। दूरदर्शिता बताती है कि इसका प्रतिफल उसे समयानुसार मिलने ही वाला है। एक बीज के दाने के बदले कई गुना दाने मिलने वाले हैं। संयम और सत्कार्य ऐसी ही बुद्धिमत्ता है। पुण्य परमार्थ में भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली संभावनाएं निहित हैं। संयम का प्रतिफल वैभव और पौरुष के रूप में दृष्टिगत होने ही वाला है। दूरबीन के सहारे दूर तक की वस्तुओं को देखा जा सकता है और उस जानकारी के आधार पर अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। अध्यात्म की भाषा में इसी को तृतीय नेत्र खुलना कहते हैं, जिसके आधार पर विपत्तियों से बचना और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का सृजन संभव है। कथनी-करनी को एक सा रखना ईमानदारी है।

# कैसे देश जीतेगा जंग नशे के खिलाफ

-आर.के. सिन्हा

भारत में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकटों पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं।

नशे की गिरफ्त में आकर लोग अक्सर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरूकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं।

दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा,



हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को।नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है। राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी), गर्म तम्बाकू उत्पाद (एचटीपी) और स्नस (धुआं रहित तंबाकू) जैसे वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल से नशे पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। हालांकि एनआरटी को मेडिकल स्टोर पर केवल डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही लिया जा सकता है, जिसके कारण इसकी सरल उपलब्धता अब मुश्किल हो गई है। अब इसे सीधे कोई आसानी नहीं ले सकता है।₹ जानकारों का कहना है कि अधिकांश लोग एनआरटी का उपयोग तब बंद कर देते हैं, जब उन्हें लगता है कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। एनआरटी में निकोटीन की मात्रा सिगरेट की तुलना में वैसे तो कम होती है। निकोटीन को मस्तिष्क तक पहुँचने और इंसान को निकोटीन का प्रभाव देने में भी काफी समय लगता है। इसका मतलब यह है कि धूम्रपान छोड़ने की तुलना में एनआरटी का उपयोग बंद करना बहुत आसान है। सबसे बेहतर बात ये है कि एनआरटीके साइड इफेक्ट भी ज्यादा खतरनाक नहीं हैं।

इसके साथ ही अब गुटखा को खाने वालों की तादाद चक्रवद्धि ब्याज की रफ्तार से बढ़ती ही चली जा रही है। इसमें तंबाकू की कितनी मात्रा हो, इसको लेकर कोई गाइडलाइंस नहीं है। इसको खाना अगर जरूरी ही है तो बिना तंबाकू वाले इसके इलायची आदि के स्वादिष्ट फ्लेवर क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे इसको खाने का मजा तो आए, लेकिन स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़े।

कुछ समय पहले राजधानी के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनरी मेडिसिन डॉ. पवन गुप्ता कह रहे थे-, ₹ सबसे गंभीर बात यह है कि आम लोगों में तंबाकू का प्रचलन बढ़ रहा हैं, क्योंकि देश भर में सड़क के आसपास बनी दुकानों में तंबाकू आसानी से उपलब्ध है। मौजूदा सरकारी नीतियां तंबाकू के बढ़ती लत को रूकवाने में विफल रही हैं। अब इस मसले को रोकने के लिए विकसित देशों में अपनाए गये वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों पर विचार करना जरूरी है। इससे तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने में कारगर सफलता मिल सकती है।

आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ में कमी की समस्याएं सामने आ रही हैं। मुझे लगातार इस तरह के परिवारों के बारे में पता चलता है जो अपने किसी सदस्य के नशे का दास बनने से परेशान है। हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है और अंततः नशे के कुचक्र में फंस जाता है।

# भारत में आर्थिक प्रगति हेतु सनातन संस्कृति के संस्कारों को जीवित रखना ही होगा

-प्रहलाद सबनानी

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी।

भारत के नागरिकों में आज ह्लस्वह्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे ह्लभारत के हित सर्वोपरि हैंह्व की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी निर्माण इकाइयों को स्थापित करने के प्रति हतोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी।

भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूट खसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोर जबरदस्ती एवं मार काट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। इन्होंने भारतीय नागरिकों के मन में सनातन हिंदू संस्कृति के प्रति घृणा पैदा की एवं अपनी पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत संस्कृति को बेहतर बताया। अंग्रेज भारतीय नागरिकों के मन में ऐसा भाव पैदा करने में सफल रहे कि पश्चिम से चला कोई भी विचार भारतीय सनातन संस्कृति के विचार से बेहतर है। जबकि आज इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं कि पश्चिम द्वारा किए गए लगभग समस्त आविष्कारों के मूल में भारतीय सनातन संस्कृति की ही छाप दिखाई देती है और उन्होंने यह विचार भारतीय वेद, पुराण एवं उपनिषदों से ही लिए गए प्रतीत होते हैं।

कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज एक बार पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति को मानने वाले हिंदू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न भिन्न किया जाय। आज भारत में एक ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा हैं कि देश में हिंदू हैं ही नहीं बल्कि सिक्ख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि आदि। देश में जातियों के आधार पर जनसंख्या की मांग की जा रही है ताकि देश में प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं को हिंदू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके। जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को एक बार पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचीन भारत में वनवासी थे, ग्रामवासी थे, नगरवासी थे, इस प्रकार त्रिस्तरीय समाज था। भारतीय समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ था ही नहीं। यह अंग्रेजों का षड्यंत्र था कि भारत में उन्होंने समाज को बांटो और राज करो की नीति अपनाई थी। अन्यथा हिंदू समाज तो भारत में सदैव से एकात्म भाव से रहता आया है। किसी भी देश में क्रांति सत्ता से नहीं आती है बल्कि समाज द्वारा ही क्रांति की जाती है। जिस प्रकार का समाज होगा उसी प्रकार की सत्ता भी देश में स्थापित होगी। अतः किसी भी देश को विकास की राह पर जाने से रोकने के लिए उस देश की संस्कृति को ही समाप्त कर दो। ऐसा प्रयास आज पुनः विदेशी ताकतों द्वारा भारत में किया जा रहा है।

परंतु, अब एक बार पुनः भारत एक ऐसे खंडकाल में प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है जिसमें आगे आने वाले समय में विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती हुई दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति को विपरीत रूप से प्रभावित करने के लिए कई प्रकार की बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु, देश में निवासरत लगभग 80 प्रतिशत आबादी हिंदू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिंदू समाज में व्याप्त लगभग समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देश प्रेम का भाव, स्व-समर्पण का भाव कूट कूट कर भरा है। इसी कारण से यह कहा भी जाता है कि केवल हिंदू जीवन दर्शन ही आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है। हिंदू सनातन धर्म का अनुपालन करने वाले नागरिक पशु, पक्षी, वनस्पति, पहाड़, नदियों आदि में भी ईश तत्त्व का वास मानते हैं और उनकी पूजा भी करते हैं।

# भारत के महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई जैन को नमन

- विजय कुमार जैन

भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था। जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया।आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था।आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई।गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे।जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेंज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डॉक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैम्ब्रिज लौट आए। सन् 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपिकल लैटीट्यूड्स में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निमार्ता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद, दर्पण अकादमी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम्,डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। डॉक्टर विक्रम साराभाई के व्यक्तित्व का सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू उनकी रुचि की सीमा और विस्तार तथा ऐसे तरीके थे, जिन्होंने अपने विचारों को संस्था में परिवर्तित किया। सृजनशील वैज्ञानिक, सफल और दूरदर्शी उद्योगपति, उच्च कोटि के प्रवर्तक, महान संस्थाओं के निमार्ता, अलग किस्म के शिक्षाविद, कला पारखी, सामाजिक परिवर्तन के ठेकेदार, अग्रणी प्रबंध प्रशिक्षक आदि ऐसी अनेक विशेषताएं उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। उनकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वे एक ऐसे उच्च कोटि के इंसान थे जिसके मन में दूसरों के प्रति असाधारण सहानुभूति थी, जो भी उनके संपर्क में आता उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। धर्मपत्नी श्रीमती मृणालिनी साराभाई के साथ मिलकर उन्होंने मंच कलाओं की सांस्कृतिक संस्था दर्पण का गठन किया। उनकी बेटी मल्लिका साराभाई बड़ी होकर भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की प्रसिद्ध नृत्यांगना बनी। डॉक्टर होमी जे भाभा की जनवरी 1966 में मृत्यु के बाद डॉक्टर साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साराभाई ने सामाजिक और आर्थिक विकास की विभिन्न गतिविधियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में छुपी हुई व्यापक क्षमताओं को पहचान लिया था।

## दैनिक पंचांग

12 अगस्त 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 05.59 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 08.11 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 10.21 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 12.36 ब.से |
| गुरु | वृष में | धनु | 14.52 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 16.57 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 18.44 बजे से |
| राहु | मीन में | मीन | 20.16 बजे से |
| केतु | कन्या में | मेष | 21.47 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृष | 23.27 बजे से |
| | | मिथुन | 01.25 बजे से |
| | | कर्क | 03.39 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 225 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** सप्तमी 07.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 08.33 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 16.26 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 07.56 बजे तदनन्तर विष्टि 20.49 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 53'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872069
**जूलियन दिन** 2460534.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर **तारीख** 07
**विशेष** श्रावण सोमवार व्रत, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## विशेष

### अडानी महाघोटाले की जांच हो पर कैसे

अडानी महाघोटाले की गूंज एक बार फिर सियासी गलियारे से सुनाई दे रही है। इसे लेकर क्या विपक्ष और क्या सत्ता पक्ष सभी अपनी-अपनी ओर से बयान जारी करने में लगे हैं। ऐसे में कांग्रेस ने कहा है कि केंद्र सरकार को अडानी की सेबी जांच में सभी हितों के टकराव को खत्म करने के लिए तुरंत कार्रवाई करना चाहिए। इस आशय की मांग कांग्रेस महासचिव एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर कहा है। उनका कहना है कि अडानी महाघोटाले की जांच करने में सेबी की आश्चर्यजनक अनिच्छा लंबे समय से सबके सामने है। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने इस पर विशेष रूप से संज्ञान लिया था। इस पर चुटकी लेते हुए लोग कह रहे हैं कि जब यह सब मालूम है तो फिर जांच कैसे संभव है और कार्रवाई की तो बात ही नहीं।

### बांग्लादेश से सबक लेने की आवश्यकता

बांग्लादेश में जो हुआ और जो हो रहा है वह भारत के लिए सबक लेने जैसा है। पहले प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना शेख को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। फिर नेताओं और अधिकारियों व जजों से इस्तीफा लेने दबाव बनाया गया। अब खबर आ रही है कि सेना के काफिले पर भीड़ ने हमला कर करीब 15 को घायल कर दिया है। इस पर जानकार यही कह रहे हैं कि यह कोई आंदोलन नहीं है, बल्कि अमेरिका और चीन की साजिश का नतीजा है। फूट डालो और राज करो की नीति अपनाते हुए लोगों को आपस में भिड़ाने का जो खेल बांग्लादेश में खेला गया, उससे सबक लेते हुए भारत को अपनी स्थिति स्पष्ट कर लेना चाहिए, वर्ना चेताने वाले तो लगातार चेता ही रहे हैं कि संकट बताकर नहीं आता।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1602 सलीम मिर्जा के उकसावे पर अकबर के दरबारी अबूफजल की हत्या हुई. 1687 आस्ट्रिया और हंगरी की 'फौजों ने तुर्की को शिकस्त दी.1759 रूस और आस्ट्रिया ने प्रसिया को कुनर्सडोर्फ में हराया. 1765 बंगाल बिहार और उड़ीसा की दीवानी मुगलों ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दी. 1843 आस्ट्रिया ने नेपोलियन के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1877 ब्रिटिश खोजी सर हेनरी मार्टन स्टैनली कांगो नदी के मुहाने पर पहुंचे. 1898 स्पेन अमरीकी युद्ध समाप्त हुआ . 1974 ब्रिटेन ने आसट्रिया हंगरी के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1949 प्रसिद्ध वैग्यानिक विक्रम अम्बालाल साराभाई का जन्म. 1922 आयरिश गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति आर्थर ग्रिफिथ का निधन. 1955 जर्मन उपन्यासकार टामस मान का निधन. 1960 प्रथम संचार उपग्रह इको प्रथम का प्रक्षेपण हुआ. 1978 चीन और जापान के बीच शांति और मैत्री संधि हुई.

## आज का राशिफल

**मेष** आपके अंदर एक विशेष आकर्षण रहेगा। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा।

**तुला** आज करियर में लाभ होगा और आपकी शैक्षणिक दिशा में तरक्की होगी।

**वृषभ** आज दिन सफलता से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके घर में खर्च की अधिक स्थिति आ सकती है।

**मिथुन** आज करियर में लाभ होगा और आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**धनु** आज विद्या बुद्धि ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी।

**कर्क** आज लाभ होगा। किस्मत आपका साथ देगी। पैसों के लेनदेन के मामले में सतर्क रहें।

**मकर** आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

**सिंह** आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आत्मविश्वास के साथ किए गए कार्य सफल होंगे।

**कुंभ** आज भाग्य साथ दे रहा है। आमदनी की बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे।

**कन्या** दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा।

**मीन** आज भाग्य साथ देगा। आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा।

# धान उत्पादन की श्री पद्धति





एसआरआई के अंतर्गत कई विशिष्ठ तकनीकियों को विकसित किया गया, जिनका क्षेत्र के अनुसार परीक्षण आवश्यक बताया गया। इस विधि को अपनाने पर लागत को कम करके 50 से 300 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही यह पद्धति पर्यावरण की दृष्टि से ईको फ्रेंडली व समगतिशील कृषि (स्थिर उत्पादन प्राप्त करने) हेतु उपयोग सिद्ध हुई है। एसआरआई पद्धति से धान उत्पादन के मुख्य बिन्दु निम्न है–



- भरे हुये पानी में इसकी जड़ें 6 सेमी की गहराई तक जाती है और पौधे में प्रजनन अवस्था प्रारंभ हो जाती है। इसे रोकने के लिये अच्छी जल निकासी वाली भूमियों का चुनाव करें या खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था हो।
- 15 दिन से अधिक की पौध रोपण करने पर इसकी वृद्धि कम हो जाती है तथा इसमें कल्लों की संख्या भी कम हो जाती है जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। अतः 8–14 दिनों की पौध की रोपाई करें।
- नर्सरी से पौध को ऐसे निकाला जाये की उसकी जड़ों को नुकसान न हो एवं निकलने के तुरंत बाद (1/2 घंटे के अंदर) ही रोपाई करनी चाहिए।
- पौधे से पौधे के बीच की दूरी अधिक रखने से जड़ क्षेत्र में पर्याप्त वायु संचार होता है एवं जड़ों की वृद्धि अच्छी होती है तथा कल्ले भी अधिक संख्या में निकलते हैं। जिससे की पौधे स्वस्थ होंगे एवं अधिक उत्पादन प्राप्त होगा।
- पौधों की दूरी अधिक होने पर वायु संचार सुचारु होने के कारण सूक्ष्म जीवों का प्रतिस्थापन होगा, जिससे पौधों में कीटों एवं व्याधियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## खेत का चुनाव

इस पद्धति से धान की खेती हेतु जल निकास की व्यवस्था उचित हो ऐसी भूमि का चुनाव करें।

## बीज की मात्रा

इस पद्धति से धान की खेती हेतु 5–8 किग्रा प्रति हे. बीज की आवश्यकता होती है जबकि पारम्परिक रोप विधि से धान की खेती हेतु 50–60 कि.ग्रा बीज की आवश्यकता होती है।

## किस्म

पूर्णिमा, दन्तेवरी, आई.आर.64 , एमटीयू–1010, एमटीयू–1081, आईआर–36, क्रांति, महामाया, बम्लेश्वरी, सफरी–17, महसुरी

## सुगंधित चावल के लिए उन्नत किस्में

पूसा सुगंधा 4 (पूसा 1121),पूसा सुगंधा 5 (पूसा–2511),पूसा–1509, बासमती 370, पूसा बासमती, तरोरी बासमती, इंदिरा,

## संकर प्रजातियां

केआरएच–2, पीएचबी–71, पीए–6444, जेआरएच–4, जेआएव–5, जेआरएच–8

## खाद एवं उर्वरक

खेत में हरी खाद के लिए सनई/ ढैंचा की बोनी कर 20–30 दिन बाद इसे खेत में पलट दें। तथा भली–भांति मिट्टी में मिलाकर 3–4 दिनों के लिये छोड़ दें। इसके उपरांत 10–15 टप नाडेप कम्पोस्ट या गोबर की खाद अथवा वर्मी कम्पोस्ट /है. व 1 किग्रा पीएसबी कल्चर मिला दें एवं इसके बाद खेत में पौध की रोपाई करें।

अन्य खाद उपलब्ध न होने पर 80:50:30 एनपीके प्रति हे. दें नाईट्रोजन का प्रयोग तीन भागों में करें। 1/4 भाग रोपाई के एक सप्ताह बाद, 1/2 भाग कल्ले फूटते समय एवं 1/4 भाग गभोट के प्रारंभ होने के समय की जायें। फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा खेत की तैयारी के समय करें। फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा खेत की तेयारी के समय डालें, साथ ही 25 कि. प्रति हे जिंक सल्फेट का प्रयोग किया जाना फायदेमंद होता है।



## सिंचाई या जल प्रबंधन



धान के कंसे निकलने की अवस्था के समय कुछ दिनों (2–6 दिन) तक सूखा छोड़ते है जिससे कि भूमि में हल्के दरार आ जाये। इस प्रक्रिया से पौधों की सम्पूर्ण शक्ति कल्ले निकलने में लगेगी एवं कल्ले समान निकलते है। बालियां निकलने एवं दाने भरते समय खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखें। जिससे कि अधिकतम उत्पादन प्राप्त होता है।

## नर्सरी हेतु खेत की तैयारी एवं बीज बुवाई

खेत की 2 से 3 जुताई करके मिट्टी को भली भांति भुरभुरी कर लेते है। इसके बाद एक मीटर चौड़ी व 10 मी लम्बी क्यारियां तैयार कर लेते है। क्यारियां सतह से 15 सेमी ऊंची बनानी चाहिए। इन तैयार क्यारियों में 50–60 किग्रा तैयार जैव ऊर्वको का प्रयोग करें इसके बाद बीजोपचार के बाद इन क्यारियों में बीजों की बुवाई करें।

## रोपण दूरी

इस विधि में पौधों की रोपाई वर्गाकार की जाती है। कतार से कतार एवं पौधों से पौधों के बीच की दूरी सामान्यतः 25 सेमी रखी जाती है। यदि किसी कारण से पौध की रोपाई 15 दिनों से अधिक की करनी पड़ती है। अथवा जल भराव वाली भूमियों में की जाती है तो दूरी घटाकर 20 सेमी कर देनी चाहिए। वर्गाकार विधि से रोपाई करने से निंदाई गुड़ाई यंत्रों के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। जिससे की भूमि में बराबर वायु संचार बना रहेगा एवं जड़ें मजबूत होगी। जिससे पौधे स्वस्थ होंगे एवं इनमें कीटों एवं व्याधियों से लड़ने की क्षमता अधिक होती है।

# खरीफ में प्याज लगायें





**उपज**

200–250 क्वि/हेक्टेयर तक उपज मिल जाती है।



## जलवायु



प्याज के लिए समसीतोष्ण जलवायु सर्वोत्तम समझी जाती है, प्याज मूलरूप से सर्दी में उगाया जाता है, लेकिन खरीफ की किस्में प्राप्त होने पर उनको खरीफ में भी लगाया जाने लगा है। सर्वोत्तम पैदावार के लिये 15–21 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान तथा 10 घंटे वाले लम्बे दिन उपयोगी है।

## भूमि

प्याज की खेती के लिए उपजाऊ बलुई दोमट या दोमट भूमि में उपयुक्त रहती है। खरीफ फसल हेतु खेत चयन में सावधानी रखें। खेत में उपयुक्त जल निकास की व्यवस्था हो।

## किस्म

एन–53, एग्री फाउण्ड रेड डार्क,भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड, भीमा रेड,भीमा सुभ्रा,अर्का कल्याण

## भूमि की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत को भुर–भुरा बना लेना चाहिये।

## बीज दर

खरीफ फसल हेतु 12–15 कि. प्रति हेक्टे. बीज पर्याप्त रहता है।

## बुवाई समय

नर्सरी में बुवाई का उपयुक्त समय मई–जून है।

## नर्सरी तैयार करना

प्याज की नर्सरी हेतु उपजाऊ, जल निकास युक्त तथा सिंचाई की सुविधा युक्त भूमि का चयन करें। एक हेक्टेयर में प्याज लगाने हेतु 500 वर्ग मीटर में नर्सरी तैयार करनी चाहिये, नर्सरी क्यारी 1 मीटर चौड़ी व 15 सेमी. ऊंची बनाये। क्यारी में सिंचाई हेतु बूंद–बूंद सिंचाई का स्प्रिंकलर का उपयोग भी किया जा सकता है। अधिक गर्मी से बचाने के लिये शेड नेट का उपयोग किया जा सकता है।



## रोपाई की दूरी

प्याज की पौध को पंक्तियों में 15–20 सेमी की दूरी पर तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी रखते हैं।

## प्याज की खुदाई

सामान्यतः रबी फसल में तैयार होने पर पत्तियों के शीर्ष पीले पड़कर सूख जाते हैं। तब सिंचाई रोक दें तथा इसके 10–15 दिन बाद सिंचाई करें। खरीफ मौसम में पत्तियां गिरती नहीं हैं अतः गांठों का आकार 6–8 सेमी. व्यास का हो जायें तो पत्तियों को पैरों से जमीन पर गिरा दें। जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाये तथा गांठें ठोस हो जाएं। इससे 15 दिन बाद खुरपी से खुदाई करें। खुदाई के बाद कंदों को पत्तों सहित 3–5 दिन तक छाया में रखें, इसके बाद 2.0–2.5 सेमी, डंठल छोड़कर पत्तों को काटें तथा अच्छी तरह सुखा लें।

## खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 25–30 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद मिट्टी में मिलाये तथा 130 किलो यूरिया+310 किलो फास्फोरस +100 किलो पोटाश+ 20किलो सल्फर प्रति हेक्टेयर रोपाई के पूर्व मिट्टी में मिलायें। शेष यूरिया 130 किलो प्रति हेक्टेयर को रोपाई में 30–40 दिन बाद में देना चाहिये।

## जल प्रबंधन

साधारणतः खरीफ फसल हेतु सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है, फिर भी वर्षा नहीं होने परखेत में नमी बनाये रखने हेतु हल्की सिंचाई करें। खरीफ प्याज में जल निकास का उचित प्रबंध करना महत्वपूर्ण है।

## निंदाई-गुड़ाई

प्याज के अच्छे उत्पादन के लिये खेत का खरपतवारों से मुक्त रखें। अच्छी फसल के लिए शुरू में 2–3 बार खरपतवार निकालना आवश्यक है। खरपतवारनाशक के रूप में बासालिन 2–2.5 लीटर/हेक्टर रोपाई के तुरन्त बाद छिड़काव करें तथा 40–45 दिन बाद निंदाई–गुड़ाई करें।

# हिंडेनबर्ग के आरोपों को सेबी प्रमुख ने बताया आधारहीन, जारी किया बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडनबर्ग के आरोपों पर सेबी प्रमुख और उनके पति ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक संयुक्त रूप से बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। दोनों ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। बयान में कहा, रिपोर्ट में लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद है। इनमें तनिक भी सच्चाई नहीं है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय बिजनेसमैन गौतम अडानी के बाद अब सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग ने शनिवार देर रात एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि माधबी बुच और उनके पति की अडानी मनी साइफनिंग घोटाले में इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट ऑफशेयर फंडों में हिस्सेदारी थी। बता दें, हिंडनबर्ग ने 'व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों' का हवाला देते हुए ये आरोप लगाए हैं।



हिंडनबर्ग ने 'व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों' का हवाला देते हुए कहा, सेबी की वर्तमान प्रमुख बुच और उनके पति के पास अदाणी समूह में धन के हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट 'ऑफशोर फंड' में हिस्सेदारी थी।

व्हिसिलब्लोअर दस्तावेजों के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि माधबी बुच और उनके पति धवल बुच ने पहली बार 5 जून, 2015 को सिंगापुर में आईपीई प्लस फंड 1 के साथ एकाउंट ओपन किया था। दस्तावेजों में आगे कहा गया कि आईआईएफएल के एक प्रिंसिपल द्वारा हस्ताक्षरित धन की घोषणा में इन्वेस्टमेंट के स्रोत को सैलरी बताया गया और जोड़े की कुल संपत्ति .10 मिलियन होने का अनुमान है।

हिंडनबर्ग के आरोपों पर सेबी प्रमुख और उनके पति ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक संयुक्त रूप से बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। दोनों ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। बयान में दोनों ने कहा, रिपोर्ट में लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद है। इनमें तनिक भी सच्चाई नहीं है। हमारा जीवन और वित्तीय स्थिति एक खुली किताब की तरह है। सभी आवश्यक खुलासे पहले ही वर्षों से सेबी को दिये जा चुके हैं। हमें किसी भी वित्तीय दस्तावेजों का खुलासा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। बयान में आगे कहा गया है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ सेबी ने प्रवर्तन कार्रवाई की है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है, उसी के जवाब में हमें ही घेरने और चरित्र हनन करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्ण पारदर्शिता को ध्यान में रखकर, नियत समय में एक विस्तृत बयान जारी किया जाएगा।

## हिंडनबर्ग के आरोप पर अडानी समूह ने दी प्रतिक्रिया, कहा- ये जोड़ तोड़ के पेश किया गया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह ने रविवार को हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया है कि हिंडनबर्ग के द्वारा लगाए गए आरोप नकारात्मक और झूठे हैं। शनिवार को अमेरिका की शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया कि वॉचलिस्ट डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, सेबी की अध्यक्ष माधाबी पुरी बुच का उन गुप्त ऑफशोर कंपनियों में हिस्सा था, जिनका इस्तेमाल अडानी पैसे हड़पने के घोटाले में किया गया। इन दावों को खारिज करते हुए अडानी समूह ने एक बयान जारी किया और हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को पूरी तरह से नकार दिया।

अडानी समूह ने एक बयान में कहा, हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए नवीनतम आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और जोड़-तोड़ वाले हैं। ये आरोप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारियों का चयन करके पूर्वनिर्धारित निष्कर्षों तक पहुंचने का प्रयास हैं, जिसमें तथ्यों और कानून की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। हम अडानी समूह के खिलाफ इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। ये आरोप उन पुरानी और निराधार दावों को फिर से उठाते हैं, जिनकी पूरी जांच की गई थी, जो बेबुनियाद साबित हुए थे और जिनसे माननीय सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2024 में इनकार कर दिया था।

दरअसल अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने 10 अगस्त को अपनी नई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच की अडानी के मनी साइफनिंग स्कैंडल में इस्तेमाल की गई ऑफशोर फंड्स में हिस्सेदारी थी। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया कि सेबी जनवरी 2023 में प्रकाशित हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर एक्शन लेने के लिए तैयार नहीं था क्योंकि सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के पास ऑफशोर फंड में इन्वेस्टमेंट थे जिनके अडानी ग्रुप के साथ लिंक थे।

वहीं सेबी अध्यक्ष ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी लिंक के आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह निराधार, किसी भी सच्चाई से रहित है। अमेरिका की शॉर्ट सेलर कंपनी इस बार शेयर बाजार को रेगुलेट करने वाली संस्था सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर आरोप लगाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन क्षेत्र में भारत की 50 प्रतिशत रोजगार चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता




**कोलकाता।** लेमन ट्री होटल्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पतंजलि गोविंद केसवानी ने शनिवार को कहा कि सही सरकारी समर्थन के साथ पर्यटन क्षेत्र में देश की 50 प्रतिशत रोजगार चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता है। आईआईएम कलकत्ता के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत का पर्यटन क्षेत्र निर्णायक मोड़ पर पहुंचने के कगार पर है। केसवानी ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद में 15-20 प्रतिशत का योगदान करता है और 25 प्रतिशत रोजगार देता है। पर्यटन क्षेत्र के प्रति सरकार के नजरिये पर निराशा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, भारत में, पर्यटन सकल घरेलू उत्पाद में केवल 6.5 प्रतिशत और रोजगार में भी लगभग इतनी ही हिस्सेदारी का योगदान देता है। इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, अगर सरकार इस अवसर का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सके, तो यह हमारी रोजगार चुनौतियों का 50 प्रतिशत तक समाधान कर सकती है। भारत के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए, केसवानी ने कहा कि देश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, ठीक उसी तरह जैसे चीन अपनी तीव्र वृद्धि के दौर में था। उन्होंने कहा कि भारत में घरेलू आय सालाना 6-7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जिससे विवेकाधीन उपभोग के रुझानों में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है।

### कड़ी जांच के बावजूद भारतीयों की पहली पसंद बने चीनी ब्रांड्स




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उपभोक्ता चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स को काफी पसंद कर रहे हैं। ये ब्रांड्स पैसे की मूल्यवत्ता के साथ-साथ अब खराब गुणवत्ता की छवि से भी बाहर निकल चुके हैं, जिससे उन्हें सभी क्षेत्रों में मजबूत बाजार हिस्सेदारी मिल रही है। यह तब है जब सीमा पर तनाव बढ़ने के बीच भारत में चीनी इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद कंपनियों पर कड़ी नियामक जांच हो रही है। मार्केट ट्रैकर्स काउंटरपॉइंट रिसर्च और आईडीसी के अनुसार, चार चीनी ब्रांड्स- Xiaomi, Vivo, Realme और Oppo स्मार्टफोन्स के क्षेत्र में शीर्ष पांच में शामिल हैं। इसमें एकमात्र गैर-चीनी ब्रांड दक्षिण कोरिया का Samsung है। उद्योग के विशेषज्ञों का अनुमान है कि इन ब्रांड्स की बिक्री लगभग 90,000-95,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। चीन की Xiaomi को 2022 में विदेशी मुद्रा उल्लंघनों के आरोपों के तहत भारतीय सरकारी एजेंसियों द्वारा जांच का सामना करना पड़ा था। इसके बाद, कंपनी की शीर्ष नेतृत्व में बड़े पैमाने पर बदलाव हुआ। इसके बावजूद, जून तिमाही में Xiaomi की बिक्री में वृद्धि हुई और यह फिर से शीर्ष स्थान पर आ गई। चीनी कंपनियां होम एप्लायंसेज और टीवी के क्षेत्र में भी सफल रही हैं। Haier ने रेफ्रिजरेटर्स और टीवी में अच्छी रैंकिंग प्राप्त की है। भारतीय उपभोक्ता अब इन ब्रांड्स को चीनी नहीं मानते बल्कि अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के रूप में देख रहे हैं। ब्रांड्स ने अपने विज्ञापन और वैश्विक खेल आयोजनों जैसे यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप के जरिए अपनी छवि को बेहतर किया है।

## अमित शाह का चीनी मिलों से एथनॉल के कच्चे माल में विविधता लाने का आग्रह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने चीनी मिलों से एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने का विकल्प तलाशने को कहा और जैव ईंधन विनिर्माण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एथनॉल) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा, ÷बीस प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य 2030 रखा गया है। हम 2025-26 में लक्ष्य हासिल कर लेंगे।÷ मंत्री ने कहा कि सरकार के एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम से देश के कच्चे तेल के आयात बिल को कम करने और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है। शाह ने चीनी मिलों के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, आपको भविष्यदर्शी होने और अवसरों को देखने तथा विस्तार करने की आवश्यकता है। एथनॉल कई स्रोतों से बनाया जा सकता है। शाह ने सहकारी चीनी मिलों से आग्रह किया कि वे अपना रूढ़िवादी दृष्टिकोण त्यागें और मक्का तथा बांस जैसे वैकल्पिक कच्चे माल का उपयोग करें। शाह ने कहा कि मिश्रण के लिए लगभग 1,000 करोड़ लीटर एथनॉल की आवश्यकता है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा मौजूद है। उन्होंने चीनी मिलों के आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की स्थापना के बाद संभावित निर्यात अवसरों का हवाला दिया। मंत्री ने एनएफसीएसएफ को अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए कहा तथा महासंघ को एक वर्ष के भीतर चार राज्यों के प्रत्येक तीन जिलों में एक सहकारी चीनी मिल स्थापित करने का सुझाव दिया। शाह ने एनएफसीएसएफ को घाटे में चल रही सहकारी समितियों का मार्गदर्शन करने के लिए पेशेवरों को नियुक्त करने तथा दो वर्षों में मिलों के वार्षिक कारोबार को 25 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा, हमें अकुशलता से काम करने और सरकार से मदद मांगने की आदत है। अगर आप कुशलता से काम करेंगे तो सरकार आपकी अधिक मदद करने को तैयार होगी। एक गतिशील संघ बनाएं, मांग-आधारित संघ नहीं। विविधीकरण के लिए यह प्रयास ऐसे समय में किया जा रहा है जब भारत जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा विकल्पों को बढ़ावा देना चाहता है।

## ऑल राउंडर फोन, बैटरी को लेकर 4 साल तक नो टेंशन, मिलिट्री ग्रेड की मजबूती सिर्फ 12,999 रुपये में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओपो ने हाल ही में अपनी के सीरीज के नए फोन ओपो के12× 5 प्रतिशत को भारतीय बाजार में पेश किया है। ओपो के12× 5 प्रतिशत को ऐसे यूजर्स को ध्यान में रखते हुए लॉन्च किया गया है जिनको एक ऐसा ऑलराउंडर स्मार्टफोन चाहिए जिसकी बिल्ड क्वालिटी जबरदस्त हो, शानदार कैमरा मिले, दमदार बैटरी, जबरदस्त डिस्प्ले और शानदार कैमरा मिले जो आपको दीवाना बना दे। ओपो के12× 5 प्रतिशत को मजबूती के लिए मिलिट्री ग्रेड का सर्टिफिकेशन मिला है। इसके अलावा ओपो के12× 5 प्रतिशत की 5100 एमएम बैटरी को लेकर चार साल तक की लाइफ का दावा है। ओपो के12× 5 प्रतिशत का कैमरा डुअल व्यू मोड के साथ आता है यानी आप एक साथ रियर और फ्रंट दोनों कैमरे को इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप किसी नए स्मार्टफोन की तलाश में है तो यह फोन आपके लिए परफेक्ट साबित हो सकता है।



सबसे पहले डिजाइन की बात करें तो यदि आप वास्तव में किसी हल्के और अल्ट्रा स्लिम डिजाइन वाले फोन की तलाश में हैं तो समझ लीजिए कि आपकी तलाश खत्म हो गई है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि ओपो के12× 5 प्रतिशत महज 7.68 एमएम पतला फोन है और बड़ी बैटरी होने के बावजूद इसका कुल वजन मात्र 186 ग्राम है। फोन की ग्रिपिंग अच्छी है तो हाथ से फिसलने का सवाल ही नहीं है। इसके साथ मैटे फिनिश डिजाइन मिलती है। फोन के बैक पैनल पर सर्कुलर डिजाइन में कैमरा मिलता है जो कि कॉस्मिक फ्लैश लाइट के साथ आता है। इसे ब्रीज ब्लू और मिडनाइट वॉयलेट कलर में खरीदा जा सकता है। मिडनाइट वॉयलेट कलर झिलमिलाती तारों भरी रात से प्रेरित है। इस कलर वेरियंट को इस तरीके से तैयार किया गया है कि इस पर उंगलियों के निशान और खरोंच नहीं आते हैं। वहीं ब्रीज ब्लू कलर ब्रीज ब्लू की बात करें तो यह ओपो के यूनीक मैग्नेटिक पार्टिकल डिजाइन के साथ आता है। यह कलर आपको उस पल की याद दिलाएगा जब आसमान साफ हो, हल्की हवा चल रही हो और हरे-भरे घास के मैदान हों।


सबसे पहली बात यह है कि ओपो के12× 5 प्रतिशत के साथ आपको 360ए डैमेजप्रूफ आर्मर बॉडी मिलती है। ऐसे में डेली यूज में यदि फोन गलती से गिर भी जाता है तो आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। फोन के साथ एलॉय फ्रेम मिलता है जिसे ओपो ने खासतौर पर खुद ही तैयार किया है। फोन की डिस्प्ले को लेकर भी आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस पर डबल रेनफोर्स्ड पांड ग्लास लगा हुआ है। फोन में शॉक ऑब्जर्बिंग फोम भी लगा है।

इसके अलावा इसमें स्पॉन्ज बायोनिक कूशन का इस्तेमाल किया गया है जो फोन को ओवरऑल सुरक्षित बनाता है। फोन के साथ बॉक्स में एक्सक्लूसिव हाई वैल्यू एंटी ड्रॉप शिल्ड केस मिलता है जो कि फोन को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन देता है। यह केस आपको मार्केट में अलग से नहीं मिलेगा। फोन को मजबूती के लिए मिलिट्री ग्रेड यानी MIL-STD-810॥ का सर्टिफिकेशन मिला है। इसके लिए ओपो के12× 5 प्रतिशत को 1.3 मीटर के ड्रॉप टेस्ट, 11 टन का प्रेशर जैसे टेस्ट से गुजरना पड़ा है। फोन को आपी 54 की रेटिंग भी मिली है जो कि फोन को वाटर और डस्टप्रुफ बनाता है। इसके साथ स्प्लैश टच भी है यानी हाथ गीले होने पर भी आप फोन को इस्तेमाल कर सकेंगे। अपनी सेगमेंट में इस फीचर के साथ आने वाला यह पहला फोन है।

## पाकिस्तान में गहराया आर्थिक संकट, उधार लेकर घर खर्च चला रहे लोग, 56 प्रतिशत नहीं कर पा रहे कोई बचत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में आम जनता को अपने खर्चे पूरे करने के लिए या तो उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है या फिर वे पार्ट टाइम नौकरी करने को मजबूर हो रहे हैं।

पाकिस्तान में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की खुद को बड़ी ताकत समझने की खुशफहमी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान अभी भी भारत में घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है और वहीं इस्राइल के खिलाफ ईरान को सैन्य मदद देने पर भी विचार कर रहा है। पाकिस्तान खुद को अरब दुनिया का रहनुमा समझता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अरब देशों के सामने भीख के लिए हाथ फैलाने में भी उसे शर्म नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान पर यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है



कि घर में नहीं हैं दाने, अम्मा चली भुनाने। अब एक ताजा रिपोर्ट में पता चला है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है और वह कंगाली के कगार पर पहुंच गया है।

पाकिस्तान में हुए एक ताजा आर्थिक सर्वे में पता चला है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। हालात ये हैं कि देश के 74 प्रतिशत लोग अपने मासिक खर्चों को पूरा करने के लिए जूझ रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले ये 14 प्रतिशत ज्यादा है। पाकिस्तान में आम जनता को अपने खर्चे पूरे करने के लिए या तो उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है या फिर वे पार्ट टाइम नौकरी करने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार ने एक आर्थिक योजना तैयार की है, लेकिन बढ़ता कर्ज पाकिस्तान का सिर दर्द बढ़ा रहा है।

पाकिस्तान के 11 बड़े शहरों में हजारों लोगों पर जुलाई और अगस्त महीने में एक सर्वे किया गया था। इस सर्वे में पता चला कि मई 2023 में जहां 60 फीसदी लोगों को अपने घरेलू खर्चा चलाने में परेशानी हो रही थी, अब उनकी संख्या बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई है। 60 प्रतिशत लोगों को अपने घरेलू खर्चों में कटौती करनी पड़ी है। वहीं 40 प्रतिशत लोग उधार लेकर अपना परिवार पाल रहे हैं। 10 प्रतिशत लोगों ने अपने खर्च चलाने के लिए पार्ट टाइम नौकरी करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के 56 प्रतिशत लोग कोई बचत नहीं कर पा रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान की माली हालत कैसी है। पाकिस्तान के लोगों की खर्च की क्षमता में आई कमी, महंगाई के असर को लेकर भी एक सर्वे किया जा रहा है। हालात को देखते हुए उसमें भी चौंकाने वाले आंकड़े आने की उम्मीद है। शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार अब संघीय बजट में राज्यों की हिस्सेदारी को 39.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 48.7 प्रतिशत करने की तैयारी कर रही है।

## पीएम नरेंद्र मोदी की अपील से तिरंगा बिक्री में 60-70 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बाजार में तिरंगे और संबंधित आइटम्स की बिक्री में भारी उछाल देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देशवासियों से इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की। बता दें कि प्रधानमंत्री ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर में तिरंगा लगाया और लोगों से भी ऐसा करने और तिरंगे के साथ सेल्फी भेजने की अपील की। इस अपील के बाद तिरंगे की बिक्री में 60-70 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। बता दें कि 2022 में भी मोदी ने इसी तरह हर घर तिरंगा अभियान चलाने की अपील की थी और उस समय में तिरंगे झंडे की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया था।

सदर बाजार में झंडे का कारोबार करने वाले सूरज प्रकाश ने बताया कि 15 अगस्त के करीब आते ही तिरंगे और इससे जुड़े आइटम्स की बिक्री में तेजी आई है। पिछले 3-4 दिनों में ही बिक्री में 60-70 प्रतिशत का उछाल देखा गया। प्रधानमंत्री की अपील के बाद तो एक दिन में ही बिक्री में 90 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी तिरंगे के ऑर्डर मिल रहे हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसे देश शामिल हैं।

मोहम्मद मिराज, जो सदर बाजार में भी झंडों का कारोबार करते हैं ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ऑर्डर्स की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिख रहा है और लोग बल्क में झंडे खरीदकर बांट रहे हैं।

सूरज ने बताया कि यूं तो तिरंगा कलर के कई आइटम्स बिक रहे हैं लेकिन सबसे ज्यादा कपड़े के झंडे ही बिक रहे हैं।

## व्यापारियों ने चेक क्लियरिंग का समय घटाने के लिए आरबीआई के प्रस्ताव का किया स्वागत

**मुंबई , एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) चेक समशोन में लगने वाले समय को कम करने का प्रस्ताव दिया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी मौद्रिक नीति की समीक्षा की घोषणा करते हुए यह एलान किया। कारोबारियों ने केंद्रीय बैंक के इस फैसले पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

भारतीय रिजर्व के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए फैसलों का एलान किया। इस दौरान उन्होंने चेक समाशोनधन प्रक्रिया को तेज करने से जुड़े प्रस्ताव की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव चेक क्लियरिंग की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए लाया गया है। इसके जरिए ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर कारोबारियों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उनका मानना है कि इससे कारोबार को काफी लाभ मिलेगा। हालांकि अब देश में कारोबारी डिजिटल भुगतान प्रणाली अपना रहे हैंपर इसके बावजूद 25 से 30 प्रतिशत तक का कारोबार चेक के जरिए किया जाता है। ऐसे में आरबीआई के इस फैसले से कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है।

कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का कहना है कि वर्तमान समय में क्रेडिट पर माल देना, कारोबारियों को सरकारी पेमेंट करना और व्यापार से जुड़े विशेषकर आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारी चेक देते पेमेंट करते हैं। वर्तमान समय में 25 से 30 प्रतिशत कारोबार चेक पेमेंट से किया जाता है और यह करोड़ रुपये का होता है, चेक के जरिए 1000 करोड़ रुपये का कारोबार प्रतिदिन होता है। सरकारी खरीदारी करने के लिए भी चेक से पेमेंट किया




जाता है। इसलिए आरबीआई का यह फैसला राहत प्रदान करता है। इससे कुछ घंटों में चेक क्लियर होने से क्रेडिट पर दिए गए माल का पेमेंट मिल जाएगा। दूसरा चेक बाउंस की समस्या भी काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। तीसरा बैंक जो दो से तीन दिन तक हमारे पैसों का इस्तेमाल करता था वह भी कम हो जाएगा।

भारत मर्चेंट चेंबर के राजीव सिंघल का कहना है कि बैंकों में चेक जमा करना और उसको क्लियर होने में एक से दो दिन का समय लग जाता है। ऐसे में यदि किसी को माल खरीदना है तो माल तब ही मिलेगा जब उसका चेक क्लियर होगा। ऐसे में चार से पांच दिन चले जाते हैं। हालांकि ऑनलाइन पेमेंट की वजह से इस प्रकार समस्या अब नहीं आ रही है। 80 प्रतिशत कारोबारी ऑनलाइन पेमेंट करते हैं। वे कहते हैं कि इसे लागू करने के बाद वर्तमान में हो रहे आरटीजीएस और एनईएफटी का इस्तेमाल थोड़ा कम होने की संभावनाएं बनती हैं। मुंबई में कालबादेवी के कपड़ा व्यापारी धर्मेश ठक्कर कहते हैं चेक क्लियरेंस कुछ ही घंटो में होने से कारोबार में आसानी तो होगी। बावजूद इसके ऑनलाइन पमेंट अधिक होता है, जो कि कारोबारियों के लिए सबसे फायदमेंद है। लेकिन चेक से भी लेनदेन कारोबारी करते हैं और इसका भी एक बड़ा हिस्सा कारोबार को प्रभावित करता है। इससे फैसले से कारोबार में तेजी आएगी और व्यापार बढ़ेगा।

आरबीआई के इस फैसले से कारोबारियों और ग्राहकों दोनों को सुविधा मिलेगी। कारोबारी कहते हैं कि चेक जमा करने के बाद दो से तीन दिन तक इंतजार करना होता है, जो अब नहीं करना होगा। पहले की तुलना में बैंकों की छुट्टीयां अभी अधिक होने से चेक जमा होने के बाद भी छुट्टी होने की वजह से क्लियर नहीं होता है, कुछ घंटों में ही चेक क्लियर होने से यह समस्या भी नहीं रहेगी। चेक बाउसं होनी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा क्योंकि चेक देने से पहले चुकाने वाले को अपने एकाउंट में बैलेंस रखना जरूरी होगा। इसे लागू करने के बाद आरटीजीएस और एनईएफटी का इस्तेमाल थोड़ा कम होने की संभावना है।

आरबीआई के अनुसार नई व्यवस्था में चेक को स्कैन किया जाएगा। इससे कुछ ही घंटो में इसकी क्लियरिंग हो जाएगी। फिलहाल अभी चेक क्लियर होने में एक से दो दिन लगते हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि इससे जुड़े दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों की तरफ से अपने ग्राहकों के बारे में क्रेडिट सूचना जो कि कंपनियों को दी जाने वाली रिपोर्ट अब हर पखवाड़े देने का प्रस्ताव दिया है। इससे ग्राहकों को अपने सिबिल स्कोर यानी क्रेडिट स्कोर की जानकारी मिलती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जोड़-तोड़ की राजनीति में फंसी भाजपा महानगर कमेटी की घोषणा

**धनबाद, एजेंसी।** भाजपा धनबाद महानगर जिला कमेटी की घोषणा होल्ड कर दी गयी है. कई पदों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच सहमति नहीं बन पा रही है. विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पार्टी नेतृत्व यहां विवाद से बचना चाहती है. इसलिए जिन नामों पर ज्यादा सहमति बनेगी. उन्हें ही जिम्मेदारी दी जा सकती है. झारखंड के लगभग सभी जिला में भाजपा की नयी कमेटी बन चुकी है. कुछ ही जिला बचा है. इसमें धनबाद महानगर जिला भी शामिल है. सूत्रों के अनुसार धनबाद महानगर कमेटी को लेकर जिच बरकरार है. भाजपा का एक खेमा, तो महानगर कमेटी में बड़े परिवर्तन की मांग पर अड़ा हुआ है. इस खेमा में पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हैं. यह खेमा नहीं चाहता कि ग्रामीण जिला कमेटी की तरह महानगर जिला कमेटी में एक गुट विशेष का कब्जा हो. लगातार प्रदेश नेतृत्व सभी खेमे को मनाने में जुटा हुआ है. जबकि दूसरा खेमा चाहता है कि पुरानी कमेटी का ही दबदबा बरकरार रहे. यह खेमा बड़े परिवर्तन के पक्ष में नहीं है. सबसे ज्यादा मारामारी महामंत्री के दोनों पदों के लिए है. इस पद के लिए दोनों खेमा ताल ठोंके हुए है. इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए ज्यादा लॉबिंग हो रही है. उपाध्यक्ष का यहां छह पद है. इस पद पर दोनों खेमों को एडजस्ट करने की कोशिश चल रही है. मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी में कुछ नये चेहरों को मौका मिल सकता है.

### रेलवे में मान्यता के लिए ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन ने ठोकी ताल, चुनाव लड़ने का निर्णय

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन (इसीआरइयू), ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस (इसीआरएमसी) व ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर यूनियन (इसीआरएमयू) की संयुक्त बैठक शनिवार को रांगाटांड़ में हुई. अध्यक्षता जफर आलम व संचालन नागेंद्र पासवान ने किया. जफर आलम ने कहा कि मान्यता प्राप्त इसीआरकेयू सम्बद्ध एआइआरएफ व इसीआरएमसी संबद्ध एनएफआइआर के नेता रेलवे में निजीकरण व एनपीएस के हिमायती हैं. वे अधिकारियों के साथ मिलकर कर्मचारियों पर डर व अत्याचार का माहौल कायम किये हुए हैं. बैठक में विभिन्न विभागों या कैटेगरी संगठनों जैसे आरकेटीए, एआइआरटीयू, एआइजीसी, इसीआरडब्लूकेए और मजदूर कांग्रेस और मजदूर यूनियन के समर्थन से ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन रेलवे में मान्यता चुनाव के लिए लड़ेगा. बैठक में मुख्य रूप से इसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान, महासचिव मृत्युंजय कुमार, एसपी सिंह, मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष जफर हसन, लाल बाबू राय, विजय सिंह, नवल किशोर सिंह, वशीर अहमद, दुर्गेन्दर कुमार, बीएपी गोंड, इसीआरएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष राम मूरत, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार, मो कलीमुल्लाह, आरकेटीए के जोनल सचिव राजेश कुमार, सुनील कुमार साव, एआइआरटीयू के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष रंजन भगत, इसीआरडब्ल्यूकेएके जोनल सचिव श्रवण कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन में विलय की घोषणा की है.

### सड़क मरम्मत करने की मांग को ले वासेपुर के लोगों ने किया प्रदर्शन

**वासेपुर, एजेंसी।** वासेपुर मटकुरिया वार्ड नंबर 14 में खराब सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर वासेपुर के लोगों ने नगर निगम के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. नगर आयुक्त से मिलने की कोशिश की. इसपर निगम के कर्मियों ने कहा कि सिर्फ पांच लोग ही मिल सकते हैं. इसके बाद पांच लोग नगर आयुक्त से मिलने गये. नगर आयुक्त ने उन्हें आधे घंटे इंतजार करने को कहा. इसपर लोग भड़क गये. बाहर निकलकर निगम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुर्तजा आलम ने बताया कि वासेपुर वार्ड नंबर 14 में आने वाले आरा मोड़, मटकुरिया बस्ती से काली मंदिर जाने वाली सड़क की सालों से मरम्मत नहीं हुई है. निगम से लोगों ने सड़क की मरम्मत का आग्रह भी किया, पर कोई सुनवाई नहीं हुई. बीते दिनों एक व्यक्ति इस सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया. उसके दोनों हाथ टूट गये. इस सड़क को 2016-17 में पीसीसी किया गया. अब यह सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है. मुर्तजा ने कहा कि अगर नगर निगम ने सड़क की मरम्मत नहीं करायी तो, उग्र आंदोलन होगा.
दो माह पहले छात्र नेता ऋषिकांत यादव के साथ कोयला नगर में मारपीट मामले में एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए तीनों पुलिस पदाधिकारी को लाइन क्लोज कर दिया है. धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने सरायढेला थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर फागुनी पासवान, सब इंस्पेक्टर वीर बादल और जमादार राकेश पांडे को लाइन क्लोज करते हुए तीनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है.

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय के कर्मियों को झारखंड हाइकोर्ट ने दी राहत

## वेतन वसूली के आदेश पर लगाई रोक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों को राहत मिली है। अदालत ने वेतन से राशि वसूली के विश्वविद्यालय के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया है कि वह अत्यधिक वेतन की वसूली के संबंध में निकाले गए आदेश के आलोक में विश्वविद्यालय को आवेदन दें और विश्वविद्यालय इन आवेदनों पर फिर से विचार करें। उक्त निर्देश के साथ अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

### याचिका में क्या कहा गया?

इस संबंध में मनोज कुमार एवं 37 अन्य कर्मियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि विश्वविद्यालय ने अपने तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मियों को अत्यधिक वेतन भुगतान वापसी के संबंध में पत्र जारी किया है।

जिसमें कहा गया है कि सातवें वेतनमान के तहत विश्वविद्यालय ने उन्हें अधिक वेतन भुगतान कर दिया है, इसलिए उन्हें दिए गए अतिरिक्त वेतन वापस करना होगा। प्रार्थियों की ओर से कहा गया कि विश्वविद्यालय का यह आदेश गलत है और अतिरिक्त वेतन नहीं दिया गया है।



### सातवें वेतनमान की सिफारिश के आलोक में लाभ देने का लिया था निर्णय

अदालत को बताया गया कि झारखंड सरकार के वित्त विभाग के अधिसूचना 18 जनवरी 2017 के तहत राज्य के सभी कर्मियों के एक जनवरी 2016 से केंद्रीय सातवें वेतनमान की सिफारिश के आलोक में लाभ देने का निर्णय लिया गया था।

इसके आलोक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने 25 जनवरी 2023 को अधिसूचना जारी की। जिसके तहत सातवां वेतनमान का लाभ कर्मियों को एक जनवरी 2016 से दिए जाने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय के द्वारा सभी बकाया वेतन कर्मियों एवं शिक्षकों को प्रदान किया गया।

लेकिन 25 जून 2024 को अचानक विश्वविद्यालय ने अपने तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों के वेतन से करीब 16 लाख रुपये की वसूली के लिए पत्र निर्गत किया। इस वर्ष जुलाई माह में कर्मियों के वेतन से करीब 22 हजार रुपये की वसूली भी कर ली।

# भारत का प्रभाव अब पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है : डॉ सुव्रोकमल

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त राजनीतिक, आर्थिक और विदेश नीति के विशेषज्ञ डॉ सुव्रोकमल दत्ता ने कहा कि अपने देश का प्रभाव वर्तमान भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ गया है. अपनी सांस्कृतिक प्रभाव अब देश के बाहर यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य हिस्सों में देखा जा सकता है. श्री दत्ता शनिवार को आइआइटी (आइएसएम) में छात्रों को व्याख्यान दे रहे थे. उन्होंने विकास के लिए प्रौद्योगिकी और कौशल की भूमिका पर अपना व्याख्यान दिया. यह आयोजन मिशन विकसित भारतञ्च2047 के तहत संस्थान कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विभाग द्वारा पेनमैन हॉल में किया गया. दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव के कुछ उदाहरण देते हुए श्री दत्ता ने कहा ~ सबसे बड़ी नवरात्रि बैंकॉक में दुनिया का सबसे बड़ा त्योहार मनाया जाता है, जहां हर कोई पूरे नौ दिन व्रत रखता है. वहां भी इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होता है. यहां दशमी के दौरान बड़ी संख्या में झांकियां निकाली जाती हैं. उन्होंने बताया कि जब बैंकॉक के डाउनटाउन इलाके में यह जुलूस निकलता है तो दैवीय आशीर्वाद चाहने वालों की भीड़ एकत्रित होती है. उन्होंने म्यांमार के इतिहास और हमारे देश के साथ इसके सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मूल नाम बर्मा ब्रम्हा से उत्पन्न हुआ था और प्राचीन काल में इसे इसी नाम से जाना जाता था. ब्रम्हदेश लेकिन बर्मी भाषा या बर्मन भाषा में यह बाद में ब्रम्ह बन गया. उन्होंने आर्मेनिया में हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की, जो एक ईसाई देश है. उन्होंने व्याख्यान शुरू करने से पहले नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा का प्रतीक एक वीडियो दिखाया. इसके माध्यम से उन्होंने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को चिह्नित करने के लिए दर्शकों के सामने विभाजन की पीड़ा दिखाया.

# स्विगी डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट, तीन दिन बाद दर्ज हुआ केस



**रांची, एजेंसी।** ऑल इंडिया गिग वर्कर्स यूनियन ने स्विगी डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट के मामले में पुलिस पदाधिकारियों से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है. यूनियन के महासचिव प्रतीक मिश्रा ने बताया कि तीन दिनों के अंदर अगर पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई नहीं करती, तो रांची में ऐप आधारित मजदूर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे. मालूम हो कि बीते सात अगस्त की रात 11 बजे बाबा हॉस्पिटल, इंद्रपुरी के पास स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय रविंद्र कुमार जब खाना पहुंचाने गये, तो हिमांशु यादव ने अपने पांच-छह साथियों के साथ मिलकर रविंद्र पर जानलेवा हमला किया और मारपीट की. कस्टमर का बिल 284 रुपये का था. पैसा मांगने पर उस ग्राहक ने अपशब्द बोलने के साथ ही उसे बुरी तरह से मारा-पीटा. मारपीट से रविंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये. रविंद्र ने सुखदेवनगर थाना पहुंच कर शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने स्विगी कर्मी को मेडिकल जांच की रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया. अगले दिन जब मेडिकल रिपोर्ट लेकर थाना गये, तो कहा गया कि अभियुक्त का नंबर लेकर आने पर कार्रवाई करेंगे. परेशान होने के बाद रविंद्र कुमार ने ऑल इंडिया गिग वर्कर्स यूनियन से संपर्क किया. इसके बाद अंततः घटना के तीन दिन बाद 10 अगस्त को पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की.

# वर्तमान ही नहीं भविष्य की बीमारियों का भी पता लगाएगा 'विजन ई-सेंस', जमशेदपुर के छात्र ने तैयार की नायाब तकनीक



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के बारीडीह के रहने वाले छात्र समर्थ पांडेय का सॉफ्टवेयर आंखों की वर्तमान बीमारी व भविष्य की बीमारियों के बारे बतायेगी।

चिकित्सक जब आंखों की जांच करेंगे तो उस मरीज की चिकित्सतीय पद्धति से खीचे गए इमेज को सीधे सॉफ्टवेयर में अपलोड करना होगा। तब मरीज की आंखों की वर्तमान बीमारी और भविष्य की बीमारी के बारे में पता लग पायेगा।

इसके लिए छात्र ने मशीन लर्निंग विधि का उपयोग किया है। इस सॉफ्टवेयर का नाम 'विजन ई-सेंस' रखा है। समर्थ पांडेय ने रेटिनल डिसिस क्लासिफिकेशन के तीन विषय मधुमेह, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद पर रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार किया है।

इस प्रोजेक्ट का टॉपिक समर्थ पांडेय ने डीप लर्निंग-एनेबल मल्टी डिसिस डायग्नोस्टिक टूल फार फंडस इमेज एनालाइसिस एंड रेटिनल डिसिस प्रिडिक्शन यूसिंग पाटेंशियल बायोमार्कर्स फ्रॉम ह्यूमन फंडस इमेज (मानव फंडस छवियों से संभावित बायोमार्करों का उपयोग करके फंडस छवि विश्लेषण और रेटिनल रोग भविष्यवाणी के लिए डीप लर्निंग-सक्षम बहु-रोग निदान उपकरण) रखा है।

समर्थ पांडेय के इस प्रोजेक्ट को जिम्बाव्वे में आयोजित अफ्रीका साइंस बस्कर्स फेस्टिवल में दस सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। पूरे भारत वर्ष में सिर्फ समर्थ को यह स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

जिंबाव्वे में आयोजित इस फेस्टिवल में देश-विदेश के दस हजार छात्रों ने अपने-अपने रिसर्च को लेकर आवेदन दिया था। इसमें से कुल 350 रिसर्च प्रोजेक्ट को अंतिम रूप से चयनित किया गया।

शुक्रवार को फेस्टिवल का फाइनल राउंड यू-ट्यूब पर ऑनलाइन आयोजित हुआ। इसमें कुल दस छात्रों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इसमें भारत से जमशेदपुर निवासी समर्थ पांडे का भी नाम है। आयोजकों की ओर से ऑनलाइन सर्टिफिकेट भेज दिया गया है। स्वर्ण पदक भी भेजा जायेगा।

छात्र समर्थ ने बताया कि अंतिम रूप से चयनित सभी छात्रों को जिंबाव्वे आने के लिए कहा गया था, लेकिन अंतिम समय में उड़ानों के स्थगन तथा कतिपय कारणों से फाइनल राउंड ऑनलाइन आयोजित हुआ।

बारीडीह के छात्र समर्थ पांडे का दावा है कि यह अभिनव शोध न केवल चिकित्सा छवि विश्लेषण के क्षेत्र में योगदान देता है, बल्कि नेत्र की समस्या के निदान को बदलने की महत्वपूर्ण क्षमता भी रखता है।

उन्होंने कहा कि मेरा अध्ययन प्रारंभिक रोग पहचान और उस अनुरूप उपचार योजनाओं के माध्यम से बेहतर रोगी परिणामों का मार्ग प्रशस्त करता है। यह शोध नेत्र स्वास्थ्य सेवा के परिदृश्य में क्रांति ला सकती है।

# सिमडेगा जेल से अमन साहु गिरोह के आकाश राय का मोबाइल व सिम बरामद

**रांची, एजेंसी।** आपराधिक वारदातों में मोबाइल का इस्तेमाल किये जाने की सूचना पर एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) और जिला प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को सिमडेगा जेल में छापा मारा. इसका नेतृत्व एटीएस एसपी रिषभ झा कर रहे थे. छापेमारी के दौरान टीम ने एक एंड्रायड मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया है. इसे छह जुलाई के एक अखबार में लपेट कर रबर बैंड लगा कर 'हाथी' ब्रांड के सरसों तेल के एक लीटर के खाली रैपर के अंदर सुरक्षित रखा गया था. इस रैपर को जेल के अंदर एक निर्माणाधीन बैरक में छिपाया गया था. जिस अखबार में मोबाइल फोन और सिम कार्ड लपेट कर रखे गये थे, उस पर नीली स्याही से 'आकाश राय' लिखा हुआ था. सिमडेगा थाना के प्रभारी बिनोद कुमार पासवान ने बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड को जब्त कर लिया है. इस संबंध में सिमडेगा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. उधर, एटीएस थाना रांची में भी कारा अधिनियम की धारा-42 के तहत केस दर्ज किया गया है.

एटीएस को जांच में यह पता चला है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर के अलावा गढ़वा और रांची में कई आपराधिक वारदातों को संचालित करने में आकाश राय ने बरामद मोबाइल फोन व सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था. बरादम मोबाइल फोन को एटीएस फोरेंसिक जांच के लिए भेजेगी. उल्लेखनीय है कि हथियार के साथ आकाश राय को 2021 में गिरफ्तार किया गया था. वह दो सालों से सिमडेगा जेल में है.एटीएस को यह जानकारी मिली है कि दो-तीन दिन पहले आकाश राय की पम्मी नामक एक महिला मित्र को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह मित्र रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है. उससे पूछताछ में कई जानकारी वहां की पुलिस को मिली है.

# ऑफ सीजन में चेंबर चुनाव से बाजार में आयी गरमाहट, सबने झोंकी ताकत



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स का 22 अगस्त को होने वाले चुनाव ने बारिश में गरमाहट ला दी है. व्यवसाय के लिए ऑफ सीजन माने वाला मॉनसून में यहां के बाजारों में चहल-पहल तेज है. चुनाव दंगल में मौजूद सात प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ बाजार व व्यवसायियों के बीच सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. भारी बारिश में भी प्रत्याशियों के उत्साह में कमी नहीं आ रही है.

धनबाद जिला चेंबर का चुनाव चार वर्ष बाद हो रहा है. चुनाव को लेकर यहां के व्यवसायियों में जोश दिख रहा है. चेंबर के चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष चेतन गोयनका एक बार फिर मैदान में हैं. वह लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोंक कर मैदान में उतरे हैं. वहीं इस पद पर जिला चेंबर के पुराने अध्यक्ष राजीव शर्मा भी मैदान में उतरे हैं. एक बार फिर अध्यक्ष पद के लिए चेतन गोयनका एवं राजीव शर्मा के बीच सीधा मुकाबला है. पिछली बार भी इन्हीं दोनों के बीच मुकाबला हो रहा है.

इसी तरह महासचिव पद के लिए वर्तमान महासचिव अजय नारायण लाल फिर से मैदान में कूदे हैं. उनका मुकाबला जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता से है. श्री गुप्ता पहले भी जिला महासचिव एवं अध्यक्ष दोनों पदों को संभाल चुके हैं. महासचिव पद के दोनों प्रत्याशी पुराना बाजार चेंबर के पदाधिकारी रह चुके हैं. कोषाध्यक्ष में त्रिकोणीय मुकाबला है. इस बार वर्तमान कोषाध्यक्ष श्याम गुप्ता के अलावा धनबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स (पार्क मार्केट हीरापुर) के अध्यक्ष संजीव चौरसिया तथा मोटर डीलर्स एसोसिएशन के सचिव प्रेम गंगेसरिया इस पद केलिए भाग्य आजमा रहे हैं.धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में कुल 208 मतदाता हैं. अधिकांश मतदाता किसी न किसी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं महासचिव हैं. सभी प्रत्याशियों का मतदाताओं से व्यक्तिगत संबंध है. इसलिए बाजार से ज्यादा प्रत्याशी घर-घर जा कर प्रचार करने पर जोर दिये हुए हैं. सबके अपने-अपने तर्क हैं. बरसात के मौसम में भी बाजार का माहौल चुनाव के कारण गर्म है. जोड़-तोड़ का दौड़ जारी है. आने-वाले समय में माहौल में और गरमाहट आने की संभावना है.

# रेल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्लिकेशन का करें उपयोग, समय और पैसे दोनों बचाएं

**धनबाद, एजेंसी।** रेलवे लगातार यात्री सुविधा पर ध्यान दे रहा है. रेलवे हमेशा से यात्रियों के लिए टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर देता रहा है. इसी क्रम में धनबाद मंडल के सभी स्टेशनों पर अनारक्षित रेलवे टिकटों के लिए यूटीएस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है. यूटीएस एप्लीकेशन को गूगल पर सर्च करके उस पर क्लिक करके, गूगल प्ले स्टोर या एप्पल प्ले स्टोर से डाउनलोड एवं इनस्टॉल किया जा सकता है. इसे वेबसाइट से भी उपयोग किया जा सकता है. पहले मोबाइल नंबर, नाम, पासवर्ड, जेंडर, जन्मतिथि देकर रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करना होगा. यह एक बार की जाने वाली प्रक्रिया है. इसमें मोबाइल नंबर और पासवर्ड के साथ या मोबाइल नंबर और ओटीपी के द्वारा लॉग इन कर सकते है. इस एप्लीकेशन में प्रामाणिक आईडी कार्ड (सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्यार्थी पहचान पत्र, बैंक पासबुक, लेमिनेटेड फोटो के साथ क्रेडिट कार्ड) का डिटेल अपडेट करने पर आर-वॉलेट के माध्यम से धनराशि संग्रहीत करने की सुविधा भी मिलती है.टिकट बुक करने के लिए यात्री अपनी यात्रा का विवरण देना होगा जैसे कि कहां से कहां जाना है. 4. यात्रियों का विवरण (वयस्क/बच्चे), मेल एक्सप्रेस/सुपरफास्ट. भुगतान करने के लिया आर-वॉलेट या पे युसिंग (यूपीई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग) का उपयोग कर सकते है.

किसी भी एनड्रॉइड/ ईओएस मोबाईल फोन में इसको इन्स्टॉल करके उपयोग कर सकते है. टिकटों की बुकिंग कही से और किसी भी स्टेशन के लिए की जा सकती है .इस एप्लीकेशन में सामान्य टिकट, क्यूआर बुकिंग, त्वरित बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, सीजन टिकट जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं. इस एप्लीकेशन में आर-वॉलेट के माध्यम से धनराशि संग्रहीत कर सकते हैं और साथ ही प्रत्येक आर-वॉलेट के रिचार्ज पर तीन प्रतिशत का बोनस लाभ भी मिलता है. इस एप्लीकेशन से यात्री कैशलेस तरीके से तुरंत व आसानी से टिकट ले सकेंगे और साथ ही साथ बुकिंग काउंटर में लंबी लाइनों में लगने की परेशानी व खुल्ले पैसे की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं.

# 14 से एमबीबीएस ऑल इंडिया व 18 अगस्त से शुरू होगी स्टेट कोटे में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

रांची, एजेंसी। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में सत्र 2024-29 एमबीबीएस में दाखिले की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू होगी. 14 से 23 अगस्त तक ऑल इंडिया कोटे से पहले राउंड में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी. रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्र-छात्राओं को 29 अगस्त को एसएनएमएमसीएच में रिपोर्टिंग करनी है.

ऑल इंडिया कोटे से 15 छात्र-छात्राओं का एसएनएमएमसीएच के एमबीबीएस में दाखिला लिया जायेगा. वहीं 21 से 29 अगस्त तक स्टेट कोटे से नामांकन का पहला राउंड शुरू होगा. 30 अगस्त को स्टेट कोटे में नामांकन लेने वाले स्टूडेंट्स को मेडिकल कॉलेज में रिपोर्टिंग करनी है. स्टेट कोटे से 83 स्टूडेंट्स का एमबीबीएस में दाखिला लिया जायेगा. बता दें कि एसएनएमएमसीएच में कुल सौ एमबीबीएस सीट पर स्टूडेंट्स का नामांकन लिया जायेगा. ऑल इंडिया के 15, स्टेट कोटे से 83 व दो सीट सेंट्रल नॉमिनी के लिए आरक्षित है.

ऑल इंडिया कोटे से दूसरे राउंड की काउंसिलिंग पांच सितंबर से 13 सितंबर निर्धारित की गयी है. वहीं स्टेट कोटे से दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 11 सितंबर से 20 सितंबर तक चलेगी. ऑल इंडिया कोटे से तीसरे राउंड की काउंसलिंग 24 सितंबर से पांच अक्टूबर व स्टेट कोटे की काउंसिलिंग की तिथि तीन अक्टूबर से 12 अक्टूबर निर्धारित है. 30 अक्टूबर से नामांकन प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स की कक्षाएं शुरू हो जायेगी.

# सीएएस के एकमात्र मध्यस्थ 13 अगस्त को विनेश फोगाट मामले में फैसला सुनाएंगे




**पेरिस, एजेंसी।** कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) के एड-हॉक डिवीजन ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश फोगाट की अपील पर अपना फैसला सुनाने के लिए सोल आर्बिट्रेटर को अधिक समय दिया है। पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन के वेट-इन में 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल फाइनल से विनेश को अयोग्य करार दिया गया था। आईओए के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि सीएएस के तदर्थ प्रभाग ने एकमात्र मध्यस्थ माननीय के लिए समय बढ़ा दिया है। विनेश फोगाट बनाम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी मामले में डॉ. एनाबेले बेनेट 13 अगस्त 2024 को शाम 6:00 बजे तक फैसला देंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक अधिकारी ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि तर्कसंगत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आईओए एक प्रभावित पक्ष के रूप में मामले का हिस्सा बन गया है। इस मामले में लड़ने वाले पक्षों को यदि वे चाहें तो कोई अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण देने के लिए 11 अगस्त तक का समय दिया गया है। विनेश ने 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है और पेरिस ओलंपिक में युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज के साथ साझा रजत पदक से सम्मानित होने के लिए सीएएस का दरवाजा खटखटाया है। पैनल पहले ही पक्षों को सुन चुका है, जिन्हें सुनवाई से पहले अपनी विस्तृत कानूनी दलीलें दाखिल करने और फिर मौखिक दलीलें पेश करने का अवसर दिया गया था।

# 2028 ओलंपिक में एक और मेडल लाने की तैयारी में जुटी भारतीय हॉकी टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। इसके बाद, हॉकी इंडिया लगातार दूसरा पदक जीतकर 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद से ऐसा करने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। शानदार जीत के बाद, टीम शनिवार को भारत लौटी और भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के नाम पर बने स्टेडियम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और बात की। मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने बात करते हुए कहा, देश का प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए और हमारे परिवार के लिए बहुत गर्व की बात है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इतने बड़े मंच पर आप खुद को कैसे संभालते हैं। हमें उम्मीद है कि हम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में और भी रिकॉर्ड तोड़ेंगे और एक और पदक लाएंगे। भारत ने पेरिस में कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरा पदक हासिल किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने पूल मैच में बेल्जियम से हारने के बाद, केवल विश्व चैंपियन जर्मनी से सेमीफाइनल में 2-3 से हार का सामना किया।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बात करते हुए कहा, देश के लिए पदक जीतना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ओलंपिक जाने से पहले, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले, और जीतने के बाद भी हमने उनसे बात की। यह हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण और विशेष अनुभव है। राज कुमार पाल ने कहा, हमारा मुख्य ध्यान फाइनल में खेलने पर था, लेकिन हम जर्मनी से हार गए। हालांकि, हम अभी भी पदक लेकर आए और हमारे देश के लोगों का प्यार और समर्थन मिला। पूरी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक इकाई की तरह खेला, लेकिन हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश टीम की सफलता के पीछे दो मुख्य स्तंभ थे, क्योंकि ये दोनों भारत के गोल और डिफेंस के केंद्र बिंदु थे। कप्तान हरमनप्रीत ने अपना शानदार स्कोरिंग फॉर्म जारी रखा और कांस्य पदक मैच में जीत सुनिश्चित करने के लिए दो गोल किए। डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह ने कहा, जैसे ही हमने पदक जीता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमसे बात की और हमें बधाई दी। वह बहुत खुश थे। आप बता सकते थे कि उन्होंने जिस तरह से हमसे बात की थी, उन्होंने हर खेल देखा था।



## पदक मिले या नहीं, विनेश ने देश के लिए जो किया उसे लोग नहीं भूलेंगे : नीरज चोपड़ा

**पेरिस, एजेंसी।** स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पहलवान विनेश फोगाट की खेल पंचाट (सीएएस) की गई अपील को सफल रहने की उम्मीद जताते हुए कहा कि अगर यह फैसला उनके पक्ष में नहीं रहा तो भी लोगों यह भूलना नहीं चाहिए कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है। विनेश को बुधवार को निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण पेरिस ओलंपिक के फाइनल के लिए अयोग्य ठहराकर बाहर दिया गया था। खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग में उनकी अपील की सुनवाई शुक्रवार रात को पूरी हो गयी है इस मामले में फैसला भारतीय समयानुसार आज रात 9.30 बजे तक आने की उम्मीद है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज पेरिस में रजत पदक जीतकर लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले ट्रैक एवं फील्ड के पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये। उन्होंने कहा कि वह विनेश के गले में पदक सिर्फ एक कारण से देखना चाहते है क्योंकि इससे 'लोग उनकी उपलब्धि को भूलेंगे नहीं। आईओसी सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी द्वारा अभिनंदन के बाद 26 वर्षीय नीरज ने 'इंडिया हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर उसे पदक मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। अगर चीजें उस तरह से नहीं हुई होती, तो उसके पास पदक होता। मुझे उम्मीद है कि उसे यह मिलेगा क्योंकि अगर यह आपके गले में नहीं है, तो आपको हमेशा इसकी निराशा रहती है। उन्होंने कहा कि आज लोग कह सकते हैं कि वह हमारी चैंपियन है, लेकिन कुछ दिनों बाद वे भूल जाएंगे। अगर ऐसा न होता तो पदक कौन सा है यह ज्यादा मायने नहीं रखता है। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि उन्हें पदक मिलेगा। उन्हें पदक मिले या नहीं, मैं चाहूंगा कि लोग यह नहीं भूले कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है।

## ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल विजेता विवेक सागर की मां ने कहा मेरा बेटा पूरे देश का लाल है



**भोपाल, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भोपाल लौटे हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर के घर पर खुशियां मनाई जा रही हैं। उनके घर पर बधाईयां देने के लिए लोगों को तांता लगा हुआ है। बातचीत के दौरान उनकी मां कमला देवी ने कहा कि मेरा बेटा सिर्फ मेरा लाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश का लाल है। विवेक सागर के पिता रोहित प्रसाद ने बातचीत के दौरान कहा कि बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

## अभिनव बिंद्रा को प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया, चुनिंदा लोगों के नाम है यह उपलब्धि

**पेरिस, एजेंसी।** अभिनव बिंद्रा को पेरिस में प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया। बिंद्रा को यह सम्मान ओलंपिक खेलों में



उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। पूर्व ओलंपियन बिंद्रा केवल दूसरी भारतीय हस्ती हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। उनसे पहले देश की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी को 1983 में ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया था। भारतीय निशानेबाज और ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को पेरिस में प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 142वें सत्र में बिंद्रा को सम्मानित किया गया। ओलंपिक ऑर्डर आईओसी की तरफ से दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। बिंद्रा से पहले पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी इस सम्मान से नवाजा जा चुका है। ओलंपिक खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को इससे सम्मानित किया जाता है।

### बिंद्रा ने 2008 में जीता था स्वर्ण

41 वर्षीय बिंद्रा ने 2008 बीजिंग खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता जीतकर भारत के पहला व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2010 से 2020 तक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की एथलीट समिति के सदस्य थे। 2014 से इसके अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। वह 2018 से आईओसी एथलीट आयोग के सदस्य हैं।

## श्रीजेश की जगह भरने की तैयारी शुरू, भारतीय हॉकी का भविष्य अच्छा है : आरपी सिंह

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी और हॉकी इंडिया (एचआई) की चयन समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य पदक जीतने पर खुशी



जताई है। उन्होंने कहा कि अगर हमने सेमीफाइनल में जर्मनी के लिए अपने गोल करने के अवसर न गंवाए होते, तो गोल्ड मेडल भी आ सकता था। आरपी सिंह ने बात करते हुए कहा, टोक्यो के बाद पेरिस ओलंपिक में भी मेडल जीतने की खुशी है। भले ही हमको अन्य खेल में एक-दो मेडल न मिले, लेकिन हॉकी में मेडल आ जाने से पूरा देश खुश होता है। इसके लिए खिलाड़ियों ने मेडल लाने में पूरा योगदान दिया है। भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने संन्यास ले लिया है। अब उनकी जगह भरने की चुनौती है। इस पर आरपी सिंह ने कहा, इसके लिए तीन चार खिलाड़ियों को तैयार किया है। वह सभी बहुत अच्छे गोलकीपर हैं। एक खिलाड़ी के जाने के बाद दूसरा उसका स्थान लेता है। इसलिए हम एक खिलाड़ी पर पूरी तरह से निर्भर नहीं रह सकते हैं। इसके लिए हमने पहले ही काम शुरू कर दिया था। हम अपनी दूसरी और तीसरी स्ट्रेंथ को आजमाएंगे। इस सवाल पर कि, क्या भारतीय टीम गोल्ड मेडल ला सकती थी, आरपी सिंह ने कहा, यह टीम गोल्ड मेडल ला सकती थी। जिस तरह से टीम ने पूल मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया, फिर क्वार्टर फाइनल में जीते। लेकिन हमने सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ 12 पेनल्टी कॉर्नर मिस किए। मॉर्डन हॉकी में जो गोल करने के अवसर मिस करता है, वह टिक नहीं सकता है। हम जब जर्मनी से 3-2 से हारे तो काफी अफसोस हुआ था। लेकिन हमने कांस्य पदक मैच में स्पेन को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता, जो काफी गौरव की बात है। टीम के भविष्य पर बात करते हुए आरपी सिंह ने कहा, टीम का भविष्य बहुत अच्छा है। टीम में नए लड़के आ रहे हैं। हम नई टीम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मौजूदा टीम से कुछ लड़के बाहर जाएंगे। कुछ अंदर आएंगे।

# पांच कांस्य और एक रजत के साथ समाप्त हुआ भारत का ओलंपिक अभियान

**पेरिस, एजेंसी।** समापन समारोह के साथ पेरिस में जारी ओलंपिक 2024 खत्म हो जाएगा। भारतीय खिलाड़ियों का ओलंपिक में सफर समाप्त हो चुका है। इस बार भारत ने कुल छह मेडल अपने नाम किए जिनमें पांच कांस्य और एक रजत पदक शामिल है। वहीं, टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण के साथ सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हुए पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सात रिजर्व सहित 117 खिलाड़ियों को भारतीय दल में भेजा था। वहीं, इनके साथ 140 सहायक कर्मचारी और अधिकारी भी भारतीय दल के साथ गए थे। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि भारत ने कुल छह पदक किस खेल में जीते। आइये जानते हैं...

**महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनु ने जीता कांस्य** – भारत ने पहला पदक 28 जुलाई को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता था। स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक अपने नाम किया। वह ओलंपिक शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट भी हैं। फाइनल में मनु भाकर ने 221.7 का स्कोर बनाया।



पेरिस ओलंपिक में भारत ने जीते छह पदक

| खिलाड़ी | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| मनु भाकर | 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा | कांस्य |
| मनु/सरबजोत (मिश्रित टीम) | 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा | कांस्य |
| स्वप्निल कुसाले | 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा | कांस्य |
| भारतीय पुरुष हॉकी टीम | कांस्य पदक मुकाबला | कांस्य |
| नीरज चोपड़ा | भाला फेंक स्पर्धा | रजत |
| अमन सहरावत | कुश्ती में फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा | कांस्य |

**मिश्रित टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता कांस्य** – 30 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य जीता। इस ओलंपिक में यह भारत का दूसरा पदक था। भारत ने कांस्य पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की ओह ये जिन और ली वोन्हो की जोड़ी को 16-10 से हराया। इसी के साथ मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है। वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहले भारतीय बन गईं।

**पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वप्निल कुसाले ने जीता कांस्य** – भारत को तीसरा पदक स्वप्निल कुसाले ने दिलाया। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में एक अगस्त को कांस्य पदक जीता। स्वप्निल महिला या पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में ओलंपिक मेडल जीतने वाले पहले भारतीय हैं। स्वप्निल का पदक अप्रत्याशित था, क्योंकि किसी ने उन्हें पदक की दौड़ में नहीं रखा था। हालांकि, उन्होंने सभी को चौंकाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता कांस्य** – भारतीय पुरुष हॉकी टीम से पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की काफी उम्मीद थी, स्वर्ण तो नहीं आया, लेकिन भारतीय टीम कांस्य पदक को बरकरार रखने में कामयाब रही है। भारत ने टोक्यो 2020 में 41 साल का पदक का सूखा समाप्त किया था और रमनप्रीत सिंह की अगुआई में कांस्य पदक जीता था। तीन साल बाद भारतीय टीम ने आठ अगस्त को पेरिस ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता। भारत ने कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन को 2-1 से हरा दिया।

- **नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक स्पर्धा में जीता रजत** – भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आठ अगस्त को पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। हालांकि, इस बार वह अपने पदक का बचाव नहीं कर पाए। नीरज सिर्फ एक ही सफल प्रयास कर सके और उन्होंने छह में से पांच फाउल किए।
- **पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में 57 किग्रा स्पर्धा में अमन सहरावत ने जीता कांस्य** – भारत ने छठा पदक नौ अगस्त को जीता। पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में 57 किलोग्राम भारवर्ग में अमन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने कांस्य के मुकाबले में पुअर्तो रिको के पहलवान डैरियन टोई क्रूज को 13-5 हराकर इतिहास रचा। अमन पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान थे।



## नाकामुरा ने बुलेट में किया शानदार प्रदर्शन, स्पीड चैस के सेमीफाइनल में फिरोजा से होगी टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारू नाकामुरा ने स्पीड चेस चैंपियनशिप 2024 के सेमी फाइनल में पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी बन गए हैं। शुक्रवार देर रात को क्वार्टरफाइनल में उन्होंने रूस के यान नेपोमनिशी को 14.5-9.5 के स्कोर से हराया। नेपोमनिशी ने पहले सेगमेंट में तीन अंकों की बढ़त हासिल की थी, लेकिन नाकामुरा ने 3+1 मिनट के दूसरे सेगमेंट में स्कोर बराबर कर दिया और फिर बुलेट गेम्स में दबदबा बनाकर मैच जीत लिया। अब पेरिस में होने वाले सेमीफाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन यूएसए के हंस नीमन से और फ्रांस के अलीरेज़ा फिरौजा यूएसए के हिकारु नाकामुरा से 6 सितंबर को खेलेंगे. जीत के बाद नाकामुरा नें कहा की मुझे लगता है कि अलीरेज़ा के खिलाफ खेलना वास्तव में रोमांचक होगा क्योंकि, जैसा कि मैंने शायद पहले 10 बार कहा है, वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो मेरी और मैग्नस की तरह बुलेट में एक ही स्तर पर हैं। स्पीड चैस की शुरुआत 27 और 28 जून को क्वालिफायर से हुई थी और यह 8 सितंबर को पहली बार फाइनल के साथ समाप्त होगी, जो पेरिस में लाइव होगा।

## कीरोन पोलार्ड ने छुड़ाए राशिद खान के पसीने, 5 गेंद पर जड़ दिए 5 छक्के

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड ने द हंड्रेड मेन्स कंप्टिशन 2024 के 24वें मैच में अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर सनसनी मचा दी। पोलार्ड ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। 2021 में श्रीलंका के अकिला धनंजय के खिलाफ एक ही ओवर में 6 छक्के जड़ दिए थे। पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की मदद से साउदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट के खिलाफ



100 गेंदों में 127 रनों के मुश्किल लक्ष्य को हासिल कर लिया। 76 गेंदों के बाद साउदर्न ब्रेव का स्कोर 6 विकेट पर 78 रन था। ब्रेव को 20 गेंद पर 49 रन चाहिए थे। राशिद ने पहली 15 गेंदों पर 10 रन देकर 1 विकेट लिए। पोलार्ड ने एक ही ओवर में उनकी कुटाई करके बॉलिंग रिकॉर्ड को खराब कर दिया।

**14 गेंद पर 6 रन बनाकर क्रीज पर थे पोलार्ड** – इस ओवर से पहले वह 14 गेंद पर 6 रन बनाकर क्रीज पर थे पोलार्ड ने पहली दो गेंदों को काउ कॉर्नर और लॉन्ग-ऑफ क्षेत्र के ऊपर से मारा। इसके बाद तीसरी गेंद पर राशिद के सिर के ऊपर से सीधा शॉट मारा। इसके बाद डीप मिड-विकेट पर शॉट लगाया। उन्होंने लॉन्ग-ऑफ पर छक्का लगाकर ओवर को समाप्त किया। अब ब्रेव को 15 गेंदों पर 19 रन चाहिए थे।

## बेसबॉल टीम की जर्सी में नजर आए सूर्यकुमार यादव, क्रिकेट छोड़ ये कहां पहुंच गए?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बतौर बल्लेबाज भारतीय टीम का हिस्सा थे. लेकिन इस टूर्नामेंट के बाद रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान कर दिया. जिसके बाद भारत को नया टी20 कप्तान तलाशना पड़ा. श्रीलंका दौरे पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया. उनकी कप्तानी में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज 3-0 से जीती. अब सूर्यकुमार यादव दिग्गज बेसबॉल टीम न्यूयॉर्क यांकीज की जर्सी में नजर आए. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

**न्यूयॉर्क यांकीज की जर्सी में दिखे सूर्यकुमार यादव** – सूर्यकुमार यादव को हाल ही में दिग्गज अमेरिकी बेसबॉल टीम न्यूयॉर्क यांकीज ने एक खास तोहफा दिया है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूयॉर्क यांकीज के मशहूर स्टेडियम में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं. वीडियो में सूर्यकुमार को स्टेडियम की भव्यता देखकर कुछ पल के लिए स्तब्ध होकर अपने चारों ओर देखते हुए देखा जा सकता है. इस दौरान न्यूयॉर्क यांकीज ने सूर्यकुमार को एक खास




जर्सी भेंट की, जिस पर उनका नाम छपा था. जर्सी मिलने के बाद सूर्यकुमार के चेहरे पर खुशी की झलक साफ दिखाई दी. हालांकि सूर्यकुमार की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि यह यात्रा किसी प्रमोशनल इवेंट का हिस्सा हो सकती है. यह खास मुलाकात क्रिकेट और बेसबॉल के बीच दिलचस्प तालमेल का प्रतीक बन गई है और इसने खेल प्रेमियों के बीच काफी उत्सुकता पैदा कर दी है. भारतीय क्रिकेटर और अमेरिकी बेसबॉल टीम की इस अनोखी मुलाकात ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं. सूर्यकुमार के फैंस इस वीडियो को देखकर काफी उत्साहित हैं और इस खास पल की खूब सराहना भी हो रही है.

**सूर्यकुमार ने क्रिकेट को कहा अलविदा** – इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर यह अफवाह भी उड़ी कि क्या सूर्यकुमार यादव क्रिकेट से संन्यास लेने की सोच रहे हैं, लेकिन फिलहाल ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है. फैंस के बीच यह चर्चा सूर्यकुमार के प्रति उनके बढ़ते आकर्षण का ही संकेत है. क्रिकेट के मैदान से लेकर बेसबॉल स्टेडियम तक सूर्यकुमार यादव की लोकप्रियता नई ऊंचाइयों को छू रही है।

# कौन बनेगा करोड़पति सपनों और आकांक्षाओं की एक साझा यात्रा:अमिताभ बचन




रियलिटी क्विज टेलीविजन शो कौन बनेगा करोड़पति का 16वां सीजन जल्द शुरू होने वाला है। दिग्गज बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बचन इस शो की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कौन बनेगा करोड़पति 16 का प्रीमियर 12 अगस्त को होगा। इसमें प्रतियोगी को पुरस्कार राशि हासिल करने के लिए अपने ज्ञान और बुद्धि की कुशलता को साबित करना होगा। इस बार शो को और रोचक बनाया गया है। इस सीजन में सुपर सवाल नाम से एक नया सेगमेंट शामिल किया जाएगा।

यह नया स्पेशल सेगमेंट केबीसी में पांचवें प्रश्न के बाद आएगा। यह प्रतियोगियों को बिना लाइफ-लाइन विकल्प के अपनी पुरस्कार राशि को दोगुना करने की अनुमति देगा, जिससे खेल में एक उच जोखिम वाला मोड़ जुड़ जाएगा। शो के बारे में बात करते हुए, बिग बी ने एक बयान में कहा, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) एक गेम शो से कहीं अधिक है। यह सपनों और आकांक्षाओं की एक साझा यात्रा है, जिसमें लाखों दर्शक हॉट सीट पर बैठे प्रतियोगियों का समर्थन करते हैं। केबीसी की मेजबानी मुझे अपने प्रशंसकों से जोड़े रखती है, जिन्हें मैं अपना परिवार मानता हूं। उन्होंने आगे कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतियोगियों से मिलना, जिनमें से प्रत्येक के पास कठिनाइयों से भरी हुई अनूठी कहानियां हैं। वो फिर भी हमेशा मुस्कुराते हैं और बड़े सपने देखते हैं। यह मुझे गहराई से प्रभावित और प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, सीजन 16 आधुनिक भारत की भावना को दर्शाता है, ज्ञान को एक स्तर के रूप में मनाना जारी रखता है। हम दर्शकों को और भी अधिक समृद्ध और रोमांचकारी देखने का अनुभव प्रदान करने की उम्मीद करते हैं। बता दें कि कौन बनेगा करोड़पति भारत के प्रतिष्ठित शो में से एक है। इस शो ने बिग बी को उनकी प्रोडक्शन कंपनी अमिताभ बचन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कर्ज में डूबने के बाद स्टारडम वापस पाने में सहायता की।

कर्जदारों को भुगतान करने के लिए बिग बी ने 2000 में केबीसी के साथ टेलीविजन का रुख किया था। भारतीय दर्शकों ने कौन बनेगा करोड़पति में बिग बी को असीम प्यार दिया। बॉलीवुड के सबसे बड़े आइकनों में से एक अभिनेता शाहरुख खान ने अमिताभ बचन के होस्ट किए गए दो सफल सीजन के बाद शो के तीसरे सीजन की मेजबानी की थी, लेकिन शाहरुख अपने आकर्षण के बावजूद बिग बी के जादू को दोहरा नहीं सके। बिग बी चौथे सीजन के साथ शो में लौटे और 2010 से इसकी लगातार मेजबानी कर रहे हैं। कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन का प्रीमियर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा।



# विद्या बालन को मिला जैकी श्रॉफ से खास तोहफा, कहा- वो बहुत कूल हैं

फिल्म अभिनेत्री विद्या बालन ने दिग्गज स्टार जैकी श्रॉफ को कूल बताया है। विद्या बालन को जैकी श्रॉफ से पर्यावरण अनुकूल एक गिफ्ट मिला है। कूल गिफ्टिंग आइडिया के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि यह एक पौधा है जो मुझे जैकी श्रॉफ भिडू ने दिया है। मुझे लगता है कि वह बहुत कूल हैं। यह मुझे ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है तो एक लंबी सांस लो और तरोताजा महसूस करो। लेकिन वास्तव में, यह एक अछा विचार है। मुझे यह पसंद है। रील वीडियो से इंटरनेट पर तहलका मचाने वाली अभिनेत्री ने हाल ही में नहीं कहने का तरीका बताते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया था।



# इराक के प्रस्तावित विवाह कानून पर भड़कीं फातिमा सना शेख, कहा- यह भयानक है

- बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने इराक में लड़कियों के लिए विवाह की कानूनी उम्र घटाकर 9 साल करने के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे भयानक बताया है।

फातिमा सना शेख ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक खबर के लिंक को शेयर कर लिखा, इराक लड़कियों के लिए विवाह की कानूनी उम्र 15 से घटाकर 9 साल करने की योजना बना रहा है। उफ्फ! क्या किसी दुनिया में इसका कुछ मतलब भी है? भयानक है ये। दरअसल, इराक की संसद में एक विधेयक प्रस्तावित है। इस विधेयक में लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र घटाकर 9 साल करने का प्रस्ताव है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक का उद्देश्य देश के पर्सनल स्टेटस लॉ में संशोधन करना है, जो वर्तमान में शादी के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित करता है।

यह इराक के नागरिकों को परिवार मामलों पर फैसला करने के लिए धार्मिक अधिकारियों या सिविल न्यायपालिका के बीच चयन करने की अनुमति देगा। इस विधेयक को लेकर लोगों में काफी गुस्सा भी है। बता दें कि फातिमा ने 1997 में आई फिल्म इश्क में एक बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसमें आमिर खान, अजय देवगन, जूही चावला और काजोल ने अभिनय किया था। उन्होंने 2016 में नितेश तिवारी द्वारा डायरेक्ट की गई दंगल में पहलवान गीता फोगट की भूमिका निभाकर सुर्खियां बटोरी थी।

इसमें सान्या मल्होत्रा ने बबीता फोगट की भूमिका निभाई, जबकि आमिर खान ने महावीर फोगाट का किरदार निभाया था। उन्होंने अपने फिल्मी सफर के दौरान ठग्स ऑफ हिंदोस्तान, आकाशवाणी, लूडो, सूरज पे मंगल भारी, अजीब दास्तान, धक धक और सैम बहादुर जैसी फिल्मों में काम किया है। वह आने वाले दिनों में मेट्रो...इन डिनो और उल जलूल इश्क में नजर आएंगी।



# शिल्पा शिंदे की खतरों के खिलाड़ी 14 में होगी वापसी! एक भूल के कारण हुई थीं शो से बाहर

**खतरों के खिलाड़ी** 14 को शुरू हुए कुछ दिन बीत गए हैं और इस शो से दो कंटेस्टेंट बाहर भी हो गए हैं। पहले आसिम रियाज को उनके बर्ताव के कारण शो से बाहर किया गया और उनके बाद शिल्पा शिंदे की हल्की सी एक चूक ने उन्हें आउट कर दिया। मगर अब खबर आ रही है कि वो शो में वापसी कर सकती हैं। जी हां! शिल्पा को लेकर कहा जा रहा है कि वो वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकरखतरों के खिलाड़ी 14 में जाने वाली हैं। इस खबर पर शिल्पा का रिएक्शन भी सामने आया है। लेटेस्टली से बात करते हुए शिल्पा ने बताया कि उनका शो का अनुभव कैसा रहा है। जब उनसे शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर जाने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने चुप्पी साधे रखी। उन्होंने फैंस का सस्पेंस बनाए रखते हुए कहा, मुझे नहीं पता, इस पर थोड़ा सस्पेंस रहने दीजिए। शिल्पा के इस बयान से भी फैंस को लग रहा है कि वह जल्द शो में दोबारा वापस नजर आ सकती हैं। इसके अलावा शिल्पा ने शो में बाकी कंटेस्टेंट्स के बारे में बाती की। उन्होंने अन्य कंटेस्टेंट्स को बचे बताया है। उनका कहना है कि इस सीजन में जो कंटेस्टेंट्स आए हैं वो बचों की तरह बर्ताव करते हैं। शिल्पा ने शो में खुद को सीनियर और बाकी को जूनियर बताया था। इसके अलावा शो की कंटेस्टेंट अदिति ने उन्हें स्प्लिट पर्सनालिटी कहा था। जिसपर अब शिल्पा ने रिएक्शन दिया है। शिल्पा ने कहा कि उन्हें किसी तरह के कोई कमेंट से दिक्कत नहीं है, लेकिन उन्होंने ये भी बोला कि 'खतरों के खिलाड़ी' को कंटेस्टेंट्स 'बिग बॉस' बनाने पर क्यों तुले हैं। उनका कहना है कि वहां लोग बिना बात की लड़ाई कर के सबका ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं. बता दें कि शिल्पा शो की स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट्स में से एक थीं, जिनके आउट होने से फैंस को काफी हैरानी हुई। शायद ये ही कारण है कि मेकर्स उन्हें वापस लाने का मन बना रहे हों। हालांकि इस पर शिल्पा ने सस्पेंस बनाए रखा और मेकर्स की तरफ से भी कोई सूचना इसे लेकर सामने नहीं आई है।



### अपनी शादी पर बोलीं बिग बॉस विजेता सना

# ऐसी दावत रखूंगी कि...

**बिग** बॉस ओटीटी 3 की विजेता सना मकबूल शो खत्म होने के बाद भी खूब सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री की निजी और प्रोफेशनल जिंदगी में फैंस खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। उनके लिंकअप की खबरें आईं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि सना इन दिनों श्रीकांत को डेट कर रही हैं। यहां तक कि शादी की खबरें भी सामने आईं कि सना कथित बॉयफ्रेंड श्रीकांत के साथ शादी करने की तैयारी में हैं। इस पर सना ने चुप्पी तोड़ी है।

## श्रीकांत के साथ अफेयर से इनकार

सना मकबूल से एक इंटरव्यू के दौरान शादी की प्लानिंग को लेकर पूछा गया। साथ ही कहा गया कि श्रीकांत के साथ शादी की खबरें चल रही हैं। हालांकि, सना ने श्रीकांत के साथ अपने अफेयर से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे मेरे बहुत ही प्यारे दोस्त हैं। शादी की खबरें कैसे फैल गई पता नहीं।

शादी को लेकर कहा, हर लड़की की शादी की प्लानिंग होती है। मैं भी अपनी लाइफ के उस स्टेज पर हूं, जहां फैमिली से भी शादी का प्रेशर है। वो मेरे फ्रेंड हैं, पता नहीं कहां से उन्हें बॉयफ्रेंड बना दिया गया है। वह बहुत अछे दोस्त हैं।

शादी जब होगी आप सबको पता चल जाएगा। वह मेरा हैप्पी मूमेंट होगा। बहुत से लोग आएंगे। पूरी ऐसी दावत रखूंगी कि सब देखते रह जाएंगे।

## यूजर्स कर रहे ट्रोल

सना ने जब से श्रीकांत के साथ अफेयर से इनकार किया है, लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, लोग जब मशहूर हो जाते हैं तो ऐसे क्यों करते हैं। बिग बॉस के घर में सना का मुकाबला फाइनल में रैपर नैजी के साथ रहा था। हालांकि, ट्रॉफी पर सना का ही कब्जा रहा। उनकी जीत से एक तरफ फैंस खुश हैं.

# तनु वेड्स मनु के बाद कंगना के साथ रिश्ते बदल गए थे: आनन्द एल राय



**फिल्म** निर्माता आनंद एल राय अपनी बेहतरीन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। आनंद की बेस्ट फिल्मों की लिस्ट की अगर बात की जाए तो इसमें कंगना रनौत और आर माधवन स्टारर तनु वेड्स मनु और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स का नाम सबसे पहले आता है। ये दोनों ही फिल्मों काफी पसंद की गईं। कंगना को इस फिल्म ने एक नई पहचान दिलाई थी। उनकी कॉमेडी ने फिल्म में जान डाल दी थी। खबरों की मानें तो ये भी सुनने में आया था कि कंगना और आनंद एल राय के बीच कुछ मतभेद हो गया था। हालांकि, उस वक्त तो दोनों ने इस बात पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन अब खुद निर्माता ने इस बात को स्वीकार किया हां उनके रिश्ते काफी बदल गए थे। इसके बाद भी आनंद ने कहा कि अगरतनु वेड्स मनु का तीसरा भाग बना तो वो इस फिल्म में कंगना को ही कास्ट करेंगे।

# उर्फी जावेद की वेब सीरीज फॉलो कर लो यार 23 अगस्त से ओटीटी पर



**सोशल** मीडिया सनसनी उर्फी जावेद अपने अनोखे फैशन के लिए जानी जाती हैं। हालांकि, अब वह नए शो को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जो 23 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगा। इस शो का नाम फॉलो कर लो यार है। जो नौ एपिसोड का होगा। इसमें ऑडियो-विजुअल स्टोरीटेलिंग का एक अनस्क्रिप्टेड कॉन्सेप्ट रखा गया है। एक ऐसी हस्ती, जिसे कुछ लोग नफरत करते हैं और कुछ लोग प्यार करते हैं। लेकिन, इसके बावजूद कोई भी उसे अनदेखा नहीं कर पाता है, फॉलो कर लो यार उर्फी जावेद के इर्द-गिर्द के उन्हीं रहस्य को सामने लाएगा। यह वेब सीरीज उर्फी के जीवन, उसके सफर और मुश्किलों को पार करने के बारे में है। इन्हीं सब बातों को मुख्य रूप से वेब सीरीज में दिखाया जाएगा। साथ ही उर्फी के खराब पारिवारिक जीवन के बारे में भी फोकस होगा। प्राइम वीडियो इंडिया के ओरिजिनल के प्रमुख निखिल मधोक ने एक बयान में कहा, 'महत्वाकांक्षा की कहानियां हमेशा दर्शकों को पसंद आती हैं और लखनऊ की एक साधारण लड़की से देश के सबसे पहचाने जाने वाले चेहरे तक उर्फी की यात्रा किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उन्होंने कहा, उनकी कहानी फैशन और मनोरंजन की दुनिया में अपना अनूठा रास्ता बनाने के संकल्प और जुनून को दिखाती है।